बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 8 मई 2024
वर्ष 5, अंक 43, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शुक्र के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी 16
बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति 15

एक नजर

हिमाचल बोर्ड के 10वीं के नतीजे घोषित

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई) द्वारा मंगलवार को घोषित 10वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया। राज्य की परीक्षा में शामिल हुए कुल विद्यार्थियों में से 74.61 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 92 विद्यार्थियों में 72 लड़कियां हैं, जिन्होंने शीर्ष 10 स्थान हासिल किए हैं।

10 मई को बृजभूषण पर हो सकता है फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत 10 मई को आदेश सुना सकती है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय किया जाए या नहीं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत मंगलवार को आदेश पारित करने वाली थीं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया दिया कि आदेश में कुछ सुधार की जरूरत है।

तीन तस्कर गिरफ्तार, दो किलो हेरोइन बरामद

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की गजसिंहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने स्विफ्ट कार में सवार नाबालिग सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर दो किलो हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन ड्रग ड्रोन के माध्यम से बॉर्डर पार से मंगवाई गई थी, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए सीओ श्रीकरणपुर संजीव चैहान के निर्देशन में संगराना मोड 74 आरबी नहर पुल पर नाकाबन्दी की गई।

अमृतसर में चीन निर्मित एक ड्रोन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र गांव हरदो रतन से एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया इकाई की सूचना पर व्यापक तलाशी अभियान में सैनिकों ने अमृतसर जिले के गांव हरदो रतन में एक घर के बाहरी क्षेत्र से चीन निर्मित ड्रोन बरामद किया।

टीआरएफ के टॉप कमांडर समेत दो आतंकी मारे गए

श्रीनगर, एजेंसी

- कुलगाम में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराया
- बासित डार पर घोषित किया गया था 10 लाख इनाम

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ के टॉप कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिरधी के अनुसार मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान बासित डार के रूप में की गई है, जो द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों को रेडवानी गांव में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद सोमवार रात वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में दो आतंकवादी मारे गए हैं और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन तलाशी अभियान अभी भी जारी है। बिरधी ने बताया कि बासित डार श्रीनगर शहर में हुई घटनाओं सहित 18 मामलों में शामिल था। एनआईए ने 2022 में डार पर 10 लाख का इनाम घोषित किया था।

योगी और प्रो. राम गोपाल के बीच राम मंदिर पर तकरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सपा नेता बोले, मंदिर वास्तु के अनुसार नहीं बनाया गया



- योगी ने कहा, उनका बयान करोड़ों रामभक्तों का अपमान

अमृत विचार : अयोध्या के राम मंदिर को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के एक बयान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। योगी ने राम गोपाल के बयान को हिंदू विरोधी और रामभक्त हिंदू समाज का अपमान बताया है।

सपा नेता राम गोपाल ने एक न्यूज चैनल के संवाददाता से राम मंदिर को बेकार बताते उल्टा सवाल किया कि, मंदिर ऐसे बनाए जाते हैं? मंदिर ऐसे नहीं बनते हैं, पुराने मंदिर देख लीजिए दक्षिण से लेकर उत्तर तक देख लीजिए। नक्शा ही ठीक नहीं बना है। उसे वास्तु के लिहाज से ठीक नहीं बनाया गया है।

सपा नेता के इस बयान पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके बयान से सपा की मंशा सामने आ गई है। योगी ने कहा कि ऐसा बयान सपा व कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन के सच को उजागर करता है। यह लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि राम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जिसने भी ईश्वरीय सत्ता को चुनौती दी है, उसकी दुर्गति हुई है।

कन्नौज में मंदिर धोने को लेकर भी विवाद

मंगलवार को रमईपुर (कानपुर) में जनसभा करने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जिस तरह भाजपाइयों ने कन्नौज में मंदिर को धोया, ठीक वैसे ही अब पीडीए लोकसभा चुनाव में भाजपा को धोने जा रहा है। जनता भाजपा के खिलाफ वोट डाल-डालकर ऐसा धोएगी कि दोबारा नहीं लौटेंगे। दरअसल, सोमवार को अखिलेश यादव ने कन्नौज में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करने से पहले शहर के सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर पूजा की थी। पूजा करते हुए अखिलेश का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया। इस वीडियो में दूसरे समुदाय के कुछ सपा कार्यकर्ता मंदिर प्रांगण में जूता पहनकर टहलते हुए दिखे थे, जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था। देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं की एक टीम मंदिर पहुंची और गंगाजल से धुलाई कर मंदिर की साफ-सफाई की थी।

तीसरा चरण : प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से पड़े वोट

संभल में 62.81 प्रतिशत मतदान

57.34% पूरे प्रदेश में हुई वोटिंग

53.99% आगरा में सबसे कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों के चुनाव में मंगलवार को शाम छह बजे तक कुल 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ। संभल में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत व आगरा में सबसे कम 53.99 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण की अन्य सीटों में हाथरस (अजा) सीट पर 55.36 प्रतिशत, फतेहपुर सीकरी में 57.09 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 58.22 प्रतिशत, मैनपुरी 58.59 प्रतिशत, एटा में 59.17 प्रतिशत, बदायूं में 54.36 प्रतिशत, आंवला में 57.08 प्रतिशत व बरेली में 57.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

संभल के हिंद इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए कतारबद्ध महिलाएं।

संभल में सपा प्रत्याशी-पुलिस में नोकझोंक

संभल। मतदान के दौरान पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। आरोप लगाया कि असमोली विधानसभा क्षेत्र में पुलिस ने कई मतदान केंद्रों पर कतार में लगे वोटरों पर लाठी फटकारी, जिससे कई लोग चोटिल हो गए। इस पर जिला प्रशासन ने सफाई दी कि मतदान केंद्र परिसर में घुसी भीड़ को बाहर कर व्यवस्था बनाने के लिए सख्ती की गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें लोग बाहर भागते नजर आ रहे हैं।

पहले और दूसरे चरण से ज्यादा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले व दूसरे चरण के मतदान की तुलना में इस बार मतदान ज्यादा हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत अधिक रहा। कहा कि मतदान बढ़ाने के लिए समुचित इंतजाम किए गए थे।

मतदान के बाद स्याही का निशान दिखाते पीएम मोदी, अमित शाह और उनकी पत्नी।

11 राज्यों की 93 सीटों पर 61% से अधिक मतदान

- असम में सबसे अधिक 75.30 और महाराष्ट्र में सबसे कम 54.98 प्रतिशत वोट पड़े

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक चला। देश के कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी मतदान के प्रांरभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े। बिहार में 56.55 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.99 प्रतिशत, दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 74.32 प्रतिशत, गुजरात में 56.83 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.22 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 63.13, महाराष्ट्र में 54.98, उत्तर प्रदेश में 57.34 और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत वोट पड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने-अपने गृह क्षेत्र में मतदान किया।

बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद करने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई जांच जारी रहेगी

- शिक्षक भर्ती घोटाला व्यवस्थागत धोखाधड़ी : सुप्रीम कोर्ट
- कोर्ट ने कहा-जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ नहीं बचेगा

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा कि वह जांच के दौरान किसी संदिग्ध को गिरफ्तार करने जैसी कोई जल्दबाजी भरी कार्रवाई न करे। इससे पहले कोर्ट ने कथित भर्ती घोटाले को व्यवस्थागत धोखाधड़ी करार देते हुए कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड संभाल कर रखते। पीठ कलकत्ता हाई कोर्ट के 22 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों से कहा कि सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं... अगर जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ भी नहीं बचेगा।

राधिका खेड़ा, अभिनेता शेखर सुमन भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। जाने माने फिल्म कलाकार शेखर सुमन एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रहीं राधिका खेड़ा मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में शेखर सुमन एवं राधिका खेड़ा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। तावड़े ने दोनों हस्तियों को सदस्यता पर्ची एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की मुहिम से प्रभावित होकर भाजपा का परिवार प्रतिदिन समृद्ध हो रहा है। सुमन एवं खेड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष नड्डा एवं गृहमंत्री शाह के प्रति आभार प्रकट किया तथा देश की प्रगति के लिए यथासंभव योगदान देने की बात कही।

मायावती ने आकाश से छीनी उत्तराधिकारी की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से भी हटाया

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बड़ा फैसला लेते हुए भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। आकाश को नेशनल कोओर्डिनेटर के पद से भी हटा दिया है।

बसपा प्रमुख ने 10 दिसंबर,2023 को भतीजे आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। इससे पहले उन्हें पार्टी का नेशनल कोआर्डिनेटर नियुक्त किया था। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी घोषणा करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि मूवमेंट के व्यापक हित में परिपक्वता आने तक फिलहाल उन्हें इन दोनों जिम्मेदारियों से अलग रखा जाएगा। मायावती ने लिखा कि बसपा एक पार्टी के साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान और सामाजिक परिवर्तन का भी मूवमेंट है जिसके लिए कांशीराम व उन्होंने खुद भी अपनी पूरी जिंदगी समर्पित की है।

हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का छोड़ा साथ

- राज्य सरकार से समर्थन लिया वापस

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया। तीन विधायक-सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है। तीनों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।गोंदर ने कहा कि हम सरकार से समर्थन वापस ले रहे हैं। हम कांग्रेस के साथ हैं। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा की मौजूदा क्षमता 88 की है, जिसमें भाजपा के 40 सदस्य हैं। भाजपा सरकार को पहले जननायक जनता पार्टी के विधायकों और निर्दलीय विधायकों का समर्थन था, लेकिन जजपा के बाद अब निर्दलीय भी साथ छोड़ रहे हैं।

केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की कोर्ट ने 20 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर आदेश नहीं सुनाया। इस बीच, दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी।

केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में धन शोधन का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अगर कल नहीं, तो गुरुवार को सुनवाई कर सकते हैं। अगर गुरुवार को नहीं तो अगले सप्ताह विचार करेंगे। दिल्ली की एक अदालत ने मनीष सिसोदिया की 15 मई तक और बीआरएस की एमएलसी के. कविता की न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ा दी।

मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल, राबर्ट्सगंज से रिंकी लड़ेंगी चुनाव

अनुप्रिया पटेल रिंकी कोल

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना दल (एस) ने दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। मिर्जापुर से तीसरी बार अनुप्रिया पटेल उम्मीदवार बन रहीं हैं। वे वर्तमान में भी जिले की सांसद व एनडीए सरकार में केन्द्रीय मंत्री हैं। इसी तरह अपना दल एस की छानबे विधायक रिंकी कोल को राबर्ट्सगंज संसदीय सीट से उनके ससुर पकौड़ी कोल का टिकट काटकर पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है।

झारखंड नकदी मामला : ईडी ने मंत्री के निजी सचिव को किया गिरफ्तार

रांची, एजेंसी

- रांची में दूसरे दिन भी छापेमारी डेढ़ करोड़ रुपये बरामद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक फ्लैट से 35 करोड़ रुपये नकदी बरामद करने के मामले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने राज्य के सात स्थानों पर नए सिरे से तलाशी भी ली और राजीव कुमार नाम के ठेकेदार से 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 36.75 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से रातभर पूछताछ करने के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों ने जांच में सहयोग नहीं किया और ईडी अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों से बचते रहे। उन्होंने बताया कि राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में ईडी ने सोमवार को शहर में एक फ्लैट पर छापा मारा था जो कथित रूप से संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर का है।

मंत्री के सचिव ने एकत्र किया कमीशनः ईडी

रांची। ईडी ने मंगलवार को कोर्ट को बताया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया था। दावा किया कि मंत्री के ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान के सांठगांठ में शामिल थे।

विशेष कारोबारी सत्र : 18 मई को भी खुलेंगे शेयर बाजार

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने मंगलवार को कहा कि वह शेयर और इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में 18 मई शनिवार को विशेष सत्र का आयोजन करेगा। इस पहल का मकसद किसी प्रकार की बड़ी बाधा या विफलता की स्थिति से निपटने को लेकर तैयारियों का आकलन करना है। विशेष 'लाइव' कारोबारी सत्र के दौरान प्राथमिक साइट की जगह 'डिजास्टर रिकवरी' साइट का उपयोग किया जाएगा। पहला सत्र प्राथमिक साइट (पीआर) से सुबह 9:15 से 10 बजे तक और दूसरा सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगा।

सेलिब्रिटी भी भ्रामक विज्ञापन के लिए जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि मामला

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- विज्ञापन करने के दौरान हस्तियां करें जिम्मेदाराना व्यवहार

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए मंगलवार को कहा कि प्रख्यात और सार्वजनिक हस्तियों को किसी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान जिम्मेदाराना व्यवहार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि किसी विज्ञापन को जारी करने की अनुमति देने से पहले, 'केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम,1994' के अनुसार विज्ञापनदाताओं से एक स्व-घोषणा पत्र हासिल किया जाए।

वर्ष 1994 के इस कानून का नियम-सात एक विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है, जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को इसे भ्रामक विज्ञापनों और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा।

पीठ ने कहा कि प्रख्यात लोगों, 'इन्फ्लुएंसर' और सार्वजनिक हस्तियों द्वारा समर्थन किए जाने से उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने में काफी मदद मिलती है तथा विज्ञापन के दौरान किसी भी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान और उसकी जिम्मेदारी लेते समय उनके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पतंजलि और योग गुरु रामदेव ने कोविड टीकाकरण और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को बदनाम करने का अभियान चलाया। पीठ ने पतंजलि के उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापनों की आलोचना की है। इन विज्ञापनों को अब निषिद्ध कर दिया गया है लेकिन वे विभिन्न इंटरनेट चैनलों पर अब भी उपलब्ध हैं।

एक नजर



23वीं वाहिनी पीएसी का निरीक्षण करते पुलिस महानिरीक्षक आशुतोष कुमार।

डीजी पीएसी पश्चिम जोन ने देखी व्यवस्था

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस महानिरीक्षक पीएसी पश्चिम जोन आशुतोष कुमार ने मंगलवार को 23वीं वाहिनी पीएसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें वाहिनी क्वार्टर गार्द पर जवानों ने सलामी दी। इसके बाद वाहिनी में 200 जवानों के लिए बन रही बैरक का निरीक्षण किया। इसके अलावा जिम्नेजियम हॉल, सीपीसी कैंटीन, आदर्श बैरक, संयुक्त वाहिनी चिकित्सालय में भी गए और वहां की व्यवस्थाएं देखी। इसी तरह परिवहन शाखा सहित वाहिनी परिसर का भी पुलिस महानिदेशक ने निरीक्षण किया है। इस दौरान सेनानायक अमित कुमार ने पुलिस महानिदेशक को पीएसी वाहिनी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कराया। इस मौके पर सहायक सेनानायक मोहम्मद परवेज आलम, शिविरपाल मनोज कुमार, सूबेदार मेजर निमेश कुमार, जगदीश जोशी व अन्य लोग मौजूद रहे।

मां पीतांबरा देवी के जन्म उत्सव पर होंगे कार्यक्रम

मुरादाबाद, अमृत विचार : आदि भवानी पीतांबरा मां बगलामुखी देवी श्री परिवार महायज्ञ समिति ट्रस्ट की ओर से मां पीतांबरा देवी का जन्मोत्सव 20 से 22 मई तक जिगर कॉलोनी में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में मंगलवार को जिगर कॉलोनी स्थित कार्यालय में अध्यक्ष राजेंद्र पाल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। संचालन संयोजक अमित सरीन ने किया। बैठक में तीन दिन होने वाले कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई। इस दौरान प्रशांत रस्तोगी, संजय सिंघल, मुनेंद्र शर्मा, राहिल गुलाटी, पुष्पेंद्र अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, लक्ष्मी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

10 को निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक मंगलवार को नया मुरादाबाद में हुई। इसमें 10 मई को निकलने वाली 20वीं भगवान परशुराम की शोभायात्रा को आकर्षक भक्ति भावना से परिपूर्ण और सनातन संस्कृति को ग्रहण करने वाली शोभा यात्रा पर विचार हुआ। बैठक में यह निश्चित किया गया कि प्रत्येक झांकी पर एक टोली होगी। इसमें 25 से 30 ब्राह्मण सदस्य रहेंगे। उसे झांकी की पूरी तरह से देखरेख करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रदीप शर्मा ने की। इस दौरान विमलेंद्र शर्मा विमल, धवल दीक्षित, सुनील शर्मा, डीके शर्मा विनीत शर्मा, मिथुन शर्मा, संजीव शर्मा, जितेंद्र गौड़, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

तीन तलाक व प्रताड़ना के आरोप में ससुराल के नौ लोगों पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पीड़िता ने निकाह के दो साल में ही तीन तलाक देने वाले पति और प्रताड़ित करने वाले अन्य ससुराल वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। मुगलपुरा थाने में दर्ज हुए मामले में पीड़िता ने पति समेत नौ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगमा बेगम ने पुलिस को बताया है कि उनका मायका बरबलान में जामा मस्जिद के पास है। उन्होंने बताया कि उनका निकाह दो वर्ष पहले खुशी मोहम्मद पुत्र इरफान के साथ हुआ था। उनकी ससुराल रामपुर जिले में थाना टांडा के सहरियसा नरपत में है। नगमा ने बताया कि वह पहले से तलाकशुदा थीं। ये तलाक उन्होंने खुशी मोहम्मद की मोहब्बत के चक्कर में अपने पूर्व पति को दिया था। जब खुशी मोहम्मद से उनका निकाह हो गया तो सास नजमा, ससुर इरफान, ननद शाइस्ता, रुखसाना, खसमीनाज और जेठ आस मोहम्मद व नंदोई माजिद एवं अकील ने अतिरिक्त दहेज मांगना शुरू कर दिया। पांच लाख रुपये की मांग के चक्कर में उसे प्रताड़ित करने लगे। पति ने उसे तलाक देकर घर से भी निकाल दिया। पीड़िता का कहना है कि वह महिला थाने गई थी, जहां आरोपियों को बुलाया गया था मगर वह लोग नहीं आए थे। इस मामले में मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर उसके नौ ससुरालीजन के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

ज्यादा किराया देने के बाद भी दुश्वारियों भरा सफर

गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच रहीं समर स्पेशल ट्रेनें, लंबी दूरी के यात्रियों को हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रेलवे प्रशासन द्वारा संचालित की जा रही स्पेशल ट्रेनें भी यात्रियों को परेशान कर रही हैं। जबकि स्पेशल ट्रेनों का किराया भी ज्यादा है, उसके बाद भी यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर हैं। गर्मी में संचालित की जा रही स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। अगर एक सप्ताह की बात करें तो स्पेशल ट्रेनें 10 से 20 घंटे की देरी से पहुंची हैं। जिससे भीषण गर्मी में यात्रियों का बुरा हाल हो रहा है।

गर्मी के मौसम में रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। जिसके चलते लोग सफर को आसान करने के लिए समर स्पेशल ट्रेनों में ज्यादा पैसा देकर टिकट बुक करा रहे हैं। लेकिन स्पेशल ट्रेनों में भी यात्रियों के साथ धोखा हो रहा है। क्योंकि दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। जिसके चलते यात्री ज्यादा किराया देने के बाद भी सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में स्पेशल ट्रेनें अपने निर्धारित समय से नहीं पहुंची हैं। ट्रेन संख्या 04623 एसएमवीडी कटरा समर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 11 घंटे दो मिनट की देरी से पहुंची। ट्रेन संख्या 04310 गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन अपने तय समय से दो घंटे 48 मिनट की देरी से पहुंची। वहीं ट्रेन संख्या 04350 दिल्ली-मुरादाबाद स्पेशल भी एक घंटा 42 मिनट देर से पहुंची।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

मंगलवार को देरी से पहुंचीं कई प्रमुख ट्रेनें

मुरादाबाद, अमृत विचार : पंजाब में चल रहे किसानों के आंदोलन के चलते ट्रेनों का संचालन बिगड़ा हुआ चल रहा है। मुरादाबाद से होकर जाने वाली ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। पंजाब के अंबाला में चल रहे किसान आंदोलन के चलते रेलवे प्रशासन ने काफी ट्रेनों को रद्द करने के साथ-साथ कई ट्रेनों का मार्ग भी बदला है। मार्ग बदलने के चलते ट्रेनों का संचालन बिगड़ गया है। जिसकी परेशानी यात्रियों को उठानी पड़ रही है। मंगलवार को ट्रेन संख्या 15035 उत्तराखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस एक घंटा 12 मिनट, ट्रेन संख्या 14618 जनसेवा एक्सप्रेस तीन घंटे 56 मिनट, ट्रेन संख्या 12203 अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस 16 घंटे 18 मिनट, ट्रेन संख्या 22446 कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस छह घंटे 15 मिनट की देरी से पहुंची। जिसके कारण रेलवे स्टेशन यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान दिखाई दिए।

बिजलीघर में तोड़फोड़, एसएसओ व लाइनमैन को पीटा

12 घंटे आपूर्ति ठप रहने पर भड़के उपभोक्ताओं का हंगामा, पुलिस ने समझा-बुझाकर किया शांत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बिजली उपकरणों में फाल्ट के बाद बिजली कर्मचारियों के फोन न उठाने पर उपभोक्ता भड़क गए। परेशान उपभोक्ताओं ने सोमवार की रात कांशीराम विद्युत उपकेंद्र में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। इतना ही नहीं ड्यूटी पर तैनात एसएसओ अरबाज व लाइनमैन मुबारक को पीट दिया। दोनों कर्मचारियों ने जेई के कमरे में घुसकर जान बचाई। भीड़ को दरवाजा तोड़ते देख वे दोनों पीछे के दरवाजे से भाग निकले।

दोनों कर्मचारियों ने विद्युत निगम के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। उपकेंद्र पर हंगामा कर रहे लोगों को शांत करने के लिए विद्युत निगम के अधिकारियों को पुलिस का सहारा लेना पड़ा। हालांकि, विद्युत निगम की ओर से हंगामा करने वालों के खिलाफ पुलिस को कोई तहरीर अभी तक नहीं दी गई है। इस घटना के दौरान 15 हजार लोगों को लगातार 12 घंटे से अधिक बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी।

उपभोक्ता बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों की फोन न उठाने की वजह से काफी परेशान हैं। सोमवार की रात बुद्धि विहार के कांशीराम नगर विद्युत उपकेंद्र पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। दरअसल, सोमवार रात आठ बजे बुद्धा पार्क के पास केबल बॉक्स में आग लग गई। जिससे उपकेंद्र से जुडे.15 हजार उपभोक्ता बुद्धा पार्क कांशीराम नगर व च्वाइस बैंक्वेट हाल मार्ग के रहने वालों की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई। जिसके दो घंटे बाद तक बिजली न आने पर लोगों ने कांशीराम विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों को फोन मिलाना शुरू कर दिया। दस बजे तक पूरे क्षेत्र के लोग फोन न उठाने की बात से परेशान हो चुके थे। कुछ ही देर में कांशीराम विद्युत उपकेंद्र पर लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई।

विद्युत उपकेंद्र पर ताला डालकर एसएसओ अरबाज और लाइनमैन मुबारक अंदर बैठे थे। लोगों की भीड़ बाहर आवाज लगाकर बिजली भागने का कारण और आने के समय के बारे में जानकारी कर रही थी। देखते ही देखते भीड़ ने विद्युत उपकेंद्र के दरवाजे का ताला तोड़ दिया। भीड़ ने दोनों की पिटाई कर दी। जैसे-तैसे बचकर जेई के कमरे में जाकर दोनों ने अपनी जान बचाई। भीड़ ने वहां भी पीछा नहीं छोड़ा और कमरे के गेट को तोड़ना शुरू कर दिया। यह देख दोनों कर्मचारी पीछे के दरवाजे से भाग निकले।

इस पर गुस्साई भीड़ ने जेई के कमरे में रखे कंप्यूटर, फर्नीचर और अन्य सामानों को भी तोड़ा। भागते-भागते एसएसओ ने उच्च अधिकारियों को फोन कर घटना की जानकारी दी। इस पर अधिशासी अभियंता प्रथम सुधाकर कुमार रात को ही मौके पर पहुंच गए। जहां बेकाबू भीड़ को देख उन्हें पुलिस बुलानी पड़ी। फकीरपुरा पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस भी भीड़ पर काबू पाने में विफल हो गई। जिसके बाद मझोला थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जिसे देख भीड़ भाग खड़ी हुई।

तब जाकर अधिशासी अभियंता प्रथम ने विद्युत केंद्र में पहुंचकर मामले की जानकारी की। विभाग की ओर से अभी तक मारपीट, तोड़फोड़ और हंगामा करने वालों के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई है। घटना के दौरान सोमवार की रात आठ बजे से मंगलवार की दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

कांशीराम नगर बिजलीघर में तोड़फोड़ के बाद जानकारी देते एसएसओ अजय कुमार।

दीनबंधु पुरम विद्युत केंद्र के बाहर खड़े क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

घायल लाइनमैन मुबारक। ● अमृत विचार

दीनबंधु पुरम विद्युत केंद्र पर भी हंगामा

मुरादाबाद, अमृत विचार : इसी बीच दीनबंधु पुरम विद्युत उपकेंद्र पर भी रात 12 बजे लोगों की भीड़ जमा हो गई। उपकेंद्र पर जमा भीड़ ने हंगामा करना शुरू कर दिया। वहां मौजूद एसएसओ अंकुर ने बताया कि सोमवार की रात 12 बजे उपकेंद्र से थोड़ी दूरी पर अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट हो गया। जिससे रात दो बजे गुस्साए लोगों ने उपकेंद्र पर जमकर हंगामा किया। किसी तरह लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेजा गया। फाल्ट अंडर ग्राउंड होने पर मंगलवार की दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति 12 घंटे तक बाधित रही। विद्युत उपकेंद्र पर दोपहर तक लोगों की भीड़ लगी रही।

● बिजली कर्मचारियों की उपभोक्ताओं के फोन न उठाने की आदत पड़ी महंगी, 12 घंटे बिजली कटौती से परेशान रहे लोग

अधिकारी ठंडे बस्ते में डाल रहे जेई के निलंबन का मामला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● जांच कमेटी के लिए अभी तक नियुक्त नहीं किए अधिकारी

अमृत विचार: बिजली विभाग में ठेकेदार से सांठगांठ कर उपकरणों के गबन करने के मामले में निलंबित हुए दो जूनियर इंजीनियर का मामला विभाग के उच्च अधिकारी ठंडे बस्ते में डालते नजर आ रहे हैं। चार दिन पहले पकड़े में आए मामले को लेकर मुख्य अभियंता ने दोनों आरोपी इंजीनियरों के खिलाफ जांच कमेटी गठित करने की बात कही थी। फिलहाल अभी कमेटी में नियुक्त अधिकारियों को कोई आदेश नहीं दिया गया है।

मुख्य अभियंता आरके बंसल मेरठ से अधीक्षण अभियंता पंकज अग्रवाल के निरीक्षण में उपकरणों के गबन व जेई के निलंबन मामले को लेकर गंभीर थे। उन्होंने मामले की जांच के लिए कमेटी बैठाने की बात कही थी। जिससे मामले की हकीकत सामने आ सके और इस मामले में शामिल और लोगों का भी पता लग सके।

हालांकि जांच से पहले हुई कार्रवाई में मामले से संबंधित तत्कालीन एसडीओ भी कार्रवाई के घेरे में आ चुका है। मुरादाबाद के अधीक्षण अभियंता मनीष चोपड़ा ने संबंधित तत्कालीन एसडीओ पर कार्रवाई करने के लिए विभाग की एमडी चैत्रा बी को भी पत्र लिखा है। लेकिन अब निलंबित दोनों जेई एक टीपी नगर के कुंवर क्रांति और दीनबंधु पुरम के अनुज कुमार के मामले में जांच कमेटी बैठाने को लेकर विभाग की ओर ढिलाई बरती जा रही है। हालांकि मुख्य अभियंता ने जांच कमेटी की कमान अधिशासी अभियंता द्वितीय शैलेंद्र सिंह को सौंपने के साथ दो एसडीओ को भी जांच कमेटी का सदस्य बनाए जाने की बात कही थी। जांच अधिकारी शैलेंद्र सिंह से मामले की जांच रिपोर्ट के बारे जानकारी करने पर पता चला कि जांच कमेटी की बात हवा हवाई है। जांच कमेटी में रखे अधिकारियों को कोई भी निर्देश नहीं मिले हैं। कार्रवाई को लेकर लगता है कि विभाग मामले को ठंडे बस्ते में डालने में लगा है। वहीं आरोपी जेई भी अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत ठहराते हुए कमेटी की जांच प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि मामला विभाग की एमडी चैत्रा बी के संज्ञान में आ चुका है।

हरथला, आशियाना में 20 घंटे झेलनी पड़ी बिजली कटौती

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में जगह-जगह फाल्ट से एसएसपी आवास समेत शहर के आधा दर्जन मोहल्लों में सुबह से दोपहर दो बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सोमवार और मंगलवार की रात पीली कोठी विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी साकेत कालोनी में वर्षों पुराना एक आम का पेड़ 11 हजार की विद्युत लाइन पर गिर गया। जिससे एसएसपी आवास के अलावा 150 उपभोक्ताओं को 5 घंटे लगातार बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा। वहीं सोमवार की शाम कांठ रोड पर हरथला मोहल्ले के मंगल बाजार में एरियल बंच कंडक्टर वायर में फाल्ट हो गया। जिसे बिजली विभाग के कर्मचारी अगले दिन दोपहर बाद 4 बजे तक सही कर पाए। जिससे हरथला मोहल्ले और आशियाना कालोनी के रहने वाले 4500 उपभोक्ताओं को 20 घंटों से अधिक कटौती की मार झेलनी पड़ी।

रेलवे टीम ने किसान एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में पकड़ीं अनधिकृत ब्रांड की पानी की पेटियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंगलवार को रेलवे की टीम ने धनबाद जा रही किसान एक्सप्रेस ट्रेन की पेंट्रीकार से अनधिकृत ब्रांड के पानी की बोतलों की पेटियां बरामद की है। गर्मी बढ़ते ही ट्रेनों की पेंट्रीकार में रेल नीर की आड़ में दूसरी कंपनी का पानी बेचा जा रहा है। रेलवे स्टेशन और चेकिंग टीम ने मुरादाबाद में 38 पेटियों और खुली पानी की बोतलों को पकड़ा, साथ ही पेंट्रीकार के मैनेजर विनोद यादव को भी हिरासत में ले लिया है।

मंगलवार को किसान एक्सप्रेस ट्रेन में अनाधिकृत ब्रांड की पानी की बोतले पकड़ी गईं। ट्रेन की पेंट्रीकार में पानी की पेटियां रखी थी। स्टेशन पर चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ ने पेंट्रीकार में रखा पानी उतार लिया। रेलवे टीम ने पेंट्रीकार के मैनेजर विनोद यादव को भी पकड़ा है। स्टेशन अधीक्षक महेन्द्र कुमार व सीएमआई जेके ठाकुर ने बताया कि ट्रेन की पेंट्रीकार से 38 पेटियां बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि बरामद पानी अनधिकृत ब्रांड का था। पानी की पेटियों को जब्त कर मैनेजर को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान डिप्टी एसएस कुंवर सिंह नौटियाल, सीआईटी स्टेशन विजयंत शर्मा, सुशील सिन्हा, अतुल कुमार, नेहा चौहान, आरपीएफ ईश्वर सिंह मीणा, लवली सिंह शामिल रहे।

किसान एक्सप्रेस ट्रेन से बरामद हुई अनधिकृत ब्रांड की पानी की बोतलों की जांच करती रेलवे की टीम। ● अमृत विचार

प्रोजेक्ट अलंकार से सुधरेगी जनपद के 7 स्कूलों की दशा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कवायद

● नए सिरे से होगा भवनों का निर्माण, राजकीय विद्यालय में जल्द शुरू होगा काम

अमृत विचार: राजकीय हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेजों के जर्जर भवनों के दिन अब सुधरने वाले हैं। इसके लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत विद्यालयों के जर्जर भवन गिराए जाएंगे। नए सिरे से भवनों के निर्माण कराए जाएंगे। इसके लिए समिति भी गठित होगी। जनपद में इस प्रोजेक्ट के तहत सात स्कूलों की दशा सुधरेगी।

राजकीय विद्यालयों की दशा सुधारने की दिशा में सरकार गंभीर हुई है। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चिह्नित विद्यालयों के जर्जर भवनों को गिराकर नए भवन बनाए जाएंगे। इसके तहत राजकीय विद्यालयों में जर्जर भवन, पेयजल, शौचालय, चहारदीवारी, फर्नीचर व रंगाई-पुताई आदि कार्य कराए जाएंगे। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि इसके तहत 2022-23 में जीआईसी, जीजीआईसी लाइनपार, जीआईसी पाकबड़ा, जीआईसी भोजपुर, जीआईसी ठाकुरद्वारा, जीआईसी नगलिया जट्ट समेत कुल सात राजकीय विद्यालयों का कायाकल्प किया जाएगा। हालांकि अभी इनके लिए बजट नहीं आया है। इसमें जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित करने का प्रस्ताव है। इसमें मुख्य विकास अधिकारी, डीआईओएस व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शामिल होंगे। वहीं तहसील स्तर पर एडीएम की अध्यक्षता में एक उप समिति भी गठित की जाएगी। इसमें तहसीलदार, संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य व लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सदस्य होंगे। इसी प्रकार प्रस्ताव तैयार करने के लिए भी समिति गठित की गई है।

क्या है प्रोजेक्ट अलंकार

प्रोजेक्ट अलंकार उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत पुराने हो चुके जर्जर स्कूलों के भवनों का पुनर्निर्माण और स्कूलों का सुंदरीकरण किया जाएगा। स्कूलों को आधुनिक बनाने के लिए 2022-23 के लिए रुपये आवंटित किए गए हैं।

लापरवाही कहीं गैस पाइप लाइन तो कहीं सीवरेज लाइन बिछाने में टूट रही पेयजल पाइपलाइन

कार्यदायी संस्थाओं की कार्यशैली नागरिकों पर भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : महानगर में कार्यदायी संस्थाओं की लापरवाही गर्मी में नागरिकों पर भारी पड़ रही है। कहीं गैस पाइप लाइन तो कहीं सीवरेज पाइप लाइन डालने के कार्य में लापरवाही से पेयजल पाइपलाइन टूट रही है। जिससे गर्मी में लोगों को पेयजल की किल्लत झेलनी पड़ रही है।

महानगर के चंद्र नगर मोहल्ले में पिछले दिनों गैस पाइप लाइन बिछाने के कार्य में लापरवाही के चलते पेयजल पाइप लाइन टूट गई थी। जिससे चंद्रनगर में हजारों लोगों को पीने के पानी की दिक्कत हुई। नगर आयुक्त के निर्देश पर अधिशासी अभियंता जल ने इस लापरवाही पर टोरेंट गैस लिमिटेड पर 9.42 लाख का जुर्माना लगाया था। यही स्थिति रामगंगा विहार व आशियाना फेज दो में कई जगह सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के कार्य में टूटी पेयजल पाइप लाइन से कई दिनों तक सड़क पर बहते पानी की रही। जबकि घरों में लोग पानी के लिए तरस गए। सीवरेज पाइप लाइन का कार्य कर रही जल निगम की कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस की ओर से की गई लापरवाही से अभी भी गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। जिससे सड़क पर आवाजाही प्रभावित हो रही है। कई जगह खुले मैनहोल और गड्ढों में लोगों के गिरकर चोटिल होने की आशंका बनी है। रात में स्ट्रीट लाइन खराब वाले क्षेत्रों में दुर्घटना की आशंका बनी है। वहीं यदि बरसात शुरू हो गई तो इन मोहल्लों में गड्ढों में पानी भरने से तालाब की स्थिति बन जाएगी। नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं को कार्य में तेजी लाकर जल्द अपना काम पूरा करने का निर्देश दिया है। लापरवाही पर जुर्माना लगाने और प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए भी कहा है।

रामगंगा विहार में सीवर पाइप लाइन के लिए खोदाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

● चंद्र नगर में पेयजल पाइपलाइन तोड़ने की लापरवाही पर टोरेंट गैस लिमिटेड पर लगा था 9.42 लाख का जुर्माना

किशोरी को फुसलाकर ले जाने पर एफआईआर

मुरादाबाद, अमृत विचार : किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पीड़िता के पिता ने आरोपी के विरुद्ध मझोला थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

किशोरी के पिता ने एसएसपी को बताया कि उनकी बेटी की आयु अभी 14 साल है। 8 अप्रैल की रात करीब तीन बजे के दौरान उनकी बेटी को राजस्थान का युवक बहला फुसलाकर ले गया। 16 अप्रैल को उनकी बेटी का फोन आया। उनकी बेटी को राजस्थान के भरतपुर के थाना डींग क्षेत्र के कसोट का निवासी राम पुत्र गनपत बहला-फुसलाकर ले गया है। बेटी मकान मालिक का ताला तोड़कर अपने साथ 5 लाख रुपये भी ले गई है। किशोरी के पिता का आरोप है कि आरोपी वशीकरण का भी काम करता है। वह शादीशुदा है और उसकी पत्नी का नाम व मोबाइल नंबर भी पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया है।

गेहूं खरीद में मुरादाबाद संभाग लखनऊ से आगे, प्रदेश की रैंकिंग में मिला दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गेहूं खरीद में मुरादाबाद संभाग लखनऊ से भी आगे आकर दूसरे स्थान पर पहुंचा है। जबकि बरेली सर्वाधिक खरीद के साथ टॉप फाइव में प्रथम स्थान पर है। मुरादाबाद संभाग में अब तक 76,396 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। जबकि 13,46,89 मीट्रिक टन के साथ बरेली संभाग पहले स्थान पर है।

प्रदेश में सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद शासन की प्राथमिकता है। शासन की नीतियों को साकार करते हुए मुरादाबाद संभाग प्रदेश में टाप फाइव की सूची में दूसरे स्थान पर है। यहां अब तक 76,396 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हुई है। जबकि पहले स्थान पर बरेली मंडल में 1,34,689 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। मुरादाबाद संभाग की स्थिति प्रदेश की राजधानी लखनऊ से भी बेहतर है। लखनऊ खरीद के मामले में चौथे और चित्रकूट मंडल पांचवें स्थान पर बना है। लखनऊ में 55,274 और झांसी में 65,584 मीट्रिक टन खरीद हुई है।

● पहले स्थान पर बरेली बरकरार मुरादाबाद संभाग दूसरे, तीसरे पर झांसी व चौथे पर लखनऊ चित्रकूट मंडल पांचवें स्थान पर

गेहूं खरीद में पांच शीर्ष संभाग की स्थिति

मंडल	खरीद (मीट्रिक टन में)
बरेली	1,34,689
मुरादाबाद	76,396
झांसी	65,584
लखनऊ	55,274
चित्रकूट	48,203

जिलेवार रैंकिंग में मुरादाबाद 10वें नंबर पर

गेहूं खरीद की जिलेवार रैंकिंग में मुरादाबाद जनपद 21,554 मीट्रिक टन खरीद के साथ 10वें स्थान पर है। शाहजहांपुर 59,102 मीट्रिक टन खरीद के साथ टॉप पर है। जबकि जालौन दूसरे, बरेली तीसरे, पीलीभीत चौथे, खीरी पांचवे, रामपुर छठे, हमीरपुर सातवें, झांसी आठवें, संभल नौवें स्थान पर है।

> मुरादाबाद संभाग खरीद में पहले से बेहतर स्थिति में है। प्रदेश में गेहूं खरीद के मामले में मुरादाबाद मंडल दूसरे स्थान पर है। जो लखनऊ से भी बेहतर स्थिति है। इसमें और तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों व खरीद एजेंसियों के प्रभारियों को दिया है। जल्द ही आंकड़े और बेहतर होंगे।
>
> – **मनोज कुमार**, संभागीय खाद्य नियंत्रक

शहर में आज

- गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में इनडोर खेल दोपहर 12 बजे से।

एक नजर

मतदान के चलते थमा रोडवेज बसों का संचालन

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंडल में संभल लोकसभा सीट पर मंगलवार को मतदान हुआ। मतदान के चलते रोडवेज बसों का संचालन थमा रहा। मुरादाबाद से संचालित चंदौसी, आगरा व संभल रूट की बसें लगभग खाली रहीं। मुरादाबाद से संभल और कुंदरकी-चंदौसी के लिए बसें नियमित चलती हैं। चंदौसी से अलीगढ़ व आगरा के लिए यहां पीतल नगरी डिपो की बसें संचालित होती हैं। मंगलवार को संभल लोकसभा सीट पर चल रहे मतदान से बस संचालन प्रभावित रहा। एआरएम प्रेम सिंह ने बताया कि मतदान के कारण दोनों रूटों पर सभी बसें नहीं चलीं। लगभग आधी संख्या में बसों का संचालन हो सका।

मैनाठेर में मतदान के लिए लाइन में लगे मतदाता। ● अमृत विचार

मैनाठेर क्षेत्र में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

संवाददाता, मैनाठेर

अमृत विचार: मैनाठैर क्षेत्र में मंगलवार को संभल लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कई क्षेत्रों में पुलिस के साथ बहस और विरोध के बीच वोटिंग चलती रही। समय बढ़ने के साथ साथ मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता चला गया।

सुबह से ही मतदान केंद्रों पर महिला, पुरुषों व युवाओं में जोश देखने को मिला। क़स्बा महमूदपुर माफ़ी के जूनियर हाई स्कूल में सुबह से ही वोटरों की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई तो नगलिया मश्कूला, असालत नगर बघा, मैनाठेर, असदपुर, डींगरपुर, रसूलपुर, ललबारा, ताहरपुर, जटपुरा, फरीदपुर आदि गांवों में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। दोपहर में जैसे-जैसे धूप तेज होने के साथ गर्मी बढ़ी वैसे-वैसे वोटरों की भीड़ कम होती गई। मैनाठेर थाना इंचार्ज सर्वेंद्र शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में चुनाव शान्तिपूर्ण हुआ है।

कुंदरकी-बिलारी विधानसभा क्षेत्र में हुआ मतदान, कुछ मतदान केंद्रों पर हुई मामूली झड़प

बूथों पर दिनभर दौड़ते रहे पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को क्षेत्र में मतदान संपन्न हुआ। यह चुनाव जिले की दो विधान सभा क्षेत्र कुंदरकी और बिलारी में हो रहा था। मतदान के दौरान कुछ जगह पर झड़प भी हुई हैं। वैसे कहीं भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं आई। मतदान को लेकर पुलिस-प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर रखी थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगाह थी और मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रशासन भी अलर्ट दिखा।

एसएसपी हेमराज मीना अपनी पूरी टीम के साथ मतदान केंद्रों पर सुबह से ही निरीक्षण को निकल गए थे। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया नगर क्षेत्र के सीओ और थानाध्यक्षों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे तो एसपी देहात संदीप कुमार मीना ग्रामीण क्षेत्र के थाना क्षेत्र के मतदान केंद्रों की खबर लेते रहे। वहीं, मतदान के दौरान सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट लगातार अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहे थे। आठ बैरियर पर लगी पुलिस टीमें संदिग्ध वाहनों और उसमें सवार लोगों की सघन तलाशी ली है।

एसपी सिटी ने बताया कि उन्होंने कटघर, पाकबड़ा, मझोला, मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे हैं। एसपी सिटी पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोट, कंपोजिट विद्यालय सिरसखेड़ा में सुरक्षाकर्मियों से भी व्यवस्था को लेकर बातचीत की। इसी तरह एसपी देहात बिलारी में कंपोजिट विद्यालय कन्या सहसपुर में सुरक्षा लगे कर्मियों से हाल जाना।

कंपोजिट विद्यालय बिलारी में बूथ का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, एसएसपी हेमराज मीना व अन्य। ● अमृत विचार

बाकीपुर में भाजपा एजेंट को पीटा

कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव बाकीपुर में भाजपा एजेंट और अन्य में विवाद हो गया था। इन लोगों के बीच आपस में जमकर मारपीट भी हुई। एक पक्ष के लोगों ने भाजपा एजेंट को जमकर पीटा भी है। जिससे वह घायल हो गया था। खैर, पुलिस ने मौके पर पहुंच बीच-बचाव कराया। इसके बाद घायल एजेंट को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी ले गए थे। थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि बीकापुर में जो विवाद हुआ है वह मतदान केंद्र पर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह विवाद चुनाव को लेकर नहीं एक युवती को लेकर हुआ था।

कुंदरकी और बिलारी में जमकर बरसे वोट, 66.06 प्रतिशत मतदान

संभल लोस चुनाव: मतदाताओं में दिखा जोश, पहले दो घंटे में 16.50 प्रतिशत ने डाला था वोट, कड़ी धूप में कम नहीं हुआ उत्साह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाले मुरादाबाद जिले की बिलारी और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में कड़ी धूप में भी मतदाताओं ने उत्साह दिखाया। इस सीट के अन्य विधानसभाओं की तुलना में कुंदरकी और बिलारी में जमकर वोट बरसे। सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई तो समय के साथ मतदान तेज हुआ। पहले दो घंटे में जहां 16.50 प्रतिशत वोट पड़े थे जो दिन में शाम छह बजे तक 66.06 प्रतिशत पर पहुंच गया। संभल सीट से सपा प्रत्याशी जियाउर रहमान बर्क कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वहीं भाजपा से परमेश्वर लाल सैनी और बसपा से पूर्व विधायक सौलत अली चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं।

मुरादाबाद जिले के बिलारी में 3,58,706 और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में 3,92,233 मतदाता हैं। इन दोनों विधानसभाओं के 7,50,929 मतदाता संभल लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के भाग्यविधाता हैं। तेज धूप में भी मतदाता अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य का पालन करने में डटे रहे। कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में बूथों पर लंबी कतार लगी रही। हालांकि दोपहर में लाइन थोड़ी कम हुई। लेकिन, तीन बजे के बाद लाइन में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई। सुबह के पहले दो घंटे में 9 बजे तक 16.50 प्रतिशत मतदान हुआ था। जो दोपहर 11 बजे 33.33 प्रतिशत पर पहुंच गया। 11 बजे तक कुंदरकी में 34.83 प्रतिशत और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में 31.70 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में मिलाकर एक बजे तक 45.81 प्रतिशत मतदान हुआ है। कुंदरकी में 47.21 और बिलारी विधानसभा क्षेत्र के 44.27 प्रतिशत और तीन बजे तक 56.48 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकारी का प्रयोग किया। शाम तक यह आंकड़ा 66.06 प्रतिशत तक पहुंच गया। जिसमें कुंदरकी में 67.48 और बिलारी में 64.50 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डालकर प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में लॉक कर दी। 4 जून को मतगणना होगी।

- **11 बजे तक कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में 33.33 और 3 बजे तक हुआ 56.48 प्रतिशत मतदान**

प्राथमिक विद्यालय मछरिया में मतदान करने के लिए लाइन में लगी महिलाएं। ● अमृत विचार

अपने मत का प्रयोग करने के लिए लाइन में लगे मतदाता। ● अमृत विचार

2,54,895 मतदाताओं ने नहीं डाला वोट

मुरादाबाद, अमृत विचार : वैसे तो कुंदरकी और बिलारी विधानसभा के मतदाताओं ने संभल लोकसभा सीट पर अपने जज्बे से मतदान प्रतिशत को बढ़ाया। इन दोनों विधानसभाओं के 66.06 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। फिर भी 2,54,895 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। कुंदरकी में 3,92,233 और बिलारी विस में 3,58,706 मतदाता पंजीकृत थे। इन दोनों विधानसभाओं को मिलाकर कुल मतदाताओं की संख्या 7,50,939 थी। लेकिन मतदान के आखिरी समय तक बूथों पर केवल 4,96,044 वोट ही पड़े। इस प्रकार इन दोनों विधानसभाओं के 7,50,939 मतदाताओं में से 2, 54,895 ने वोट नहीं डाला। कुंदरकी विधानसभा में 2,64,679 मतदाताओं ने वोट डाला। जबकि बिलारी में 2,31,365 वोटरों ने अपना फर्ज निभाया।

डीएम ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : डीएम मानवेंद्र सिंह ने मंगलवार को कुंदरकी और बिलारी के संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्देश दिया। कहा कि यदि कोई दिक्कत हो तो तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को बताएं। इस दौरान एसएसपी हेमराज मीना, एसडीएम बिलारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- **सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लगनी शुरू हो गई थी लाइनें**
- **शाम तक लोगों में बना रहा उत्साह युवाओं ने भी पहली बार डाले वोट**

लोकसभा संभल दोपहर 1 बजे तक मतदान प्रतिशत

विधानसभा	मतदान प्रतिशत
कुंदरकी	47.21
बिलारी	44.27
चंदौसी	38.04
असमोली	43.34
संभल	42..01
कुल	42.97

लोकसभा संभल 3 बजे तक मतदान प्रतिशत

विधानसभा	मतदान प्रतिशत
कुंदरकी	57.04
बिलारी	55.25
चंदौसी	46.05
असमोली	54.45
संभल	47.53
कुल	52.24

मतदान करने बच्चों समेत जा रहे बाइक सवार दंपती हादसे में घायल

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान करने जा रहे दंपती रास्ते में हुए हादसे में बच्चों समेत घायल हो गया। फिर वह इलाज के लिए पत्नी-बच्चों को जिला अस्पताल लाया और इलाज कराने के बाद गांव निकला है। राहुल पुत्र महेश पाल ने बताया कि वह बहजोई थाना क्षेत्र के गांव रायपुर कला के रहने वाले हैं। उनके जिले में लोकसभा क्षेत्र संभल के लिए मंगलवार को मतदान था। मतदान के कारण आज उन्हें काम से छुट्टी भी मिल गई थी। इसलिए पत्नी व बच्चों को लेकर बाइक से गांव जा रहे थे। वह मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र में सहसपुर में किराए के भवन में रहते हैं और वहीं रोजगार करते हैं। उन्होंने बताया कि वह मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर बाइक से जा रहे थे। उनके साथ पत्नी कुसुम और बच्चे लव-कुश व अनाया थे। अनाया पत्नी की गोद में थी। हाईवे पर बिलारी टोल प्लाजा के आगे कुछ दूरी पर उनकी बाइक में पीछे से दूसरी बाइक पर सवार युवक ने टक्कर मार दी। इससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और पत्नी व बच्चे सड़क पर गिरकर घिसट गए थे। इसमें राहुल के हाथ में और पत्नी कुसुम के पैर चोट आई है। तीनों बच्चे भी घायल हुए हैं। मां की गोद में बच्ची अनाया के भी चोट लगी है। लव-कुश भी बाल-बाल बच गए हैं।

मंडी समिति में ईवीएम जमा करने पहुंचे कर्मचारी। ● अमृत विचार

मतदान केंद्रों से खदेड़ दिए गए मतदाता, नहीं डालने दिया वोट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान जहां निर्वाचन आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए न जाने कितने जतन कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर नगर कुंदरकी के जेएलएम इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर अपनी आईडी लेकर पहुंचे मतदाताओं को वहां से पुलिस द्वारा खदेड़ देने का आरोप मतदाताओं ने लगाया गया है।

वोट डालने गए मतदाता बिना वोट डाले अपने घर लौटने को मजबूर हो गए। आधार कार्ड को फर्जी बताने पर एक महिला के दूसरी आईडी के रूप में पासपोर्ट दिखाने के बाद भी महिला का आरोप है कि उसको मतदान नहीं करने दिया गया।

जानकारी के मुताबिक सुबह के समय से दोपहर तक मतदान केंद्र पर सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लगभग 3 बजे नगर स्थित जेएलएम इंटर कॉलेज पर बने मतदान केंद्र पर महिलाएं जब मतदान करने के लिए मतदेय स्थल पर पहुंचीं तो उनको पुलिस ने वहां से खदेड़ दिया। जबकि मतदाताओं के अनुसार उनके पास पहचान पत्र के साथ आधार कार्ड पासपोर्ट व पैन कार्ड आदि मौजूद थे। जब मतदाताओं ने वहां पर मौजूद पुलिसकर्मियों से वोट डालने के लिए बहस की तो पुलिस ने बलपूर्वक मतदाताओं को वहां से खदेड़ दिया। सूचना मिलने पर सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क भी मौके पर पहुंचे तो उनके पहुंचने पर सब कुछ शांत हो गया। लेकिन, जैसे ही वह मतदान केंद्र से चले गए तो फिर वही सिलसिला शुरू हो गया। महिलाएं अपनी आईडी दिखाती रहीं लेकिन, वोट डालने से वंचित रह गईं। उनका आरोप था कि पुलिस उनको वोट डालने नहीं दे रही। जबकि उनमें से कुछ के पास पहचान पत्र के साथ-साथ पासपोर्ट भी है। लगभग 5 बजे पूरे मतदान केंद्र पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। यह सिलसिला तकरीबन 1 घंटे तक चलता रहा। मतदाताओं का आरोप था कि तीन-तीन आईडी होने के बाद भी उनको मतदान करने नहीं दिया जा रहा है और उनको वहां से बलपूर्वक खदेड़ दिया गया। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा मतदाताओं की आईडी सही नहीं होने की बात कही गई। इसी कारण से उनको वहां से लौटाया गया था।

कुंदरकी में अपनी आईडी दिखातीं महिलाएं व अन्य मतदाता। ● अमृत विचार

- **मतदाताओं ने पुलिस पर लगाया वोट न डालने देने का आरोप**

साइबर क्राइम | गूगल पर कस्टमर केयर नंबर पर न करें भरोसा, नहीं तो साफ हो जाएगा बैंक खाता

गूगल पर कस्टमर केयर नंबर...ना बाबा ना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : यदि आपको कस्टमर केयर से कोई हेल्प लेनी है तो गूगल पर नंबर कतई सर्च न करें...अन्यथा आप ठगी का शिकार हो जाएंगे। गूगल पर संबंधित कस्टमर केयर का नंबर जो प्रदर्शित हो रहा है, वह आपको कंगाल कर देगा। जी हां, ऐसे एक नहीं दर्जनों मामले सामने आए हैं।

अप्रैल में बुध बाजार पाकबड़ा का एक युवक कस्टमर केयर वाले नंबर में फंस गए और अपने एक-दो रुपये नहीं बल्कि, 12.35 लाख रुपये गवां दिए हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह बताते हैं कि बिजली, घरेलू गैस, बैंक, आधार कार्ड आदि में कोई भी समस्या होने पर व्यक्ति तुरंत गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च करता है और फिर फोन कर उससे अपनी वित्तीय (बैंक खाता) जानकारी भी शेयर कर देता है। फिर कुछ ही समय में उसके खाते से रुपये चोरी हो जाते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गूगल पर उपलब्ध कस्टमर केयर के अधिकांश नंबर साइबर ठगों के ही हैं। गूगल पर कस्टमर केयर के तौर पर अपना नंबर फीड कराने के लिए साइबर ठग काफी मोटी रकम भी खर्च करते हैं। ऐसे में प्रभारी निरीक्षक आमजन को यही सलाह देते हैं कि वह गूगल पर उपलब्ध कस्टमर केयर के नंबर पर कतई विश्वास न करें। यदि हेल्प के लिए उस नंबर पर कॉल करें भी तो हिसाब से...उसके द्वारा मांगी जा रही जानकारी से सतर्क रहें। उसके कहने पर कोई एप डाउनलोड न करें और न ही उसकी तरफ से शेयर किए गए किसी लिंक पर क्लिक करें। यदि आपके बैंक खाता आदि से संबंधित जानकारी मांगी जा रही है तो पक्का मान लीजिए वह आपको ठगी का शिकार बनाने जा रहा है।

12.35 लाख रुपये बुध बाजार पाकबड़ा के राशिद के चोरी

4 लाख रुपये पीतलनगरी की महिला के चोरी

एटीएम बूथ में फंसे रुपये, मदद मांगी तो 12.35 लाख गवां दिए

पाकबड़ा थाना क्षेत्र के बुद्ध बाजार के राशिद खान (परिवर्तित नाम) 14 फरवरी को एचडीएफसी बैंक के एटीएम बूथ पर 10,000 रुपये निकालने गए थे। खाते से बैलेंस कट गया और उनके रुपये एटीएम बूथ में फंस गए, जो बाहर नहीं निकले। परेशान राशिद ने बूथ पर से ही तुरंत अपने मोबाइल से गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया और समस्या बताने लगे। उधर के व्यक्ति ने जब उनकी बात सुन-समझ ली तो उसने व्हाट्सएप पर दो लिंक भेजे और दोनों एप डाउनलोड कराए। ये एप ''कस्टमर सपोर्ट'' व ''अव्वल डेस्क रिमोट डेस्कटॉप'' थे। इन दोनों एप के डाउनलोड होते ही राशिद का पेटीएम नंबर हैक हो गया। इसके बाद पेटीएम अकाउंट से लिंक बैंक खाते से 11,48,274 रुपये और दूसरी बैंक के खाते से 86,300 रुपये अर्थात कुल 12,34,575 रुपये चोरी हो गए। बैंक खाते से रुपये चोरी होने पर राशिद के पैरों तले जमीन खिसक गई। परेशान राशिद घर गए और इस घटना को भी वह किसी से साझा नहीं कर पा रहे थे। फिर अगले दिन 15 और 16 फरवरी को उन्होंने साइबर हेल्प नंबर 1930 पर कॉल कर आपबीती बताई और अपनी शिकायत दर्ज कराई।

हैक हो गया मोबाइल डाटा, चोरी हो गए 4 लाख

साइबर क्राइम सेल के विशेषज्ञ भी सलाह देते हैं कि गूगल पर मौजूद कस्टमर केयर नंबर पर भरोसा न करें। किसी भी अपरिचित की तरफ से भेजे गए लिंक को न क्लिक करें और न ही कोई एप डाउनलोड करें, अन्यथा आपका मोबाइल का संपूर्ण डाटा हैक हो जाएगा। यहां शिकायत दर्ज कराई पीतल नगरी की एक पीड़िता ने बताया कि उसने एक कंपनी का मेकअप का सामान खरीदा था। काफी महंगा था, दुकानदार ने भी उसके द्वारा खरीदे गए मेकअप के सामान की क्वालिटी को लेकर तारीफ की थी। लेकिन, प्रयोग करने पर उसके चेहरे पर स्किन में दिक्कत आई तो वह विक्रेता के यहां गई थी दुकानदार ने कंपनी का हवाला देकर कहा इसमें उसकी गलती नहीं है। ऐसे में महिला ने गूगल से कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया और फोन कर समस्या बताई। व्यक्ति ने उनकी दिक्कत जानने के बाद व्हाट्सएप पर लिंक भेजा जिसे उन्होंने क्लिक किया। इसके बाद उनके खाते से चार लाख रुपये चोरी हो गए।

समय के साथ बढ़ता रहा मतदान प्रतिशत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: तीसरे चरण में संभल लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने ईवीएम में लॉक कर दिया। कड़ी धूप ने मतदाताओं के धैर्य की परीक्षा ली। सुबह के पहले दो घंटे में 16.50 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। समय के साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ता रहा। युवाओं के साथ बुजुर्गों में भी वोट देने का उत्साह रहा।

बिलारी और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में घड़ी की टिकटिक के साथ वोट प्रतिशत बढ़ता रहा। कुंदरकी विधानसभा के उच्च प्राथमिक विद्यालय मछरिया में मतदाताओं की लंबी कतार दिखी। वहीं मूंढापांडे के सैदपुर पल्ला में मतदान करने के बाद अंगुली पर लगे अमिट स्याही का निशान दिखाकर लोगों ने लोकतंत्र में अपने फर्ज को पूरा करने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई। गोविंदपुर कला में मतदान के बाद गांव में बैठे लोगों ने भी अपने अंगुली पर लगे निशान दिखाए। कहा कि स्वयं के साथ दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ तो पहले दो घंटे में 9 बजे तक 16.50 प्रतिशत वोट पड़े। इसके बाद हर दो घंटे पर मतदान प्रतिशत बढ़ता ही रहा। लेकिन शाम के आखिरी घंटे में कई बूथों पर कतार लगी रही। बिलारी व कुंदरकी विधानसभा में आखिर तक 66.06 प्रतिशत पड़े।

बिलारी व कुंदरकी में मतदान की स्थिति (प्रतिशत में)

विधानसभा	9 बजे	11 बजे	1 बजे	3 बजे	5 बजे	6 बजे
कुंदरकी	17	34.83	47.21	57.60	65.91	67.48
बिलारी	15.95	31.70	44.27	55.25	63.03	64.50
कुल	16.50	33.33	45.81	56.48	64.53	66.06

रुस्तमपुर गांव में मतदान करने के बाद खेत में बैठे लोग निशान दिखाते हुए। ● अमृत विचार

एक नजर

सरकारी स्कूलों में अब हर माह होगी जांच

मुरादाबाद, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों में वित्तीय गड़बड़ी रोकने और त्वरित कार्रवाई के लिए विभाग ने नई पहल शुरू की है। विभाग ने तय किया है कि बीएसए व बीईओ की तरह अब सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी भी हर माह अपने क्षेत्र के स्कूलों का भ्रमण कर वित्तीय मामलों की प्रगति की जांच करेंगे। इस दौरान किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर वे बीएसए को इसकी रिपोर्ट देंगे। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि विभाग ने निर्देश दिया है कि सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी हर माह कम से कम पांच शिक्षण दिवस में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के साथ अलग-अलग विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान पाई जाने वाली वित्तीय कमियों का उल्लेख करते हुए अपनी संस्तुति के साथ संयुक्त रिपोर्ट बीएसए को देंगे।

सुरजन नगर में चैती मेले का आयोजन आज से

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चौकी क्षेत्र में सुरजन नगर -स्योहारा रोड पर फीका नदी के पास श्री श्री108 नलों वाले बाबा के थले पर विगत वर्षों की भांति लगने वाले बैसाखी चैती मेले की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। मेले का आरंभ बुधवार को स्वर्गीय पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार के पुत्र बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत कुमार सिंह रात्रि 8 :00 बजे पूजा अर्चना के बाद करेंगे। यह मेला 27 मई तक चलेगा।

मनमाना 'सिस्टम', पोस्टमार्टम को 'कागज' का लंबा इंतजार

हादसे के बाद निर्धन परिवारों का दुख बांटना तो दूर पोस्टमार्टम में भी लेट-लतीफी, 12:20 बजे दोपहर हुआ पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

05 बजे सोमवार शाम हादसे में दो की मौत। | **11:30** बजे दोपहर पंचनामा के कागज आए।

पोस्टमार्टम हाउस पर निराश खड़े मृतक श्रमिकों के परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मौत के बाद शव के पोस्टमार्टम के लिए भी शोकाकुल परिजन को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। इसकी वजह है मनमाना 'सिस्टम'। सोमवार शाम पांच बजे बुद्धि विहार में गोल चक्कर के पास हुए हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो गई थी। मंगलवार को दोनों श्रमिकों के शव का सुबह 10 बजे तक भी पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। थाने से पोस्टमार्टम हाउस पर पंचनामा के कागज ही नहीं पहुंचे थे।

कारण जानने के लिए मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वह चुनाव करा रहे हैं। कागजों के संबंध में दीवान से बात कर रहे हैं। उधर, दीवान सुखपाल सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि शाम छह बजे के बाद किसी भी शव का सामान्य परिस्थिति में पोस्टमार्टम नहीं होता है और डॉक्टर सुबह 10 बजे के बाद पहुंचते हैं। इसीलिए कागज नहीं भेजे गए थे, अब वह कुछ ही देर में पोस्टमार्टम हाउस पर कागज भेज रहे हैं। पोस्टमार्टम हाउस पर सुबह 10.30 बजे के दौरान पंचनामा के कागज और डॉक्टर के आने के इंतजार में हादसे में मारे गए श्रमिक राजू और करन सिंह के परिजन थे। यहां मौजूद लोगों में अतर सिंह, सुशील, शिवम, आकाश, जय प्रकाश, राजेश पाल, जय, अशोक, तुलाराम, महिलपाल, रोहित, विजेंद्र, हंसराज, सूरज, विशाल समेत कई अन्य लोग थे। ये सभी, एक तो दो निर्धन परिवार के मुखिया असमय काल के गाल में समा गए, उससे दुखी थे और दूसरे मनमाने ''सिस्टम'' के आगे बेबस थे। परिजनों ने सवाल कर कहा कि सोमवार शाम को हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो गई? इसके बाद भी किसी ने कोई संज्ञान नहीं लिया, पूरी रात शव पोस्टमार्टम हाउस में रखे रहे।

हादसे के 19 घंटे बाद हुआ पोस्टमार्टम : धीरे-धीरे सुबह के 11 बज गए थे। लेकिन, मझोला थाने से पंचनामा के कागज पोस्टमार्टम हाउस नहीं पहुंच पाए थे। शोकाकुल परिजन पोस्टमार्टम न होने की वजह से व्यवस्था को कोस रहे थे। जहां जिसकी पहचान, वहां फोन कर कागज जल्दी भिजवाने और पोस्टमार्टम कराने को मनुहार कर रहा था। 11.30 बजे कांस्टेबल विकास चौधरी पंचनामा के कागज लेकर पोस्टमार्टम हाउस पर हाजिर हुए। फिर पोस्टमार्टम हाउस में डॉक्टर भी आ चुके थे। 12.20 बजे तक दोनों शवों का पोस्टमार्टम भी हो गया। हादसे के 19 घंटे बाद श्रमिकों के शवों का पोस्टमार्टम हो पाया।

मनमानी

- हादसे के 19 घंटे बाद हुआ दोनों श्रमिकों के शवों का पोस्टमार्टम
- पुलिस प्रशासन की मनमानी की हर किसी ने की भर्त्सना

चालक पर एफआईआर

मृतक श्रमिक राजू के भाई अतर सिंह ने ट्रैक्टर-ट्रॉली (यूपी-21-एयू-0228) और उसके अज्ञात चालक के विरुद्ध मझोला थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। आरोप लगाया है कि गोल चक्कर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक उस पर बैठा एक अन्य व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली को गलत दिशा में तेज गति से ले आ रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मारी है।

गमगीन माहौल में हुआ दोनों शवों का अंतिम संस्कार

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार : दो श्रमिक परिवारों के मुखिया का मंगलवार दोपहर ढाई बजे के दौरान गागन नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया गया। हादसे में मारे गए श्रमिक राजू व करन सिंह की शव यात्रा दोपहर दो बजे के दौरान श्मशान घाट के लिए निकली थी। गांव से करीब एक-डेढ़ किमी दूर नदी किनारे श्मशान घाट तक इनकी शव यात्रा में काफी भीड़ थी। उमरी सब्जीपुर, गिन्नौर द माफी समेत आसपास के कई गांव के लोग भी श्रमिकों के शव के अंतिम दर्शन को आए थे।

गजगोला नानकबाड़ी गांव निवासी राजू व करन सिंह के शव गांव पहुंचते ही परिजन दहाड़ें मारकर रोने लगे। दोनों की पत्नियां बार-बार बेसुध हो जा रही थीं। अन्य महिलाएं इन्हें संभाल रही थीं। उधर, मृतक राजू के भाई अतर सिंह, सुशील, सुनील और दूसरे घर में चंद्रपाल सिंह अपने भाई करन सिंह के शव के अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे थे। गांव से पहले राजू के शव की अंतिम यात्रा निकली और 10 मिनट के अंतराल में पीछे से करन सिंह के शव की भी श्मशान घाट के लिए यात्रा शुरू हो गई थी। गागन नदी किनारे दोनों मृतक श्रमिकों के बेटों ने मुखाग्नि दी। राजू के शव को बेटे निशांत ने और करन सिंह के शव को बेटे विशाल ने मुखाग्नि दी। निशांत अभी 12 साल का है, जबकि करन का बेटा विशाल 18 साल का है।

पारिवारिक पृष्ठभूमि : मृतक राजू चार भाइयों में दूसरे नंबर के थे। इनमें अब बड़े भाई अतर सिंह, छोटे दो भाइयों में सुशील व सुनील हैं। अतर सिंह की पत्नी कुमकुम ग्राम पंचायत की मौजूदा प्रधान हैं। दूसरे मृतक करन सिंह तीन भाई थे। करन के बाद अब चंद्रपाल सिंह बचे हैं, तीसरे भाई राजकुमार कई वर्ष पहले से लापता हैं।

जिंदगी मौत से जूझ रहा चार बहनों का इकलौता भाई

हादसे में ई-रिक्शा चालक राजकुमार और उनका बेटा मोहित भी घायल हुआ था। मोहित जिंदगी-मौत से जूझ रहा है। वह टीएमयू में आइसीयू में है। इसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। राजकुमार के कुल पांच बच्चे हैं। इनके चार बेटियों में बड़ी बेटी छाया है। जबकि मोहित दूसरे नंबर का है। राजकुमार ने डेढ़ साल पहले ही ई-रिक्शा खरीदा था।

गोल चक्कर के पास हुआ था हादसा

मृतक राजू के बड़े भाई अतर सिंह ने बताया कि उनके करन सिंह ने अपनी 4 बीघे जमीन बेचकर डेढ़ साल पहले नयागांव में हड्डी मिल के पास प्लाट खरीदा था। इसी में बाउंड्री बन रही थी। इसी में काम करके उनके भाई राजू, करन सिंह, मोहित, राजकुमार व अन्य लोग सोमवार शाम को वापस घर लौट रहे थे। बुद्धि विहार फेज-2 में नोदी एक्सपोर्ट के पीछे गोल चक्कर के पास ई-रिक्शा में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइड से टक्कर मार दी थी। इसमें राजू-करन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हुए थे।

निर्यात फर्म के बाहर मजदूरों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

मनमानी

- छुट्टी की बात कहकर फर्म से बाहर निकाला
- दूरदराज के गांवों से मजदूरी करने पहुंचे थे मजदूर

अमृत विचार: मंगलवार को लोहिया ब्रास निर्यात फर्म के बाहर मजदूरों ने हंगामा किया। हंगामा कर रहे मजदूरों का आरोप था कि फर्म में काम करने के लिए बुलाया था, लेकिन काम करने पहुंचे तो छुट्टी की बात कहते हुए बाहर निकाल दिया। जिसके चलते मजदूरों ने हंगामा किया।

लाकड़ी बाईपास स्थित लोहिया ब्रास निर्यात फर्म के बाहर मजदूरों ने अचानक हंगामा कर दिया। अचानक भारी संख्या में मजदूरों के सड़क पर आने से लाकड़ी बाईपास पर जाम के हालात बन गए। बाद में निर्यात फर्म के कर्मचारियों ने मजदूरों को समझाकर शांत कराया। इस दौरान काफी देर तक लोहिया ब्रास निर्यात फर्म के बाहर अफरा-तफरी जैसे हालात बने रहे। दूसरी ओर लोहिया ब्रास के मालिक विपिन गुप्ता ने बताया कि अवकाश के संबंध में बोर्ड पर नोटिस चिपकाया था। मजदूरों ने उसे देखा नहीं। इसमें हमारी कोई गलती नहीं है। वहीं दूर-दराज क्षेत्रों से काम करने आईं ऊषा भटनागर, विशाल कुमार, रामकिशोर समेत अन्य मजदूरों ने बताया कि सोमवार को रात तक फर्म प्रबंधन द्वारा अवकाश के संदर्भ में कोई भी नोटिस बोर्ड पर चिपकाया नहीं था। यह भी कहा था कि गैरहाजिर मजदूरों का दो दिन का वेतन काट दिया जाएगा। इसलिए हम लोग मंगलवार सुबह किराया खर्च कर काम करने के लिए आए थे। इस दौरान चुनाव के कारण अवकाश होने की बात कहकर फर्म से बाहर निकाल दिया गया। बाद में हंगामा कर रहे मजदूर अपने-अपने घर चले गए।

छुट्टी के कारण नहीं तोड़ा गया निर्माण

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा सोमवार को लोहिया ब्रास फर्म में अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कराई गई थी। जिसके तहत फर्म प्रबंधन ने एमडीए टीम के निगरानी में निर्माण को तोड़ना शुरू कर दिया था। लेकिन मंगलवार को चुनाव अवकाश के कारण फर्म बंद थी, इसलिए निर्माण तोड़ने का कार्य नहीं हो सका। लोहिया ब्रास फर्म के मालिक वीके गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को अवकाश की वजह से निर्माण तोड़ने का कार्य नहीं हुआ। बुधवार को फर्म खुलने के बाद निर्माण को तोड़ने का कार्य किया जाएगा।

हादसे में हुई मौत के मामले में एफआइआर

मुरादाबाद, अमृत विचार : गागन अंडरपास ब्रिज के पास रविवार को हादसे में हुई अरशद जमील की मौत के मामले में उनके बेटे ने मैनाठेर थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है।

कुंदरकी क्षेत्र के गांव अहमदनगर जैतबाड़ा के रहने वाले मोहम्मद अबूवकर ने बताया कि पांच मई को उनके पिता अरशद जमील बाइक से मुरादाबाद जा रहे थे। रास्ते में गागन से पहले अंडरपास ब्रिज के समीप बाइक खड़ी कर उनका इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से चंदौसी की ओर से आ रहे ट्रक ने उनको टक्कर मार दी थी। इससे अरशद जमील की मौके पर ही मौत हो गई थी। पिता के अंतिम संस्कार के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। संबंधित ट्रक (यूपी-21-सीआर-6838) का नंबर भी पुलिस को दिया है।

धूमधाम से मनाया महोत्सव, हुए रंगारंग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

रामगंगा विहार स्थित रेस्टोरेंट में महिला सभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : हरिश्चंद्र वंशीय महिला सभा सखी की ओर से मंगलवार को महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामगंगा विहार स्थित निजी बैंक्वेट हॉल में हुआ। अध्यक्ष माणिक रस्तोगी, सचिव प्रियंका रस्तोगी ने सबको बधाई दी।

कार्यक्रम की थीम समर पार्टी रहीं। इसका संचालन पायल रस्तोगी व पल्लवी रस्तोगी ने बहुत ही खूबसूरत तरीके व निराले ढंग से किया। मृदुला रस्तोगी व रश्मि रस्तोगी की आओ गप लड़ाएं व सास बहू की नोकझोंक ने सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में हाउजी गेम्स कराए गए। इसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पारुल रस्तोगी व पाली रस्तोगी रस्तोगी ने समर पार्टी थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया।

इसमें सुरभि रस्तोगी, शिखा रस्तोगी, निम्मी रस्तोगी, योजना रस्तोगी, शिखा रस्तोगी, शालू रस्तोगी आदि का योगदान रहा।

राहत : हीट वेव से लोगों को जल्द राहत मिलने के आसार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

धूप से बचने के लिए अपने चेहरे को कपड़े से ढक कर जाती स्कूटी सवार।

अमृत विचार: पिछले एक सप्ताह से बन रहे हीट वेव के हालात से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। आगामी कुछ दिनों तक लू की शक्ल में झुलसाती पछुआ हवा की जगह नम पुरवा हवा चलने की संभावना मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं।

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार एक तरफ पश्चिमी विक्षोभ और दूसरी तरफ कुछ राज्यों में प्री मानसून की गतिविधियों का आगाज होने का असर मुरादाबाद के मौसम पर पड़ेगा। जिसे बुधवार और गुरुवार को आंशिक तौर से महसूस किया जा सकेगा। वहीं शुक्रवार से हवा में नमी के साथ ही बादलों की आवाजाही बढ़ने और फिर वीकएंड में धूल भरी आंधी चलने और गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने के आसार बन रहे हैं। दीर्घकालीन पूर्वानुमान के मुताबिक अगले आठ से नौ दिनों तक प्रचंड गर्मी से राहत बने रहने की संभावना है। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना रहेगा। मंगलवार को रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

लूट की योजना बनाते तीन अभियुक्त गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना पुलिस ने मंगलवार को लूट की योजना बनाने वाले तीन अभियुक्तों दबोचा है। इनके पास से चोरी के ई-रिक्शा वलो चार बैटरा और दो चाकू भी बरामद किया है। दरोगा पवन कुमार व मनीष कुमार ने बताया कि इन आरोपियों को उन्होंने हमराही पुलिस बल की मदद से पकड़ा है।

ये लोग चोरी और लूट की योजना बना रहे थे। इन अभियुक्तों में मोती मस्जिद इस्लामनगर का सलीम पुत्र हनीफ, कटघर थाना क्षेत्र के हुसैनी चोक पंडित नगला का जीशान पुत्र मो. सलीम और होली चौक मैदान निवासी विशाल सिंह हैं। दरोगा ने बताया कि अभियुक्त जीशान के विरुद्ध मझोला थाने में कुल चार मामले पहले से ही दर्ज हैं। इसमें एक मामला मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ा एनडीपीएस एक्ट का भी है।

कार्यों में अड़चन डालने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

बिजली विभाग के कर्मचारियों को फटकार लगाते अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार।

- अपर नगर आयुक्त ने बुध बाजार में निरीक्षण किया

अमृत विचार: बुध बाजार में स्मार्ट सिटी के कार्यों में देरी व इसमें अड़चन डालने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी नगर निगम प्रशासन दे रहा है। मंगलवार को अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार ने बुध बाजार में निरीक्षण कर रेहड़ी पटरी व बिजली के कार्यों में देरी पर नाराजगी जताकर कार्रवाई के लिए चेतावनी दी। कहा कि स्मार्ट रोड नेटवर्क व बुध बाजार में सौंदर्यीकरण कार्य में रुकावट सहन नहीं किया जाएगा।

अपर नगर आयुक्त प्रथम स्मार्ट सिटी के मुख्य अभियंता आदि के साथ मौके पर पहुंचे। बुध बाजार में फुटपाथ की पटरियों पर कब्जा करने वाले रेहड़ी पटरी वालों को चेताया। साथ ही बिजली के लंबित कार्य पर विभाग के कर्मचारियों को फटकार लगाई। भाजपा पार्षद देशरत्न कत्याल ने भी स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं से नागरिकों को हो रही परेशानी के बारे में अपर नगर आयुक्त को बताया।

कहा कि इस क्षेत्र में व्यापारियों को कार्य में देरी के चलते नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्राहकों को भी समस्या हो रही है। इसे दूर किया जाना चाहिए। अपर नगर आयुक्त ने स्मार्ट सिटी के कार्यों को जल्द पूरा कराने और अतिक्रमण करने वालों पर सख्ती करने के लिए कहा।

अंत्येष्टि स्थल में घटिया सामग्री लगाने का मामला निदेशालय तक पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीएम ने 11 अंत्येष्टि स्थल की सामग्री की जांच के दिए निर्देश

अमृत विचार: जिले की 11 पंचायतों में ग्राम प्रधान और सचिवों द्वारा बनाए जा रहे अंत्येष्टि स्थल में लगाई जा रही सामग्री में भी गड़बड़ी का मामला सामने आ रहा है। मामला पंचायतराज निदेशक तक पहुंच गया है। जिस पर निदेशालय से जिलाधिकारी से अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में लगाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है। निदेशालय ने गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। जिसके लिए डीपीआरओ ने एडीपीआरओ को नोडल नियुक्त कर अंत्येष्टि स्थल की जांच सौंपी है।

जनपद में 11 ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थल 2024 में बनाए जाने हैं। जिसके लिए शासन से प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए 24 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। शासन से पैसा ग्राम पंचायत के खाते सीधा भेजा गया है। गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और सचिव की है। पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि पंचायती राज निदेशालय में अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री नहीं लगाए जाने की बात सामने आई। जिसमें जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में बनाए जा रहे अंत्येष्टि स्थल के निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच के निर्देश दिए हैं। जिसमें 3 ठाकुरद्वारा ,01 मूंढापांडे, 01 छजलैट, 03 डिलारी, 01 बिलारी और 01 कुंदरकी ब्लॉक में बनाए जा रहे हैं। जिसकी जांच एडीपीआरओ विवेकानंद को सौंपी है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में लगाई जा रही सामग्री में गड़बड़ी मिलने ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

टॉपर्स के सुझाव | यूपी बोर्ड के मेधावियों ने बताए सफलता के गुरु मंत्र, टॉपर्स बोले- परीक्षा के दौरान रट्टा मारने से बचें , नियमित पढ़ाई जरूरी

सोशल मीडिया का सही उपयोग छात्र-छात्राओं को दिला सकता है परीक्षा में सफलता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विद्यार्थी के जीवन में बोर्ड परीक्षाएं अहम किरदार निभाती हैं। यहां से छात्र-छात्राओं के जीवन का पहला पढ़ाव शुरू होता है। परीक्षाओं में अच्छे अंक लाना प्रत्येक विद्यार्थी का सपना होता है।

तो आइए जानते हैं कि इस बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं ने कैसे इस मुकाम को हासिल किया और उन्होंने अच्छे अंक लाने के लिए कैसे तैयारियां की। साथ ही उन्होंने किन परिस्थितियों में इस उपलब्धि को हासिल किया। मेधावियों ने बताया कि सोशल मीडिया का ज्यादा उपयोग पढ़ाई को प्रभावित करता है। साथ ही कहा कि अच्छे नंबर लाने के लिए प्रतिदिन पढ़ना अनिवार्य है।

परिवार, स्कूल में अच्छा माहौल सफलता को जरूरी: अंशी यादव

अंशी यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी में कक्षा 10वीं की छात्रा थी। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 97 .33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने जनपद में पहली रैंक हासिल की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और स्कूल में मिलने वाले माहौल को दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर माहौल आपको पढ़ाई के लिए जागरूक करता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल आपके लिए वरदान साबित हो सकता हैं। मैंने किसी भी विषय का टयूशन नहीं पढ़ा। लेकिन जरूरत पढ़ने पर यूट्यूब से काफी मदद ली। जिसके दम पर मैंने बोर्ड परीक्षाओं में टॉप किया। आगे चलकर चिकित्सक बनाकर देश की सेवा करना चाहती हूं।

अच्छे अंक लाने के लिए जरूरी है नियमित पढ़ाई : दिपांशी

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 10वीं की छात्रा दिपांशी ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पिता को दिया। पिता नरेंद्र कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गणित के शिक्षक हैं। वह 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं। दिपांशी ने 97 .17 प्रतिशत अंक के साथ जनपद में दूसरी रैंक हासिल की है। उन्होंने बताया कि अच्छे अंक लाने के लिए शुरू से पढ़ाई करनी चाहिए। यूट्यूब की मदद से पढ़ने में कोई बुराई नहीं है, बाकी सोशल मीडिया से जितना दूर रहें उतना अच्छा। मेरा और पापा का सपना है कि मुझे प्रशासनिक अधिकारी बनना है। मेरी बड़ी बहन भी दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि अच्छे अंक लाने के लिए नियमित पढ़ाई जरूरी है। रोज 4 से 5 घंटे पढ़ाई आवश्यक है।

सेल्फ स्टडी करना बहुत जरूरी: तनिष्का

तनिष्का सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा है। उसने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में आठवां और जिले की मैरिट में दूसरा स्थान पाया है। पिता कौशल गुप्ता किराने की दुकान चलाते हैं। बड़े भाई तुषार गुप्ता 2020 में 10वीं में जिले की मैरिट में थे। तनिष्का ने कहा कि उन्हें देखकर मुझे बहुत प्रेरणा मिलती है। बोर्ड की परीक्षा से पहले हर दिन घर पर तीन घंटे पढ़ाई करती थी। परीक्षा नजदीक आई तो मैंने सेल्फ स्टडी का समय दोगुना कर दिया। इससे बहुत मजबूती मिली। पढ़ाई करते समय छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में आईपीएस अधिकारी बनना चाहती हैं।

हर चुनौती का सामना करना ही असली योद्धा की पहचान: पूजा

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा पूजा के पिता रमेश कुमार किराने की दुकान चलाते हैं। मां लक्ष्मी गृहिणी हैं। पूजा ने अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हुए प्रदेश की मैरिट में नौवां स्थान हासिल किया है। 97 प्रतिशत अंक पाकर वह जिले में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों की चिंता किए बिना अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। हर परिस्थिति का सामना करने वाला ही असली योद्धा होता है। पूजा ने कहा कि मैं स्कूल के बाद रोजाना चार घंटे पढ़ाई करती थी। 12वीं में विज्ञान विषय से ही अपनी पढ़ाई जारी रखूंगी। 12वीं में मुझे इस बार से भी ज्यादा अंक लाने हैं। इसके लिए मैंने तैयारी भी शुरू कर दी है। सोशल मीडिया से अधिकांश दूर ही रहती है।

सोशल मीडिया का ज्यादा उपयोग समय की बर्बादी: नैतिक सिंह

यूपी में 10वीं कक्षा में 9वां स्थान पाने वाले नैतिक सिंह के पिता शैलेंद्र पाल सिंह प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं। नैतिक ने कहा कि मैं एयरफोर्स में अधिकारी बनना चाहता हूं। कहा कि पढ़ाई में जब भी डाउट हुआ तो मैंने फौरन शिक्षकों से उसे क्लीयर कर लिया। घर पर खुद पढ़ना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं पढ़ता हूं तो यह नहीं देखता कि कितना समय हो गया है। गणित मेरा पसंदीदा विषय है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का ज्यादा उपयोग समय की बर्बादी है। इससे अच्छा आप अपने समय का सही उपयोग करें। परीक्षा के समय पढ़ाई के साथ अपने मन और दिमाग को शांत रखें। जिससे आप इधर-उधर न भटक सकें। नियमित पढ़ाई करना बहुत जरूरी है।

मंडी बंद होने पर दोगुने दामों पर बिकी सब्जियां

मुरादाबाद, अमृत विचार: मंगलवार को संभल लोकसभा सीट पर हुए मतदान के चलते मंडी समिति बंद रही। जिसके कारण अधिकांश आढ़तियों ने बाहर से सब्जी विक्रेताओं को मंडी समिति के गेट, बुद्धि विहार वाली रोड, चौधरी चरण सिंह रोड और लाइनपार के मुख्य मार्ग पर अपनी दुकानें सजाकर सब्जियां बेची।

संभल में मतदान के चलते सोमवार व मंगलवार को मंडी बंद रही। मंडी बंद होने के बहाने सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी रही। लौकी, पालक, मूली, बैगन, गोभी, मिर्च व नींबू समेत अन्य सब्जियां दोगुना से अधिक दामों तक बेची गईं। दो दिन पहले तक 30 से 35 रुपये की पांच किलो बिकने वाली लौकी मंगलवार को 60 से 70 रुपये की पांच किलो तक बेची गई। गोभी भी 60 रुपये से बढ़ाकर 100 से 120 रुपये प्रति पांच किलो तक बिकी। आलू और प्याज के दामों में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि रही।

एक नजर

गुड़गांव से वोट डालने बिलारी आया ध्रुव

बिलारी, अमृत विचार : बिलारी के मोहल्ला बाजार निवासी ध्रुव शर्मा पहली बार मतदाता बनने पर उत्साहित नजर आया। अपने मत का प्रयोग करने के बाद ध्रुव ने बताया कि पहली बार मतदान करना अच्छा लगा है। सभी को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। वह मतदान के लिए गुड़गांव से आया है।

युवती को भगा ले जाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

कांठ, अमृत विचार : पीड़ित ने गांव के ही युवक पर युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना कांठ क्षेत्र के मौहल्ला कुरैशियान ग्राम गढ़ी निवासी इमरान आलम पुत्र इदरीश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरी उसकी सलोत लगभग 8-10 वर्ष से घर पर ही रहती थी। पड़ोस का रहने वाला शमशाद पुत्र मोहम्मद यूनुस उससे छेड़खानी करता रहता था। चार मई को शमशाद उसे बहला फुसला कर कहीं ले गया। पीड़ित ने आरोपी व उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

तेज गर्मी में भी मतदाताओं में दिखा उत्साह

बुजुर्गों के साथ-साथ नए मतदाताओं ने भी किया मत का प्रयोग, ग्रामीण क्षेत्रों में भी पड़े वोट

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : संभल लोकसभा की बिलारी विधान सभा में मतदान के प्रति लोगों में उत्साह रहा। जिसमें बुजुर्गों के अलावा विकलांग सहित नए मतदाता मतदान के प्रति उत्साहित नजर आए।

मंगलवार को सवेरे 7:00 बजे से लगभग सभी बूथों पर मतदान प्रारंभ हो गया। ग्रामीण अंचल में इब्राहिमपुर, थांवला आदि में देरी से ईवीएम शुरू करने की शिकायत मिली। नगर के जूनियर हाई स्कूल आदि सहित अन्य बूथों पर तैनात मजिस्ट्रेट दौरा करते रहे। साथ ही जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीना ने दौरा कर बूथ स्थलों का जायजा लिया। जूनियर हाई स्कूल के गेट पर पुलिस आईडी चेक करने के बाद ही मतदाताओं को प्रवेश दे रही थी। साथ ही गन्ना समिति परिसर में नए मतदाताओं ने मतदान कर खुशी का इजहार किया। गन्ना समिति परिसर में पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार वाजिद अंसारी ने अपनी पत्नी शहला वाजिद के साथ मतदान किया। भाजपा नेत्री निशा त्यागी ने मतदान कर सरकार चुनने में अपना योगदान किया। इसके अलावा अनेक लोग अपने-अपने परिवार के साथ मतदान करते हुए नजर आए।

बिलारी में अपने मत का प्रयोग कर खुशी का इजहार करतीं महिला मतदाता। ● अमृत विचार

पहली बार वोट करतीं युवा मतदाता। ● अमृत विचार

मतदान स्थल पर उंगली पर स्याही का निशान दिखाते अतुल कृष्ण भारद्वाज।

पहली बार मतदान कर खुशी का इजहार करती युवा मतदाता। ● अमृत विचार

झलकियां

वोट डालने के बाद निशान दिखाते वाजिद हुसैन एडवोकेट एवं उनकी पत्नी शहला।

बिलारी में अपने मतों का प्रयोग कर खुशी का इजहार करते मतदाता। ● अमृत विचार

बिलारी में उंगली पर स्याही दिखाते वोटर।

बिलारी में स्याही का निशान दिखाते वोटर।

बिलारी के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद निशान दिखाते मतदाता।

वोट डालने के बाद निशान दिखातीं जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. शेफाली सिंह व अन्य।

ग्राम रूपपुर में बुजुर्ग महिला को मतदान केंद्र पर लेकर आते परिजन। ● अमृत विचार

कुंदरकी में मतदान केंद्रों पर लगी रहीं लंबी लाइनें

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : मंगलवार को तीसरे चरण में संभल लोकसभा 8 के लिए मतदान किया गया। कुंदरकी विधानसभा में मतदाताओं ने जमकर वोटिंग की।

सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी लाइन देखने को मिली। नौजवानों से लेकर बुजुर्गों तक ने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान किया, वहीं महिलाएं भी मतदान करने में पीछे नहीं रही और बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। कुछ दिव्यांग और बुजुर्गों को उनके परिवार के सदस्य मतदान स्थल तक लेकर पहुंचे और मतदान कराया।

दोपहर में कुछ समय के लिए कुछ केंद्रों पर भीड़ कम रही। जैसे ही तपिश कम हुई तो फिर से मतदान केंद्रों पर भीड़ लग गई। गेहूं की कटाई व अन्य कार्यों के चलते किसानों ने सुबह ही मतदान केंद्रों पर जाकर आने वोट डाल दिए थे। इसके साथ ही क्षेत्र के युवा मतदाताओं में पहली बार मतदान के प्रति खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, एसपी ट्रैफिक और सीओ बिलारी राजेश यादव द्वारा भी निरीक्षण किया गया। साथ ही मकान पर भी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

मतदान करने के बाद उत्साहित सभासद व अन्य मतदाता। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनाव

- भीषण गर्मी के बाद भी लोगों में दिखा मतदान के प्रति उत्साह

सार-संक्षेप

हारुन आत्महत्या मामले में एक और गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना पुलिस ने वांछित अभियुक्त गुलफाम पुत्र असलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गुलफाम देवापुर गांव का रहने वाला है। यह पूर्व के 2 सितंबर 2023 को दर्ज हुए एक मामले में वांछित था। गुलफाम को दरोगा हरेंद्र सिंह ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले में चतरपुर नायक मझरा फरसियापुर, भगतपुर के फारुक अहमद ने कटघर थाने में मामला दर्ज कराया था। इसमें 12 अभियुक्त नामजद थे। इन लोगों पर आरोप था कि वादी फारुक अहमद के भाई मोहम्मद हारुन उर्फ नवाजिश खान को आत्महत्या के लिए उकसाया था। हारुन मुस्लिम डिग्री कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष का छात्र था। इन लोगों ने हारुन को मिगलानी सिनेमा के पास बुलाया था। बाद में उसका अपहरण कर पीतल नगरी स्थित आरिफ घर ले गए थे। वहां पर फारुक, इकराम, जीशान सैफी, मुशर्रफ, अजीम, समीर चौधरी, फैसल, अमन उर्फ मुकर्रम, गुड्डू, शोएब पलटन, गुलफाम आदि मौजूद थे। इन लोगों ने हारुन से बर्बरता की हदें पार कर दी थीं। इसके बाद हारुन ने रामगंगा नदी के पुल से छलांग लगा दी थी। 30 अगस्त 2023 को हारुन का शव मिला था।

बहाने से ट्रैक्टर मंगाकर ले भागे, रिपोर्ट

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर खराब होने का बहाना कर गांव से ट्रैक्टर मंगवाया और इसके बाद ट्रैक्टर छीन कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जंगल में तलाश किया तो आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने लूटे गए ट्रैक्टर को थाने पर लाकर खड़ा कर लिया है। थाना कांठ क्षेत्र के एक व्यक्ति ग्राम कासमपुर निवासी ग्राम मोहम्मदपुर भगवान दास निवासी नवनीत कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह के पास पहुंचा। उसने बताया कि उसका ट्रैक्टर ग्राम खतापुर के जंगल में खराब हो गया है। वह अपना ट्रैक्टर लेकर चलें। जिस पर नवनीत, अर्जुन, शुभम तीनों लोगों के साथ आयशर ट्रैक्टर लेकर ईंट भट्ठे के पास पहुंचे तो वहां पर तीन लोग और खड़े मिले। उन लोगों ने ट्रैक्टर रोक लिया ट्रैक्टर छीन कर फरार हो गए। नवनीत ने इसकी जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की। साथ ही जंगल में छानबीन की तो आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर बरामद कर थाने पर खड़ा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मामला रुपयों के लेनदेन का बताया जा रहा है। पुलिस पर जांच शुरू कर दी है।

भूमि पर निर्माण करने को लेकर चले लाठी-डंडे

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : आवासीय पट्टे की भूमि को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व चले। जिसमें महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी सोनू कुमार पुत्र लाखन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आवासीय पट्टा आवंटित किया गया था। निर्माण के दौरान साहब सिंह व अन्यों ने लाठी-डंडों से हमला किया।

पश्चिमी उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष का निधन

कांठ, अमृत विचार : पश्चिमी उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं वैश्य बिश्नोई सभा कांठ के अध्यक्ष का निधन होने से व्यापार मंडल में शोक की लहर दौड़ गई।

उन्होंने उपचार के दौरान नोएडा के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। नगर के मोहल्ला बिशनपुरा में रहने वाले 65 वर्षीय चंद्रकांत बिश्नोई उर्फ साहू मुन्नन की तबीयत 15 दिनों से ज्यादा खराब थी। वह 8 दिन से नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार दोपहर अचानक उनकी हालत बेहद खराब हो गई और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मंगलवार की शाम को उनका शव यहां पहुंचते ही उनके घर पर दुख व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, मुकेश महेश्वरी, अभय कुमार बिश्नोई, अचल कुमार बिश्नोई, निरुपम विश्नोई, गौरव विश्नोई, आचार्य भावेश शर्मा, सरदार कुलवंत सिंह, मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई, श्री ओम सिंह बिश्नोई, रविंद्र सिंह सेठ, गौरव कुमार बिश्नोई, धर्मेंद्र कुमार विश्नोई, मनोज कुमार, अशोक कुमार बिश्नोई, सौरभ अग्रवाल, ओमकार सिंह बिश्नोई, अनिल शर्मा, मोहन बिश्नोई, सोहन बिश्नोई, अनुज विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

खाकेश्वर मंदिर पर माता काली देवी के वार्षिक उत्सव पर हवन करते श्रद्धालु।

महाकाली देवी के वार्षिक उत्सव पर हवन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर में महाकाली देवी के वार्षिक उत्सव पर पूजा-अर्चना व हवन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति देकर माता काली देवी से सुख समृद्धि की प्रार्थना की। खाकेश्वर मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान के साथ महाकाली देवी की मूर्ति स्थापित की गई थी। तबसे लेकर अब तक नगर क्षेत्र के श्रद्धालु निर्धारित तिथि पर वार्षिक उत्सव का आयोजन करते हैं। मंगलवार को पं. अजय कुमार शास्त्री ने वेद मत्रों के साथ पूजा-अर्चना की। बाद में यज्ञ का आयोजन कराया गया जिसमें नगर क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ पूर्णाहुति देकर घर-परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। महाआरती के बाद प्रसाद के वितरण के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसके बाद देर शाम तक महिला श्रद्धालुओं ने मां काली माता के भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में पं. राकेश कुमार, पुष्पा देवी, पं. अनुज शर्मा, राजेंद्र पांडे, अनुज कुमार, संजीव कुमार अधिवक्ता अशोक गहलोत, विजय कुमार उर्फ टिल्लू आदि ने भाग लिया।

रामगंगा पुल के नीचे मिला युवक का शव

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी पुल के नीचे युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। नदी में किसी युवक के डूबने लायक पानी भी नहीं है, और न ही कोई तेज बहाव है। लेकिन, युवक का शव वही पड़ोस में पाया गया है। युवक के हाथ पर अजीत नाम गुदा हुआ है। वह टी-शर्ट और लोअर पहने पाया गया है। मृतक युवक की पहचान पुलिस नहीं कर पाई है। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि युवक का शव रामगंगा नदी पुल के बिल्कुल नीचे पानी से थोड़ा दूरी पर पाया गया है। उन्होंने कहा, चूंकि इस समय नदी में पानी भी अधिक नहीं है और न ही कोई तेज बहाव है तो इसलिए संबंधित युवक की डूबकर मौत होने की बात कहना जल्दबाजी होगी। उसने पुल से छलांग भी नहीं लगाई है, नहीं तो उसके शरीर में कहीं न कहीं चोट के निशान मिलते।

आज से शुरू होगा तीन दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : नगर में प्रतिवर्ष की भांति आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम बुधवार (आज) से आरंभ होगा।

यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक आचार्य भावेश शर्मा ने बताया कि 8 मई से पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला मौहल्ला विशनपुरा में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी। सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक समाज की महिला पुरुष प्रभात फेरी निकालकर भगवान परशुराम का प्रचार प्रसार करेंगे। उसके बाद सुबह 10:00 बजे से भगवान हनुमान जी की प्रसन्नता के लिए सुंदरकांड का पाठ वीरेंद्र शर्मा ग्राम पापड़ी की टीम के द्वारा किया जाएगा। यहां आरती और प्रसाद वितरण के बाद बच्चों की भगवान परशुराम एवं भारतीय सनातन संस्कृति के संबंध में एक परीक्षा आयोजित की जाएगी। देर शाम लगभग 6:00 बजे से हरिद्वार के प्रसिद्ध भजन गायक पंडित राहुल शर्मा की टीम द्वारा भजन संध्या का सुंदर और भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अंकुर शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, आकाश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अभिनव शर्मा, रजत शर्मा राकेश शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, शिखर भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

तैयारियां

- प्रातः निकाली जाएगी प्रभात फेरी महिला-पुरुष होंगे शामिल
- 10 बजे से किया जाएगा सुंदरकांड का पाठ

सपा नगराध्यक्ष के घर से नकदी व जेवरात चोरी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के नगराध्यक्ष के बंद घर से चोरों ने ताले तोड़कर 30 हजार रुपये की नकदी सहित लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के नई बस्ती निवासी सपा पार्टी के नगराध्यक्ष इरफान अंसारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दो-तीन दिन के लिए अपने नए मकान में रहने के लिए परिवार सहित गए थे। सोमवार को सवेरे मोहल्ले के लोगों ने सूचना दी कि उनके घर के दरवाजे का ताला टूटा है। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि सेफ का ताला टूटा पड़ा है और सामान अस्त व्यस्त पड़ा है। अलमारी में रखी 30 हजार की नकदी, 15 तोले सोने व 30 तोला चांदी के आभूषण चोरी हो गए।

ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने मारी टक्कर, मासूम गंभीर घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : स्कूल जाने के लिए बस में छोड़ने चाचा के साथ आए मासूम बच्चे को ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें मासूम गम्भीर रूप से घायल हो गया।

भाग रहे ट्रैक्टर चालक को चाचा ने रोकने का प्रयास किया तो आरोप है कि ट्रैक्टर चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। घायल बच्चे को काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित परिजनों ने कोतवाली पुलिस में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफ नगर निवासी सुहैल अपनी भतीजी को स्कूल जाने के लिए पेट्रोल पंप पर सड़क किनारे बस में बिठाने के लिए गया था। उसके साथ भतीजा अजनाल भी था। सुहैल बस की इंतजार में खड़ा था। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने उसके भतीजे को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अजनाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने फोन कर अपने चार-पांच साथियों को बुलाकर उसके साथ मारपीट कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे तब तक चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। परिजनों ने घायल अजनाल को काशीपुर के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

दुर्घटना

- घटना पर विरोध जताने पर बच्चे के चाचा के साथ की मारपीट रिपोर्ट दर्ज

बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों से रोष

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : क्षेत्र में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हैं। व्यापारियों में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने पुलिस से बाइक चोर गिरोह का पकड़ने की मांग की है।

शरीफ नगर आयशा मैरिज हाल समेत कई स्थानों से बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई के साथ बाइक बरामद करने की मांग की है। ताजा प्रकरण में शिव नगर में एक कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीण की बाइक चोरी हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव बंकावाला निवासी अजय पाल पुत्र अमृत सिंह बाइक से 26 अप्रैल की रात 9 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवनगर विवाह समारोह में आए थे। खाना खाने के बाद उसने बाहर निकल कर देखा तो उसकी बाइक गायब थी। उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। एक दिन पहले ही लोगों ने सीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर बाइक चोर गिरोह को पकड़ने की मांग की थी। उन्होंने सीओ के न मिलने पर बुधवार को धरना देने की चेतावनी दी थी।

पिछले कुछ दिनों से नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करने के साथ गश्त बढ़ानी चाहिए। – **संजीव सिंघल व्यापार मंडल अध्यक्ष, ठाकुरद्वारा**

नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ने से लोगों में असुरक्षा की भावना है। पुलिस को शीघ्र वारदातों का खुलासा कर लोगों में विश्वास बढ़ाना चाहिए। – **गौरव, अध्यक्ष लघु व्यापार मंडल**

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसके बावजूद चोर वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। – **प्रीतम सिंह, किसान मजदूर नेता**

वाहन चोरी की घटनाएं चिंताजनक हैं। पुलिस को निजी प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद के साथ अपराधिक तत्वों पर निगाह रखनी चाहिए। –**पवन पुष्पद, भाजपा नेता, ठाकुरद्वारा**

मजदूरी के 94 हजार रुपये मांगे तो धमकाया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ठेकेदार ने गांव के चार लोगों को हिमाचल में ले जाकर लेंटर का सरिया बंधवाया। चार महीने की मजदूरी 94 हजार रुपये मांगने पर ठेकेदार ने जान से मारने की धमकी दी। मजदूरों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मजदूरी की रकम दिलाने की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ख्वाजपुर निवासी सुभाष सिंह पुत्र रामगोपाल, वसीम पुत्र हसन अली, शमीम पुत्र मोहम्मद अली, संत राम सिंह को गांव का पप्पू सिंह पुत्र चौखे सिंह ठेकेदार हिमाचल में ले जाकर लेंटर का सरिया बंधवाने का कार्य कराया। कुछ दिन तक पर खर्च के लिए पैसे देता रहा। जब मजदूरी मांगते तो वह टाल मटोल करता। जनवरी से अप्रैल तक कार्य करने के बाद ठेकेदार के पास 94 हजार मजदूरी के बनते हैं। मंगलवार को जब ठेकेदार से मजदूरी के रुपये मांगे तो वह गाली गलौज करने लगा व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

विद्युत विभाग के पैनल में भी होना चाहिए अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश, शाखा मुरादाबाद की मासिक बैठक परिषद के कार्यालय कोठी नं.5, सिविल लाइन में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता इं. एके सिंघल ने की। बैठक में एसएस यादव ने मुख्य रूप से वर्तमान में मुरादाबाद के किसी भी अस्पताल का विद्युत विभाग के पैनल पर न होने का मुद्दा उठाया। यह एक बहुत गंभीर समस्या है। बैठक में एसपी शर्मा द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि मुरादाबाद शाखा के सदस्यों की एक डायरेक्टरी तैयार की जाए, जिसमें सभी सदस्यों का जरूरी विवरण अंकित हो। बैठक में संगठन के सदस्य और मुरादाबाद के प्रसिद्ध कवि ओंकार सिंह ओम, मशहूर शायर अनवार कैफ़ी ने सुंदर गजलें प्रस्तुत की। बैठक को संगठन के सचिव एसपी सिंह ने सम्बोधित किया। उन्होंने मुरादाबाद के प्रमुख अस्पतालों को विद्युत विभाग के पैनल पर लाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने का भरोसा सदस्यों को दिलाया। बैठक में इं. एफ. सी. शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता की पत्नी और राकेश गुप्ता सेवानिवृत्त अवर अभियंता की पत्नी के निधन पर मौन धारण किया गया। बैठक में एके सिंघल, एसपी शर्मा, एसएस यादव, एसपी सिंह सचिव, सुशील कुमार गुप्ता, रामअवतार रुहेला, के के सरीन, फहीम अहमद, अली माजिदन खान, विजय सिंह यादव, जीवन सिंह राणा राकेश गुप्ता, केजी सक्सेना, अनिल आदि मौजूद रहे।

मांग

- विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश, शाखा की हुई बैठक

एक नजर

कंपोजिट विद्यालय में रील बनाने का वीडियो वायरल

गजरौला, अमृत विचार : कंपोजिट विद्यालय में रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि विद्यार्थी रील बना रहे हैं। प्रधानाध्यापक ने उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की। बताया जा रहा है कि विद्यार्थियों का विद्यालय में रील बनाने का वीडियो वायरल हुआ है। वे विद्यालय की यूनिफॉर्म में नहीं है। खास बात यह है कि रील बनाने वालों में शामिल कुछ बच्चे स्कूल में भी नहीं पढ़ते हैं। ऐसी स्थिति में विद्यालय की सुरक्षा को लेकर प्रधानाध्यापक पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्कूल समय में बाहरी बच्चे भी स्कूल के अंदर आकर रील बनाते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक छुट्टी के बाद प्रधानाध्यापक ज्यादातर रात को स्कूल में ही रुकते हैं। ऐसे में रील बनाने वाले बच्चों को रोका भी जा सकता है। बावजूद इसके बच्चे स्कूल के अंदर रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं।

घर के दरवाजे पर लगा विद्युत मीटर चोरी

हसनपुर, अमृत विचार : घर के दरवाजे पर लगा बिजली का मीटर चोरी हो गया। चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी है। गांव बसेड़ा खुर्द निवासी महेश सिंह के घर के बाहर बिजली का मीटर लगा हुआ था। दो दिन पहले चोरों ने उनके दरवाजे पर लगे विद्युत मीटर को चोरी कर लिया। सुबह महेश ने मीटर गायब देखा तो उन्हें विद्युत निगम में मामले की शिकायत की है। मनौटा पुलिस चौकी में मीटर चोरी होने की सूचना दे दी।

दो घंटे बंद बिजली आपूर्ति

अमरोहा, अमृत विचार : विद्युत निगम की ओर से डबल लाइन बिजली घर पर दो घंटे टेस्टिंग का कार्य किया गया। इस दौरान क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद रखा गया है। विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया की गर्मी के मौसम को देखते हुए डबल लाइन बिजली घर में टेस्टिंग का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान बिजली घर से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद रखा गया। गर्मी में बिजली कटौती होने से उपभोक्ताओं का बुरा हाल हो गया। विद्युत वितरण खंड अधिकारी ने बताया बिजली घर में टेस्टिंग का कार्य के साथ-साथ मरम्मत का कार्य भी किया गया था।

हनुमान चालीसा के पाठ के बाद की आरती

हसनपुर, अमृत विचार : श्री राम सेवा समिति द्वारा मंगलवार को श्री बालाजी भगवान का चालीसा पाठ व आरती मोहित सुशील अग्रवाल के आवास पर संपन्न हुआ। चालीसा का पाठ करने के बाद श्री बालाजी भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, विजय पारछा, मुकेश गुप्ता, अनुपम अग्रवाल, मोहित, सुशील अग्रवाल, जतिन गुर्जर, मुकुल अग्रवाल, राहुल गुप्ता, आयुष रस्तोगी, नवीन रस्तोगी, अमित रस्तोगी, अर्थ भटनागर, मनोज रस्तोगी, वर्षा रस्तोगी, मनीष रस्तोगी, रेणु रस्तोगी, अर्पित रस्तोगी आदि शामिल हुए।

एसडीएम ने खनन से भरे दो ट्रैक्टर पकड़े

गजरौला, अमृत विचार : एसडीएम चंद्रकांता ने मंगलवार सुबह गजरौला में खनन से भरे दो वाहन पकड़ लिए। इसमें एक डंपर व एक ट्रैक्टर ट्राली शामिल है। एसडीएम ने दोनों वाहनों को चौपला चौकी में खड़ा करा दिया है। मंगलवार सुबह एसडीएम चंद्रकांता ने चौपला पर खनन से भरा एक डंपर व एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी। चालकों से खनन की अनुमति लाने की बात कही। एसडीएम ने बताया कि खनन की अनुमति नहीं होने पर वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

शनिवार और रविवार को तेज हवा के साथ बारिश के आसार, गर्मी से बेहाल हैं लोग

शरीर को झुलसा रही तपिश, दो दिन बाद राहत की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में गर्मी और लू के बीच सूरज की तपिश से लोग बेहाल हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार को भी तापमान बढ़ेगा। इसके बाद बादल छाने के आसार हैं। शनिवार और रविवार को तेज हवा के साथ बारिश के आसार हैं।

जिले में बढ़ती गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। तपिश में लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी के चलते दोपहर को शहर के मार्ग और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही। मंसुबह आठ बजते ही तेज धूप और उमस से लोग परेशान रहे। सूर्य की किरणों से निकलीं तो तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया। लोग कड़ी धूप से बचने के लिए अपने चेहरे को ढक कर निकले। तेज धूप एवं लू से बचने के लिए लोग अपने घरों में कैद रहे। तेज धूप के चलते लगातार लोगों की परेशानी बढ़ रही है। रोजाना तापमान बढ़ता जा रहा है। तेज धूप से लोगों का शरीर झुलस रहा है। गर्म हवा से सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार शाम ढलने के बाद ही लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हालांकि रात को फिर उमस भरी गर्मी से लोग परेशान ही रहे। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रांजल मिश्रा ने कहा कि गर्मी से बचाव के लिए लोगों को पेय पदार्था का अधिक सेवन करना चाहिए। इसके साथ ही शरीर को ढककर घर से निकलें।

डायरिया से बचाव के लिए लोग खानपान पर रखें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : गर्मी के मौसम में डायरिया की चपेट में महिलाएं, पुरुष और बच्चे आ रहे हैं। डायरिया पीड़ित मरीजों की संख्या जिला अस्पताल में बढ़ती जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रेमा पंत ने बताया कि गर्मी के मौसम में डायरिया से बचाव के लिए खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार से कोई भी खाने की वस्तु खरीद कर नहीं खानी चाहिए और घर में भी ताजा भोजन का प्रयोग करें।

बताया कि गर्मी में पानी अधिक पीएं। शरीर में पानी की कमी होने का कारण डायरिया जैसी तमाम बीमारियां व्यक्ति को घेर लेती हैं। प्रतिदिन जिला अस्पताल में डायरिया और बुखार से पीड़ित लोग भर्ती हो रहे हैं और उनका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों को महिलाएं बोतल से दूध पिलाती हैं। जबकि गर्मी में बच्चों को बोतल से दूध नहीं पिलाना चाहिए। कहा कि डायरिया से बचाव के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। गर्मी में ओआरएस का घोल बच्चों को पिलाएं। सीएमएस ने कहा कि प्रतिदिन अस्पताल में बुखार और डायरिया से पीड़ित 15 से 20 मरीज भर्ती किए जाते हैं। जबकि जिला अस्पताल 100 से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है।

गोशाला में हरा चारा न मिलने पर फटकार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मंगलवार को ब्रह्द नंदी विहार गोशाला गुरेठा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हेंने गोशाला में पानी की व्यवस्था, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, खल चोकर की उपलब्धता, भूसा, हरा चारा समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भूसे के साथ हरा चारा और खली चौकर न मिलने पर गोशाला एनजीओ सचिव को कड़ी फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी में पशुओं को नियमित रूप से पानी पिलाया जाए। जो तालाब हैं उनमें पानी अवश्य भरा रहें। ईंट की जो बाउंड्री बनाई जा रही है, उसे जल्द पूरा कर लिया जाए। गोशाला के अंदर ही पशु टहल सके। कहा कि भूसा, हरा चारा और खली चोकर अवश्य मिलाकर खिलाएं। यदि अगले निरीक्षण में भूसा, हरा चारा न मिला तो कार्रवाई की जाएगी। कोई भी पशु बीमार होता है तो समय से इलाज उसका हो जाए। उन्होंने गोशाला एनजीओ सचिव से कहा कि कार्य संतोषजनक नहीं दिख रहा है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी, ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी आदि मौजूद रहे।

गोशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

सख्ती

- जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण पशुओं के लिए पानी और गर्मी से बचाव की व्यवस्था देखी

पेड़ से टकराई कार, मां-बेटी की मौत, चार घायल

कार चालक को नींद की झपकी आने से इंडियन गैस गोदाम के सामने हुआ हादसा

संवाददाता, नौगांवा सादात

अमृत विचार : क्षेत्र में मंगलवार सुबह कार अनियंतित्र होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में मदरसा शिक्षक की पत्नी और बेटी की मौत हो गई। कार में सवार चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

यह हादसा नौगांवा सादात से पहले इंडियन गैस गोदाम के सामने हुआ। दरअसल, बिहार के जिला मधुबनी के रहने वाले मुफ्ती अब्दुल सलाम 25 साल से नौगांवा सादात के आले हसन मदरसे में शिक्षक हैं। वह अपनी पत्नी रुकैया, बेटी सुमैया, बेटा सलमान और अम्मार के साथ नौगांवा कस्बे में ही किराए के मकान में रहते हैं। बताया जा रहा है कि करीब एक सप्ताह पहले किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह अपने घर बिहार गए थे। मंगलवार सुबह मुफ्ती अब्दुल सलाम परिवार के साथ ट्रेन से अमरोहा स्टेशन पहुंचे। इसके बाद वह कार से नौगांवा जा रहे थे। कार नौगांवा कस्बा के निवासी कामिल चला रहा था। साढ़े सात बजे जैसे ही उनकी कार इंडियन गैस गोदाम के सामने पहुंची, तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। कार के परखच्चे उड़ गए। पूरा परिवार कार में फस गया और चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने अब्दुल सलाम की पत्नी रुकैया और उनकी बेटी सुमैया को मृत घोषित कर दिया। घायल अब्दुल सलाम, उनके बेटे सलमान, अम्मार और चालक कामिल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में मां-बेटी की मौत हुई है। जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

क्षतिग्रस्त कार के पास मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- नौगांवा में परिवार के साथ रहते हैं बिहार निवासी मुफ्ती अब्दुल

हाइवे पर डिवाइडर से टकराई डबल डेकर बस, बच्ची की मौत और उसकी मां समेत 10 यात्री हुए जख्मी

गजरौला, अमृत विचार : दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर सोमवार देर रात डबल डेकर की बस डिवाइडर से टकरा गई। इसमें चार साल की बच्ची की मौत हो गई। जबकि उसकी मां समेत 10 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। महिला की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाली डबल डेकर बस सोमवार देर रात नेशनल हाइवे पर गजरौला के पास पहुंची। बताते हैं कि तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के दौरान तेज धमाका हुआ तो बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। बस में सवार जिला लखीमपुर खीरी के नरोटा निवासी नीतू देवी व उनकी चार वर्षीय बेटी बेबी समेत 10 लोग घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने मां-बेटी की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय बेबी की रास्ते में मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

क्षतिग्रस्त बस से घायलों को बाहर निकालते लोग।

ओवरलोड वाहनों की चेकिंग करते एसडीएम सदर। ● अमृत विचार

अवैध खनन व ओवरलोडिंग में सात वाहन किए गए सीज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कांठ मार्ग पर अवैध खनन को लेकर बिना परमिशन ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की गई। डीएम राजेश कुमार त्यागी ने चेकिंग की। बिना अनुमति और ओवरलोड मामले में सात वाहनों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया। सीज की कार्रवाई की गई।

मंगलवार सुबह जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जिले में चल रहे अवैध खनन से लदे ओवरलोड वाहनों को लेकर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डीएम ने मुनव्वरपुर चौकी पर पहुंचकर एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव, उप जिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार एवं खनन इंस्पेक्टर के साथ वाहनों की चेकिंग की। उन्होंने 7 वाहनों को पकड़ लिया और कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया। जिलाधिकारी ने इन सभी वाहनों के कागजात जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने सभी तहसीलों में अभियान चलाकर अवैध रूप से खनन कार्य में लगे वाहनों की चेकिंग कराई। इस अभियान में अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह और खनन अधिकारी ने जोया नेशनल हाइवे पर टोल प्लाजा के पास चैकिंग कर तीन वाहनों को पकड़कर पुलिस का सौंप दिया।

हादसे में बेटे की मौत के आठ दिन बाद पिता ने भी दम तोड़ा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सड़क दुर्घटना में घायल दूल्हे के पिता की आठ दिन के बाद मौत हो गई। ट्रक चालक की मौत होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

नगर के मोहल्ला होलीवाला हिरनवाला निवासी मंसूर अहमद दुर्घटना में घायल हो गए थे। वह गढ़मुक्तेश्वर से 29 अप्रैल की रात को अपने पुत्र फैसल की पत्नी को कार में लेकर आ रहे थे। मनौटा पुलिस चौकी के पास कार की ईटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली भिड़ंत हो गई थी। इससे फैसल की मौत हो गई थी। उसकी शादी एक सप्ताह पूर्व हुई थी। वह अपनी पत्नी व परिवार के साथ घर लौट रहा था। दुर्घटना में मंसूर भी घायल हो गए थे। वह आईसीयू में भर्ती थे। बीती रात मंसूर (52) की भी मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद 8 दिन पिता की जान चली गई। मंसूर की पत्नी हुस्नआरा भी दुर्घटना में घायल हो गई थी।

टेंपो की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन घायल

अमरोहा, अमृत विचार : हाइवे पर टेंपो ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पपसरा निवासी दिशांत सोमवार को अपनी बहन प्रीति के साथ बाइक से डिडौली क्षेत्र में दवा लेने के लिए गया था। दवा लेने के बाद जब दोनों भाई-बहन घर लौट रहे थे। इस दौरान चौधरपुर के पास टेंपो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हार्टअटैक से इंटर कॉलेज के प्रवक्ता की जान गई

हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचार : नगर के एक इंटर कॉलेज के प्रवक्ता की हार्टअटैक से मौत हो गई। इससे परिवार और कॉलेज के विद्यार्थियों में शोक है।

नगर के मोहल्ला मुख्य बाजार निवासी विपुल कुमार गुप्ता (54) श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में प्रवक्ता थे। सोमवार रात उन्हें हार्टअटैक पड़ गया। परिजन उन्हें नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने प्रवक्ता को मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान प्रवक्ता की मौत हो गई। प्रवक्ता का निधन होने पर कॉलेज की छुट्टी कर दी गई। छात्र छात्राएं प्रवक्ता के घर पहुंचीं। प्रवक्ता को याद कर छात्र छात्राएं भी रोने लगीं। फिलहाल गंगा घाट पर प्रवक्ता का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

100 रुपये नहीं लौटाने पर मजदूर की हत्या, पिता और पुत्र गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव ढ्यौटी उर्फ हादीपुर में 100 रुपये के विवाद में मजदूर की सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बताया गया कि गांव ढ्यौटी निवासी वीरेंद्र सिंह पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी सुशीला, दो बेटे और एक बेटी है। वीरेंद्र गांव वाजिदपुर के रहने वाले संजय के साथ मजदूरी करते थे। आरोप है कि कुछ दिन पहले वीरेंद्र ने संजय के पिता अमर सिंह से 100 रुपये उधार लिए थे। इन रुपये के लेनदेन को लेकर पांच दिन पहले वीरेंद्र और संजय के बीच कहासुनी हो गई थी। इस दौरान संजय ने धमकी दी थी। सोमवार शाम सात बजे वीरेंद्र गांव से अपने घर आ रहे थे। जैसे ही वह सरकारी अस्पताल के सामने पहुंचे तो यहां संजय पहले से खड़ा था। तभी संजय ने वीरेंद्र के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। आरोपी संजय घटना के बाद वहां से भाग निकला। परिजनों ने घायल वीरेंद्र को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में मृतक वीरेंद्र के भाई सुनील कुमार की तहरीर पर आरोपी संजय, उसके पिता अमर सिंह और शिवा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। संजय व उसके पिता अमर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

अपराध

- गांव ढ्यौटी उर्फ हादीपुर में हुई घटना, तीन लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

क्षेत्र में किया जा रहा अवैध खनन, जिम्मेदार अनजान

हसनपुर, अमृत विचार: तहसील क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। राजनीतिक संरक्षण के कारण खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। इन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

नगर के रहरा मार्ग स्थित एक गांव में बेखौफ होकर खनन किया जा रहा है। तहसील क्षेत्र में कई स्थानों पर मिट्टी के अवैध खनन किया जा रहा है। खनन के धंधेबाज मिट्टी को खोदने के बाद उन्हें ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर ले जाते हैं। मंगलवार को रहरा मार्ग स्थित एक गांव के खेत में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। खेत की मिट्टी को ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर गांव के दूसरे स्थान पर भराव के लिए भेजा जा रहा था। कुछ दिन पहले कोतवाली पुलिस ने इसी गांव से तीन ट्रैक्टर-ट्रालियां अवैध खनन करते हुए पकड़ी थीं, लेकिन उन्हें बिना किसी कार्रवाई के कोतवाली से छोड़ दिया गया था।

वार्षिक चुनाव शार्दुल अग्रवाल महामंत्री और कुंवर विनीत बने कोषाध्यक्ष, नए पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

रामलीला कमेटी के सातवीं बार अध्यक्ष चुने गए विशाल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अमरोहा द्वारा वार्षिक चुनाव एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें लगातार सातवीं बार विशाल गोयल अध्यक्ष चुने गए, जबकि कुंवर विनीत अग्रवाल कोषाध्यक्ष तो शार्दुल अग्रवाल महामंत्री बने। कमेटी के पदाधिकारियों ने तीनों का स्वागत किया।

सोमवार रात श्री धार्मिक रामलीला कमेटी का वार्षिक चुनाव हुआ। कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल व सीएल गुप्ता एक्सपोर्ट के डायरेक्टर प्रणित गुप्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। सर्वप्रथम कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान श्री राम के दरबार के आगे दीप प्रज्ज्वलित किया । कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 की रामलीला के आय-व्यय का ब्यौरा रखा। जिसको सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से पास कर दिया। इसके पश्चात कमेटी के संरक्षक विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि कमेटी के पदाधिकारियों के प्रयासों से आदर्श रामलीला महोत्सव 2023 ने अमरोहा नगर में नई ऊंचाइयों को छुआ है। 2024 में इन्ही पदाधिकारियो को अध्यक्ष, महामंत्री एवम कोषाध्यक्ष के पद पर पुनः आसीन रहना चाहिए। इसमें उन्होंने विशाल गोयल, शार्दुल अग्रवाल एवं कुंवर विनीत अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव सदन में क्रमश अध्यक्ष, महामंत्री एवम कोषाध्यक्ष के रूप में रखा। सदन ने ध्वनिमत से इसे पारित कर दिया। इस दौरान संरक्षक मंडल रमेश कुमार कालू, रमेश चंद गोयल, रविराज सरन, अनिल स्वरूप टंडन, अजय अग्रवाल विनोद गुप्ता, विजय शंकर सर्राफ, करुणेश गोयल, अरविंद अग्रवाल राजीव आर्य, अशोक कुमार गुप्ता, अजय चतुर्वेदी, कपिल शर्मा, शंकर प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

वार्षिक चुनाव के बाद मौजूद श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो से ठगी का प्रयास, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो से साइबर ठग ने ठगी करने का प्रयास किया। उसने उन्हें फोन कर बताया कि उनके बेटे को दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है।

छोड़ने के लिए रुपये की मांग की। शिक्षक विधायक का बेटा उनके पास ही बैठा था। इस मामले में शिक्षक विधायक ने दिल्ली निवासी विजय पांडे के खिलाफ नगर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

मंगलवार को डॉ. हरि सिंह ढिल्लो कल्याणपुर स्थित अपने आवास पर थे। उस समय उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम विजय पांडे बताया। उसने कहा कि वह दिल्ली के थाना सदर से बात कर रहा है। कहा कि उनका बेटा दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है। जबकि शिक्षक विधायक का बेटा उनके पास ही अपने घर में था।

उन्हें ठगी करने की बात समझ में आई। इस मामले की जानकारी उन्होंने पुलिस को दी। उन्होंने नगर कोतवाली में आरोपी विजय पांडे के खिलाफ तहरीर देकर ठगी करने का प्रयास करने का मामला दर्ज कराया। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

साइबर अपराध

- साइबर ठग ने खुद को दिल्ली निवासी विजय पांडे बताया
- एमएलसी के बेटे को दुष्कर्म के मामले में पकड़ने का दिया झांसा

पत्नी को पीटकर किया घायल, तहरीर दी

हसनपुर, अमृत विचार : दूसरी महिला के लिए पति ने पहली पत्नी को पीट कर घर से निकाल दिया। मंगलवार को घायल अवस्था में वह कोतवाली पहुंची। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है।

गांव बावनखेड़ी निवासी गुलेराना पत्नी फुरकान घायल अवस्था में कोतवाली पहुंच गई। यहां उन्होंने पुलिस को बताया कि उसके पति ने दो माह पूर्व अन्य महिला से कोर्ट मैरिज कर लिया। मंगलवार को उसके पति ने उसे पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो पति ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। भाइयों व पिता को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता से तहरीर लेकर घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

आशाओं का किया सम्मान

हापुड़, अमृत विचार : गांव वझीलपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सम्मान समारोह हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील त्यागी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली लक्ष्मी, कुसुम, रीना, रचना, एएनम लक्ष्मी देवी को सम्मानित किया।

सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने अपने पुत्र राजीव कुमार को बुरी संगत मे पड़ जाने एवं आये दिन झगड़ा व मार पीट करने के कारण उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है और वह अपने कुकृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। छत्रपाल सिंह पुत्र खेम सिंह निवसी ग्राम मीरपुर तहसील धनौरा थाना गजरौला जिला अमरोहा।

सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र दुष्यंत कुमार व उसकी पत्नी पूनम देवी, जितेंद्र कुमार व उसकी पत्नी ज्योति देवी द्वारा गलत आचरण के चलते सम्बन्ध विच्छेद करते हुए चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके कृत्यों की जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी।
प्रेम सिंह पुत्र हरि सिंह मोहल्ला वार्ड नंबर एक नई बस्ती माता मंदिर रोड ठाकुरद्वारा।

बोले युवा

लोकसभा चुनाव में युवाओं ने भी बढ़चढ़ कर भागीदारी की। सुबह से लेकर शाम तक मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोट डालते रहे। मतदान करने वाले युवाओं का उत्साह गर्मी के तेवर दिखाने के बाद भी कम नहीं हुआ। युवाओं ने विकास, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों को लेकर वोट डाले।

मैंने लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान किया है। मतदान करके अच्छा महसूस हो रहा है। संभल के विकास को लेकर वोट डाला है। यहां से रेलवे लाइन का विस्तार होना जरूरी है। **–शालिनी रानी**

संभल क्षेत्र के विकास के मुद्दे को लेकर पहली बार वोट किया है। युवाओं को रोजगार और नौकरी के अवसर मिलने चाहिए। ऐसा होने पर युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। **–पायल**

वोट डालने के लिए मैं सुबह से ही उत्साहित था। अब मतदान करके अच्छा लगा है। शिक्षा क्षेत्र में तरक्की होनी चाहिए। जिससे युवाओं को सहूलियत मिलेगी तो भविष्य उज्जवल बनेगा। **–ध्रुव सक्सेना**

देश और क्षेत्र का विकास होना चाहिए। विकास होने से ही देश आगे बढ़ेगा। इसी उद्देश्य के साथ आज पहली बार मतदान किया है। वोट डालने बेहद खुशी महसूस हो रही है। **–प्रथम**

विकास और शिक्षा के क्षेत्र में काम होना बेहद जरूरी है। जिससे क्षेत्र की भी तरक्की संभव है। इन मुद्दों को लेकर मैंने पहली बार लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग किया है। **–रखसान अली**

संभल के मुद्दों को ध्यान में रखकर पहली बार वोट किया है। उम्मीद है कि जिस प्रत्याशी को चुनाव में जीत मिलेगी, वह ईमानदारी के साथ संभल के मुद्दों को हल कराने का काम करेगा। **–फराज खान**

सभी को अपने घरों से निकलकर मतदान करना चाहिए। उनका पहली बार वोट बना था। वह सुबह ही वोट डालने के लिए अपने मतदान केंद्र पहुंची और सुरक्षा को लेकर उन्होंने अपना वोट डाला। **– तमन्ना वार्ष्णेय**

वर्तमान सरकार ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर बहुत काम किया गया है। पहले उनके माता–पिता कहीं भेजने से पहले डरते थे अब यह स्थिति नहीं है। **– लक्षिता वार्ष्णेय**

पहली बार मतदान करके उन्हें बहुत ही अच्छा लगा। वह इंतजार कर रही थी कि किस दिन वोट पड़ेंगे। जैसे ही सुबह 7 बजे तो उन्होंने मतदान किया। मतदान के बाद अच्छा महसूस हुआ। **–नेहा गौतम**

निर्वाचन आयोग हमें प्रत्येक 5 साल के बाद अच्छी सरकार चुनने का मौका देता है। इस मौके को सभी को आगे आकर अपनी जिम्मेदारी समझ कर निभाना चाहिए। मतदान अवश्य करना चाहिए। **– रीना**

कोई व्यक्ति किसी के पक्ष में भी मतदान कर सकता है। लेकिन मतदान करने से क्या होता है वह उन्होंने महसूस किया है। एक वोट की जिम्मेदारी राष्ट्र निर्माण की होती है। इसे समझना चाहिए। **–सोनाली**

पहली बार मतदान कर समझा कि हम एक अच्छी सरकार चुनने के लिए मतदान कर रहे हैं। देश में विकास हो, अच्छी शिक्षा सभी को मिले, रोजगार मिले, सुरक्षा मिले। इसी को लेकर उन्होंने मतदान किया है। सभी को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मतदान अवश्य करना चाहिए। **– अभय शर्मा, बहजोई**

सपा प्रत्याशी की पुलिस से नोकझोंक, हंगामा

एमजीएम कॉलेज मतदान केंद्र के पास बस्ता कब्जे में लेकर वोटरों को हिरासत में लेने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल में मतदान के बीच मंगलवार दोपहर को एमजीएम कालेज मतदान केंद्र के पास से कुछ लोगों को हटाने व हिरासत में लेने को लेकर जमकर हंगामा हुआ।

सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने सपा समर्थकों का बस्ता कब्जे में लेते हुए मतदान करने आए वोटरों को हिरासत में लेने के आरोप लगाये। सपा प्रत्याशी व समर्थकों की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को हिरासत में लेने का प्रयास किया तो हंगामा और बढ़ गया। दरअसल, चौधरी सराय में एमजीएम कॉलेज मतदान केंद्र पर शांतिपूर्वक तरीके से मतदान चल रहा था। इस बीच फर्जी वोटिंग के आरोप में चौधरी सराय चौकी इंचार्ज ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया। मामला सपा प्रत्याशी और समर्थकों के संज्ञान में आया तो बात बढ़ गई। सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क, उनके पिता ममलूकुर्रहमान बर्क व सपा नेता फिरोज खां मौके पर पहुंच गए। समर्थकों को बिना वजह हिरासत में लेने, बीएलओ से पर्ची छीनने और बस्ता कब्जे में लेने का आरोप लगाया। प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने एसपी कुलदीप सिंह गुनावत से बात करते हुए चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग रखी। जिसके बाद कुछ मिनटों में भारी पुलिस बल पहुंच गया लेकिन तब तक सपा प्रत्याशी और अन्य चले गए। कुछ देर बाद फिर से सपा प्रत्याशी, ममलूकुर्रहमान बर्क और सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां पहुंचे। एएसपी श्रीश चंद्र से वार्ता के दौरान तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। पुलिस कर्मी पूर्व जिलाध्यक्ष को हिरासत में लेने लगे तो जमकर धक्का मुक्की हुई। जिस पर सपा प्रत्याशी ने डीएम से बात की, जब जाकर पूर्व जिलाध्यक्ष को जाने दिया गया। पुलिस ने हिदायत दी कि पूर्व जिलाध्यक्ष गाड़ी से नहीं उतरेंगे। सपा प्रत्याशी ने पुलिस प्रशासन पर चुनाव में धांधली किए जाने का आरोप लगाकर मामले की शिकायत चुनाव आयोग से करने की बात कही।

पुलिस पर मनमानी का आरोप लगाकर विरोध जताते सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क।

फर्जी मतदान के आरोप में पकड़े व्यक्ति को हिदायत देती पुलिस। ● अमृत विचार

● **एएसपी के कहने पर पुलिस ने किया पूर्व जिलाध्यक्ष को हिरासत में लेने का प्रयास, हुई धक्का मुक्की**

पुलिस ने लाठी फटकार कर खदेड़ी भीड़

संभल, अमृत विचार : चौधरी सराय में एमजीएम कॉलेज मतदान केंद्र के पास काफी लोगों की भीड़ जुट गई। सीओ अनुज कुमार चौधरी के बाद एएसपी श्रीश चंद्र की अगुवाई में पुलिस ने सख्ती की। पुलिस ने लाठियां फटकार कर लोगों को खदेड़ दिया। मतदान केंद्र के आसपास जो दुकानें खुली थीं, उन्हें भी बंद कराया। कुछ लोगों को हिरासत में लेते हुए हिदायत दी। हंगामे के बाद मतदान केंद्र के आसपास भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने लोगों की भीड़ नहीं जुटने दी।

चन्दौसी में छिटपुट नोकझोंक के बीच 55.01 प्रतिशत मतदान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : चन्दौसी क्षेत्र में छिटपुट नोकझोंक के बीच मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। चन्दौसी व नरौली में भीड़ को तितर-बितर करने को लेकर पुलिस ने लाठी फटकारी तो लोगों की पुलिस से नोकझोंक हुई। वहीं बूथों पर मतदाताओं की लाइनें नजर आयीं। चन्दौसी विधानसभा क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 55.01 प्रतिशत मतदान हुआ।

दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मतदान केंद्र एफआर इंटर कॉलेज के पास एवन टेलर वाली गली में सपा का बस्ता था। सामने भाजपा का बस्ता था। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से यहां भीड़ अधिक जुट गई। जिससे भाजपा के बस्ते पर जाने वाले मतदाताओं को परेशानी हो रही थी। किसी ने पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और लाठी फटकार कर भीड़ को तितर बितर कर दिया। लोगों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। उधर नरौली के प्राइमरी विद्यालय मतदान केंद्र के बाहर दोपहर करीब 12 बजे लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने भीड़ को हटाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुला लिया गया। इसके बाद पुलिस ने लाठी फटकार कर भीड़ को हटाया।

बीएमजी इंटर कॉलेज में वोट डालने के लिए लाइन में खड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

गर्मी के बीच 62.81 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए तीसरे चरण के मतदान में संभल लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भीषण गर्मी के बावजूद उत्साह दिखाकर सबसे ज्यादा मतदान का रिकॉर्ड बनाया। कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के बीच सुबह से शाम तक बूथों पर वोट बरसते रहे तो 62.81 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। संभल में सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के आरोप लगाने पर पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। कई स्थानों पर ईवीएम मशीनें धोखा दे गईं तो काफी देर तक मतदान बाधित रहा। बहजोई और कैला देवी थाना क्षेत्र के तीन गांवों में बिजली, छुट्टा गोवंश पशुओं की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। हालांकि जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के समझाने पर मतदान शुरू भी कर दिया।

वोटिंग

● **संभल लोकसभा क्षेत्र के बूथों पर कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के बीच पड़े वोट**

संभल लोकसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी रहे तो यहां 18 लाख 98 हजार 202 मतदाताओं को मतदान करना था। सोमवार को बहजोई से रवानी के बाद पोलिंग पार्टियां और पुलिस बल मतदान बूथों पर पहुंच गया तो जिला प्रशासन ने चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को पूरा कर लिया था। मंगलवार को सुबह से ही लोकसभा क्षेत्र के 1933 मतदान बूथों पर कड़ी सुरक्षा और निगरानी का माहौल बन गया। वहीं मतदाता भी घरों से निकलकर मतदान बूथों का रुख करने लगे। कई मतदान बूथों पर सुबह के वक्त ही कतारें लगी नजर आईं तो तेज धूप होने से गर्मी बढ़ने के बावजूद मतदाताओं का उत्साह बरकरार रहा। मतदान बूथों पर दोपहर के वक्त भी वोट बरसते रहे। डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत समेत तमाम पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधीनस्थों को निर्देश देते रहे। मतदाता भी वोट का इस्तेमाल करके मजबूत और अच्छी सरकार एवं जनप्रतिनिधि को चुनते नजर आए। युवाओं और बुजुर्गों में मतदान के लिए खासा उत्साह दिखाई दिया। वहीं महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर वोट की आहुति दी। कई मतदान केंद्रों के बाहर बने सेल्फी प्वाइंट पर मतदाताओं ने सेल्फी लेते हुए लम्हें को मोबाइल में कैद कर लिया। संभल लोकसभा क्षेत्र में 62.81 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी में 67.48 प्रतिशत, बिलारी में 64.50 प्रतिशत, चंदौसी में 55.01 प्रतिशत, असमोली में 65.12 प्रतिशत और संभल में 62.14 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टियां ईवीएम मशीनों को लेकर बहजोई में स्थित यूपी स्टेट वेयर हाउस पहुंचीं। जहां कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के माहौल में स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें रखवा दी गईं।

मतदान करने जा रहे मजदूर की हार्ट अटैक से मौत

संभल, अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जाते समय मजदूर को अचानक हार्ट अटैक हुआ और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मजदूर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव पंसुखा निवासी मजदूर छोटे 50 वर्ष मंगलवार को पड़ोसी गांव मिलक में बने मतदान केंद्र पर मतदान के लिए जा रहा था। छोटे पैदल चलते हुए जैसे ही मिलक में पहुंचा तो अचानक छोटे के सीने में दर्द हुआ और वह जमीन पर गिर गया। ।ग्रामीणों ने छोटे को उपचार के लिए गांव के ही निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने चलाई लाठी, वोटर चोटिल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : असमोली विधानसभा क्षेत्र में पुलिस ने कई मतदान केंद्रों पर लाठी चलाई। इस दौरान कई लोग चोटिल हुए। सपा ने मतदान प्रभावित करने के लिए बेवजह लाठीचार्ज का आरोप लगाया। वहीं जिला प्रशासन ने कहा कि पुलिस ने मतदान केंद्र परिसर में घुसी भीड़ को बाहर कर मतदान व्यवस्थित कराने का काम किया है।

भड़के सपाई , पुलिस पर लगाया लाठियां भांजने का आरोप, वीडियो वायरल : असमोली विधानसभा क्षेत्र के गांव ओबरी स्थित मतदान केंद्र पर पुलिस टीम पहुंची तो मतदान केंद्र परिसर में काफी भीड़ नजर आई। इसके बाद ही पुलिस ने सख्ती कर लोगों को बाहर निकाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें तमाम महिला पुरुष मतदान केंद्र से बाहर भागते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने दावा किया कि पुलिस लाठीचार्ज में महिलाओं व बुजुर्गों सहित दर्जनों लोग चोटिल हुए हैं। इसी वीडियो के साथ सपा विधायक पिंकी यादव ने एक्स पर लिखा कि पुलिस ने वोट डालने से रोका और महिलाओं पर लाठीचार्ज किया। इसके जवाब में जिला प्रशासन ने कहा कि बूथ परिसर में अत्यधिक संख्या में लोग मतदान के बाद भी खड़े थे। उनको बाहर निकालकर सुरक्षा कर्मियों ने व्यवस्थित तरीके से मतदान कराया।

ओबरी में चोट दिखाते लाठीचार्ज में घायल लोग। ● अमृत विचार

कई गांव में लाठीचार्ज का दावा, वीडियो हो रहे वायरल

संभल : असमोली विधानसभा क्षेत्र के शहबाजपुर कलां, मुबारकपुर बंद, ढ़ाक शहीद, रतुपुर, व नहरोली मतदान केंद्रों पर भी पुलिस पर मतदाताओं पर लाठियां भांजने का आरोप लगाया जा रहा है। लाठीचार्ज के वीडियो के साथ ही पुलिस द्वारा मतदाताओं पर लाठियां भांजने से घायल हुए लोगों के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। आरोप है कि पुलिस ने मारपीट कर उनकी आईडी व वोटर पर्ची छीन ली। हालांकि पुलिस अधिकारी लाठीचार्ज की बात से इनकार कर रहे हैं।

गांव मौलागढ़ बूथ पर पहली बार वोट डाल कर खुशी जतातीं युवतियां।

पहली बार मतदान के बाद बूथ पर फोटो खिंचाती युवती।

युवाओं व बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक की भागीदारी

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में जहां एक ओर युवाओं समेत बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की वहीं पहली बार वोट डालने वाले युवा भी आगे रहे।

गांव मौलागढ़ में जूनियर हाईस्कूल स्थित बूथ पर वोट डालने आई युवती मंजीता और भावना में उत्साह नजर आया। उन्होंने बताया कि मतदान के इस महापर्व में भागीदारी करने का उन्हें पहली बार मौका मिला है। पूर्व संध्या से ही मतदान करने का उत्साह था। मंगलवार को सुबह उठ कर पहले मतदान फिर जलपान वाली थीम के अनुसार ही मतदान करने बूथ पर पहुंच गई और अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डाल कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। पहली बार वोट डालने पर खुशी का एहसास हुआ कि देश की सरकार बनाने में उनकी भी भूमिका है।

वोट डालकर युवाओं और महिलाओं ने खूब ली सेल्फी

संभल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान करने के बाद युवाओं और महिलाओं ने सेल्फी प्वाइंट पर खूब सेल्फी ली। उन्होंने सेल्फी के लम्हे का मोबाइल में कैद किया। दरअसल, जिला प्रशासन की ओर से संभल समेत अन्य शहर कस्बों में मतदान केंद्र के बाहर सेल्फी प्वाइंट तैयार कराए गए थे। शंकर इंटर कॉलेज और उम्मेद राय इंटर कॉलेज केंद्र पर बने सेल्फी प्वाइंट पर दिनभर तमाम युवाओं और महिलाओं ने सेल्फी ली। लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने को लेकर खुशी जाहिर की।

बुजुर्गों में दिखा उत्साह, दिन निकलते ही डाला वोट

गौरव वर्मा, संभल

अमृत विचार : लोकतंत्र के महापर्व में वोट देने के लिए बुजुर्गों में भी गजब का उत्साह दिखाई दिया। मंगलवार को दिन निकलने के ही बुजुर्गों ने मतदान केंद्रों का रुख किया। मतदान करने के बाद बुजुर्गों ने प्रतिक्रिया भी दी। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान किया है। अच्छी सरकार और बेहतर जनप्रतिनिधि को चुनने का काम किया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं तो बुजुर्ग मतदाता भी चुनावी शोर को सुन रहे थे। बुजुर्गों ने भी इस बार मतदान करके मजबूत और अच्छी सरकार चुनने का शायद मन बना लिया था। जिसकी झलक मंगलवार को दिखाई भी दी। संभल के शंकर इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर 70 वर्षीय सुशील कुमार गुप्ता वोट डालने के लिए पहुंचे। चलने में असमर्थ सुशील कुमार गुप्ता को परिजन व्हील चेयर पर बैठाकर मतदान केंद्र में ले गए। मतदान कराने के बाद इसी तरह वापस लाए। उन्होंने कहा कि मतदान करना संवैधानिक अधिकार है। इसलिए मतदान किया है। इसी तरह एक बुजुर्ग महिला परिजन के साथ मतदान केंद्र पर पहुंची और मतदान किया। 92 साल के डोरी लाल शर्मा ने भी मतदान केंद्र पर पहुंचकर मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट डाला। नगर के हिंद इंटर कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, उम्मेदराय इंटर कॉलेज, एमजीएम कॉलेज समेत कई मतदान केंद्रों पर ऐसे नजारे दिखे जबकि बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साह के साथ वोट की आहुति दी। हालांकि कई बुजुर्गों ने मतदान केंद्रों तक पहुंचने में परिजनों का सहारा लिया लेकिन मतदान के लिए उनका उत्साह कम नहीं रहा।

ऐंचोड़ा कम्बोह मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंची बुजुर्ग रामेश्वरी देवी।

गुन्नौर में बुजुर्ग को साइकिल से मतदान कराने लेकर जाते परिवार के सदस्य।

बुजुर्ग महिला को मतदान कराने लेकर पहुंची परिवार की महिला।

चुनाव सुबह मतदान शुरू होते ही केंद्रों पर कतारें लगी नजर आईं लेकिन दोपहर में रहा सन्नाटा

गर्मी ने दिखाए तेवर तो मतदान केंद्र खाली दिखे

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

अमृत विचार : भीषण गर्मी के बावजूद मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। सुबह को मतदान शुरु होते ही मतदान केंद्रों पर कतारें लगी नजर आईं। हालांकि दोपहर को गर्मी असहनीय हुई तो मतदान केंद्र सुनसान नजर आने लगे।

मंगलवार को सुबह से ही धूप तेज थी लेकिन हवा राहत दे रही थी। ऐसे में मतदाता सुबह सात बजे से ही मतदान के लिए पहुंचने शुरु हो गये थे। 12 बजे तक केंद्रों पर कतारें दिख रही थी लेकिन इसके बाद गर्मी तेज हुई तो मतदाता घरों से नहीं निकले। संभल शहर के निगार पब्लिक स्कूल पर सन्नाटा जैसा माहौल था। ग्रामीण इलाके के मतदान केंद्रों का भी यही हाल था। गुन्नौर में भी जैसे ही गर्मी ने तेवर दिखाए तो मतदान करने वालों की संख्या कम होती गई। इस बीच पुलिस पर वोट नहीं डालने देने के गंभीर आरोप लगे। दस्तावेजों में कमी होने पर मतदाताओं को लौटा दिया गया। दोपहर बाद गर्मी कम हुई तो 3 बजे के बाद फिर से मतदान केंद्रों पर मतदान ने रफ्तार पकड़ ली।

निगार पब्लिक स्कूल मतदान केंद्र पर पसरा सन्नाटा।

गांव धनुपुरा में दोपहर के समय खाली पड़ा मतदान केंद्र।

वृद्धा को व्हील चेयर पर मतदान कराने ले जाते परिजन।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी शांतिपूर्वक हुआ मतदान

कुढ़फतेहगढ़/बनियाठेर, अमृत विचार : मंगलवार को हुए लोकसभा चुनाव के दौरान संभल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। कुछ मतदान केंद्रों पर मतदान देरी से शुरू हुआ। सुबह 10 बजे तक मतदान केंद्रों पर काफी भीड़ देखने को मिली। मतदाताओं के लाइनें लगी रहीं। जैसे–जैसे गर्मी बढ़ती गई वैसे–वैसे मतदान केंद्रों पर सन्नाटा छाता गया। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर में बूथ संख्या 398 पर मतदान आधा घंटा देरी से 7 :30 बजे शुरू हुआ। दोपहर के समय कुढ़फतेहगढ़ के बूथ संख्या 390 व 391, धनुपरा के बूथ संख्या 370, बेहटा खास के बूथ संख्या 351, दियौरा खास के बूथ संख्या 403 पर तथा नवादा, चंडरौआ, धर्मपुर कुईया, फैजुल्लापुर आदि गांवों में बने मतदान केंद्रों पर सन्नाटा रहा। तेज धूप के चलते इक्का दुक्का ही मतदाता आते रहे। अपरान्ह तीन बजे के बाद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की एक बार फिर से लाइन लग गई। वहीं कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष संदीप कुमार बालियान भ्रमण करते रहे और भय मुक्त होकर मतदान के लिए प्रेरित किया। उधर बनियाठेर क्षेत्र में भी शांतिपूर्ण मतदान हुआ।

तेज धूप पर भारी पड़ा बुजुर्गों का उत्साह, कर्तव्य निभाया

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : तीसरे चरण में मंगलवार को जिले में शाम पांच बजे तक 61.01 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के लिए बुजुर्गों में उत्साह नजर आया।

तेज धूप पर बुजुर्गों का उत्साह भारी पड़ा। सीता रोड निवासी 75 वर्षीय सरस्वती देवी व्हील चेयर पर वोट डालने के लिए पहुंचीं तो वहीं लायंस कालोनी के 72 वर्षीय दुर्गा प्रसाद भी व्हील चेयर पर एसएम इंटर कालेज बूथ पर वोट डालने पहुंचे। इस दौरान बुजुर्गों से पूछा गया तो उनका यही जवाब था कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को उत्साह से भागीदारी करनी चाहिए। मतदान कर अच्छी सरकार बनाना सभी का अधिकार है। उन्होंने अपना कर्तव्य निभा दिया है।

वोट डाल कर बाहर आते बुजुर्ग।

वोट डाल कर आती बुजुर्ग महिला।

एक नजर

सपा प्रत्याशी ने कहा- वोट डालने से न रोके प्रशासन

चन्दौसी, अमृत विचार : संभल लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी ने बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली व गांव जनेटा का भ्रमण कर मतदान का जायजा लिया। मंगलवार को सपा के जिया उर्रहमान सुबह 11 बजे बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली के बूथों पर मतदान का जायजा लेने पहुंचे। वहां उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से जानकारी की। इसके बाद वह गांव जनेटा पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें डर है कि प्रशासन कहीं उनके वोटरों को वोट डालने से न रोके। इसलिए वह मतदान केंद्रों का भ्रमण करने पहुंचे हैं।

विद्युत व्यवस्था खराब होने पर भड़के ग्रामीण

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई के गांव ढकारी के प्राथमिक विद्यालय में मतदान केंद्र पर सुबह 6 बजे से कुछ ही ग्रामीण मतदान कर पाए थे। इसके बाद ग्रामीणों ने गांव में बहुत दिनों से खराब चल रही विद्युत व्यवस्था को लेकर तथा गांव के रास्ते पर रेलवे के बना अंडरपास में पानी भर जाने को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने ग्रामीणों को समझने की कोशिश की। लेकिन ग्रामीण नहीं माने साढ़े दस बजे के लगभग बहजोई के पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू गांव में पहुंच गए। जहां उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों से गांव की बिजली व्यवस्था से चालू कराई। अंडरपास की व्यवस्था को भी ठीक करने का आश्वासन दिया तो ग्रामीण मान गए।उन्होंने 11 बजे के बाद मतदान करना प्रारंभ किया।

पुलिस ने बंद कराईं आधी खुली दुकानें

चन्दौसी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने मंगलवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक बाजार बंद रखने के आदेश जारी कर दिए थे। जिससे बाजार बंद ही रहा। इक्का दुक्का मेडिकल स्टोर समेत गली मोहल्लों में दुकानें खुली नजर आयीं। बाजार में दाल चना व खस्ता कचौड़ी के इक्का दुक्का ठेले ही नजर आए। वह भी बाजार से सट कर गली में ही ठेला लगाते मिले। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह फोर्स के साथ नगर में भ्रमण कर दुकानें बंद करने का अनाउंसमेंट करते रहे। तो वहीं बीएमजी इंटर कॉलेज मतदान केंद्र के निकट खुली दुकानों को पुलिस ने बंद कराया।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 9 पर भी

संभल में अपनी आईडी दिखाते कतार में लगे मतदाता। ● अमृत विचार

असमोली के हरथला मतदान केंद्र पर वोट डालने को कतार में लगीं महिला मतदाता। ● अमृत विचार

चंदौसी में नजर नहीं आया मतदान के प्रति उत्साह

दोपहर बाद पन्ना प्रमुख वोटरों को निकालने का करते दिखे प्रयास, संकल्प भी भूले लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए शपथ ग्रहण के साथ संकल्प दिलाया गया था। मगर मंगलवार को चुनाव के दिन मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह नजर नहीं आया। दोपहर 12 बजे के बाद ही मतदान केंद्र खाली नजर आए।

लोकसभा चुनाव में प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों ने भी अपने-अपने कार्यकर्ताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बैठकें व कार्यक्रम किए थे। ताकि लोग मतदान के प्रति जागरुक हो सके और घर से निकलकर वोट डालने पहुंचे। मंगलवार को वोटिंग के दौरान सुबह के समय कुछ लोग परिवार के साथ वोट डालने पहुंचे। मगर दोपहर 12 बजे के बाद लोगों में मतदान के प्रति उत्साह नजर नहीं आया।

अपराह्न तीन बजे के बाद भाजपा पन्ना प्रमुख गली-मोहल्लों में पहुंचे और लोगों से वोट डालने की अपील की। जिसके बाद कुछ ही लोग वोट डालने आए, बाकी घरों में रहे। प्रयासों के बाद भी लोगों में वोट डालने का उत्साह नहीं दिखा। शाम पांच बजे तक चन्दौसी क्षेत्र में 55.01 प्रतिशत मतदान हो सका।

नरौली स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ पर निगरानी करता जवान। ● अमृत विचार

गुन्नौर में हुआ 53.66 % मतदान तीन बूथों पर खराब हुईं ईवीएम

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : बदायूं लोकसभा क्षेत्र के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच 53.66 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तीन बूथों पर ईवीएम में खराबी से काफी समय तक मतदान बाधित रहा। मतदान के दौरान दिन भर अफवाहों का दौर चलता रहा। सपा नेताओं ने पुलिस पर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने और सपा समर्थक मतदाता की पर्ची चेक करने के नाम पर मतदान से रोकने का आरोप लगाया।

सुबह बूथों पर मतदाता पहुंचे लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ा और गर्मी बढ़ी तो मतदान की गति धीमी हो गई। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिला। गुन्नौर के दीनानाथ अग्रवाल इंटर कॉलेज गुन्नौर बूथ संख्या 268 पर मतदान शुरू होने के समय मतदाताओं की लाइन लग गई। गांव पुसावली के बूथ संख्या 331 पर ईवीएम में खराबी से होने से करीब सुबह 20 मिनट मतदान बाधित रहा।, हरफरी के बूथ संख्या 143 में सुबह मतदान शुरू होते ही ईवीएम में खराबी आ गई। करीब 40 मिनट बाद ईवीएम ठीक होने के बाद मतदान सुचारू हुआ।

महिलाएं धूप व गर्मी के कारण नहीं पहुंचीं वोट डालने

चन्दौसी, अमृत विचार : सुबह सात से आठ बजे तक ही अधिकांश महिलाएं मतदान केंद्रों पर नजर आई। इसके बाद जैसे-जैसे सूरज की तपिश बढ़ती गई। वैसे-वैसे महिलाओं का वोट डालने का उत्साह कम होता चला गया। मंगलवार को शहरी क्षेत्र में महिलाओं ने मतदान के प्रति रुचि नहीं दिखाई।

ईवीएम खराब होने पर रुका रहा 20 मिनट तक मतदान

चन्दौसी, अमृत विचार : एसएम इंटर कॉलेज के बूथ नंबर 128 पर मंगलवार की अपराह्न तीन बजे ईवीएम खराब हो गई। जिससे मतदान प्रभावित हो गया। इसके बाद दूसरी ईवीएम मंगवाकर मतदान आरंभ कराया गया। जिससे 20 मिनट तक मतदान रुका रहा। लोकसभा चुनाव में एसएम इंटर कॉलेज को मतदान केंद्र बनाया गया है। सुबह सात बजे मतदान आरंभ कर दिया गया। लोग अपना-अपना वोट डालने पहुंचते रहे। अपराह्न तीन बजे बूथ संख्या 128 में ईबीएम मशीन अचानक खराब हो गई। जिससे वोटिंग रुक गई। तुरंत ही जानकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट कमल कांत सिंह को दी गई। वह मौके पर पहुंचे और मतदान कर्मियों से जानकारी की। इसके बाद कुछ देर बाद दूसरी ईवीएम मंगाकर मतदान आरंभ कराया गया। उन्होंने बताया कि अपराह्न तीन बजे पहली ईबीएम में 406 वोट पड़ चुके थे। इसके बाद दूसरी ईबीएम मशीन लगाई गई।

कई बूथों पर धोखा दे गईं ईवीएम, बाधित हुआ मतदान

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान बूथों पर ईवीएम मशीन धोखा दे गई तो मतदान रुक गया। आधा घंटे में व्यवस्था दुरुस्त हो सकी, तब जाकर मतदाताओं ने वोट डाले। असमोली क्षेत्र के गांव हरथला, दारापुर उर्फ दूल्हापुर बंद और ढ़ाक शहीद में मतदान केंद्रों पर मतदान के दौरान ईवीएम में अचानक खराबी आ गई। जिस कारण मतदान रुक गया। कतार में खड़े मतदाता भी परेशान होने लगे। कई मतदाता बिना मतदान किए ही लौट गए। करीब आधा घंटे के बाद ईवीएम चालू हुईं तो मतदाताओं ने बूथों पर पहुंचकर मतदान किया। जिसके बाद मतदान सुचारू रूप से चला। वहीं विकास खंड संभल के गांव पाली में मतदान केंद्र के बूथ संख्या 129 व 130 पर मतदान शुरू हुआ। मतदाता ढाई घंटे मतदान कर सके तो साढ़े नौ बजे बूथ संख्या 129 की ईवीएम खराब हो गई। जिससे बूथ पर मतदान रुक गया। दस बजे दूसरी मशीन मतदान बूथ पर पहुंची तो फिर से मतदान शुरू हो सका। ईवीएम खराब होने से करीब 30 मिनट कर मतदान प्रभावित रहा।

संभल के हिंद इंटर कालेज मतदान केंद्र पर कतार में खड़ी मुस्लिम महिलाएं।



ऐंचोड़ा कम्बोह में मतदान के बाद केंद्र से बाहर आते आचार्य प्रमोद कृष्णम।

संभल में मतदान के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क।

गुन्नौर में परिजनों के साथ केंद्र से बाहर आते सपा विधायक रामखिलाड़ी यादव।

प्रत्याशी समेत भाजपा के दिग्गजों ने डाले वोट

पति संग वोट डाल कर बाहर आतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव।

परिवार के साथ वोट डाल कर आते भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी।

भाजपा के बस्ते पर लोगों को मतदान को प्रेरित करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी।

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : भाजपा के स्थानीय दिग्गज नेताओं ने भी मतदान कर लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में हिस्सा लिया। सुबह 7.20 बजे भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी अपने परिवार के साथ बीएमजी इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और वोट डाला। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी भी अपने परिवार के साथ एसएम डिग्री कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर पहुंची और अपने मत का प्रयोग किया। साथ ही मतदान के बाद सुभाष रोड स्थित भाजपा के बिस्तर पर पहुंच कर लोगों को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया। उधर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने भी अपने पति नीलेश यादव के साथ पोलिंग बूथ पर अपने मत का प्रयोग किया।

शांतिपूर्ण मतदान कराने को अफसर करते रहे भ्रमण

चन्दौसी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस कई दिन से मेहनत कर रहे थे। मंगलवार की सुबह सात बजे जैसे ही मतदान आरंभ हुआ। उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियां एक से दूसरे मतदान केंद्रों की ओर दौड़ती नजर आईं। जिससे मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। शासन ने पहले ही प्रशासन व पुलिस को लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दे दिए थे। तभी से प्रशासन के साथ पुलिस भी शांतिपूर्ण चुनाव कराने में जुट गई है। चुनाव से पहले पहुंचे अर्द्धसैनिक बल के साथ पुलिस अधिकारियों ने शहर व देहात क्षेत्रों में भ्रमण किया था। ताकि लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा हो सके। साथ ही अराजक तत्व ऐसी कोई हरकत न सकें। मंगलवार की सुबह सात बजे चुनाव आरंभ होने पर प्रशासन व पुलिस के अफसर हरकत में आ गए। इसके बाद सायरन लगी गाड़ियां एक से दूसरे बूथ पर आती व जाती नजर आती रहीं।

मतदान का बहिष्कार कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

छुट्टा गोवंश व बिजली समस्या को लेकर किया मतदान का बहिष्कार

संवाददाता, सौंधन/कैला देवी

अमृत विचार : असमोली विधानसभा क्षेत्र के गांव लखनपुर में ग्रामीणों ने छुट्टा गोवंश पशु और बिजली समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई। वहीं गांव लतीफपुर पस्तोरा में सड़क नहीं बनने पर एक घंटे तक ग्रामीण मतदान के लिए नहीं पहुंचे। अधिकारियों के समझाने पर ग्रामीणों ने मतदान शुरू किया।

गांव लखनपुर के दर्जनों पुरुषों और महिलाओं ने बिजली और छुट्टा गोवंश की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि बिजली की समस्या बनी हुई है। छुट्टा गोवंश पशु आये दिन खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। मतदान बहिष्कार की सूचना पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को समस्या बताकर निजात दिलाने का आश्वासन दिया। तब जाकर दो घंटे बाद ग्रामीणों ने मतदान शुरू किया। वहीं गांव लतीफपुर पस्तोरा में सड़क निर्माण न होने से ग्रामीण नाराज हुए। बाद में आपसी सहमति के बाद ग्रामीणों ने एक घंटे बाद मतदान शुरू किया।

सपा विधायक इकबाल महमूद।

स्याही लगी उंगली दिखाते पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां व उनकी पत्नी उर्दू अकादमी की पूर्व चेयरमैन तरन्नुम अकील।

बहजोई में वोट डालने के बाद सेल्फी लेतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

बहजोई में मतदान के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

सिरसी में वोट देने के बाद चेयरमैन कौसर अब्बास। ● अमृत विचार

कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखीं ईवीएम

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : मंगलवार को मतदान के बाद पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करा दिया। ईवीएम टू लेयर की कड़ी सुरक्षा घेरे में स्ट्रांग रूम में रख दी गई है। वहां अंदर की सुरक्षा केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों के हाथ रहेगी तो बाहरी सुरक्षा के लिए संभल पुलिस के जवान रहेंगे।

जैसे ही मतदान समाप्त हुआ वैसे ही ईवीएम लेकर पोलिंग पार्टी पहुंची। विधानसभा वार वेयरहाउस में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम को सुरक्षित रखा गया। यहां पर बैरिकेडिंग के साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां को पूरा किया गया। 4 जून को होने वाली मतगणना तक स्ट्रांग रूम टू लेयर सुरक्षा घेरे में रहेगा। संभल लोकसभा की चंदौसी, असमोली, संभल, विधानसभा व बदायूं लोकसभा की गुन्नौर विधानसभा कि ईवीएम मशीन के लिए चार कक्ष बनाए गए हैं जिनमें ईवीएम मशीन रखी गई हैं। ईवीएम 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी रहेगी। इन सीसीटीवी कैमरा देखने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया। जहां पर 24 घंटे कर्मचारियों ड्यूटी लगाई गई है।

चन्दौसी के एसएम इंटर कॉलेज में मतदान के बाद लौटती पोलिंग पार्टी।

भटके मतदान कार्मिक महिला कर्मी हुई परेशान

बहजोई : चुनाव कराने को लेकर तो मतदान कार्मिकों को जिला प्रशासन ने वाहन उपलब्ध किए थे। लेकिन जैसे ही चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम जमा हो गई उन्हें अपने घर तक जाने के लिए जिला प्रशासन ने वाहनों का इंतजाम नहीं किया था। चुनाव की वजह से सड़कों पर वाहन भी नहीं चल रहे थे। इसके चलते मतदान कर्मियों भटकने पर मजबूर हो गए। महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हुई।

6 बजे हुआ मतदान समाप्त, पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

चन्दौसी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव मंगलवार की सुबह सात बजे आरंभ हुआ। शाम छह बजते ही मतदान केंद्रों के गेट बंद कर दिए। किसी मतदाता को बाहर से अंदर नहीं आने दिया गया। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कर्मियों ने ईवीएम को पोलिंग एजेंट के सामने सील किया। सभी पोलिंग एजेंटों के हस्ताक्षर कराए गए। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच पोलिंग पार्टियां वाहन में सवार होकर बहजोई की ओर रवाना हो गईं। इस दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

कंट्रोल रूम में वेब कास्टिंग से देखी गईं गतिविधियां

बहजोई, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के कंट्रोल रूम में 824 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग से सीधे पल-पल की गतिविधियां देखी गई। एडीएम के नेतृत्व में टीम ने मतदान पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों को देखा तो वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट को मौके पर भेजा।

लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद के 824 क्रिटिकल व बर्नेबल मतदान केदो पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। जिसका कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में बनाया गया था। जहां पर एडीएम प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में वेब कास्टिंग टीम एलईडी पर लाइव प्रसारण देख रही थी। जहां से भी संदिग्ध गतिविधि की खबर आई। वहां पर ही सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस बल को भेजा गया। सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान के अंतिम समय तक बैंक कास्टिंग की व्यवस्था चलती रही।

चर्चा मतदान में भाजपा प्रत्याशी का गृह विधानसभा क्षेत्र चंदौसी रहा सबसे फिसड्डी

घर में भी मतदाताओं को नहीं जगा पाए

भीष्म सिंह देवल, संभल

अमृत विचार : भाजपा के बूथ प्रबंधन के बावजूद भाजपा का गढ़ माने जाने वाले चंदौसी विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान ने भाजपा को टेंशन दी है। भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी व राज्य मंत्री गुलाब देवी के गृह क्षेत्र में कम मतदान को लेकर भाजपा मंथन कर रही है। वहीं कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने ऐसा उत्साह दिखा कि सब देखते रह गये।

अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बावजूद संभल लोकसभा क्षेत्र में मतदान बूथों पर वोट की बरसात हुई। संभल लोकसभा क्षेत्र में 62.81 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी में सबसे अधिक 67.48 फीसदी तो चंदौसी विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 55.01 प्रतिशत मतदान हुआ। भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी चंदौसी के ही रहने वाले हैं जबकि यह राज्यमंत्री गुलाब देवी का भी विधानसभा क्षेत्र है। चंदौसी को भाजपा का गढ़ माना जाता है। ऐसे में अपने गढ़ में कम मतदान लेकर तमाम तरह की बातें कही जा रही हैं। बड़ी चर्चा यही कि आखिर कम मतदान की वजह क्या रही। कुंरदकी में सबसे ज्यादा मतदान भी चर्चा में है।

विधानसभा	9.00 बजे	11.00 बजे	01.00 बजे	03.00 बजे	05.00 बजे	अंतिम
कुंदरकी	17.00%	35.83%	47.21%	57.04%	65.91%	67.48%
बिलारी	15.95%	31.79%	44.27%	55.25%	63.03%	64.50%
चंदौसी	13.36%	25.95%	38.04%	46.05%	53.41%	55.01%
असमोली	13.39%	28.47%	43.34%	54.45%	63.07%	65.12%
संभल	13.87%	27.77%	42.01%	47.53%	60.27%	62.14%

एक नजर

घर में दो किलो चरस पकड़ी, आरोपी गिरफ्तार

नहटौर, अमृत विचार : मोहल्ला मोलवियान में पुलिस ने एक घर पर छापेमार कर दो किलो चरस बरामद की है। सीओ धामपुर भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। मोहल्ला मोलवियान निवासी मोहम्मद शब्बू के घर पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने दरवाजे बंद कर लिए। पुलिस छत के रास्ते घर में घुसी। पुलिस को तलाशी के दौरान घर से करीब दो किलो चरस मिली। पुलिस शब्बू को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि आरोपी उत्तराखंड सहित कई स्थानों पर पहले भी पकड़ा चुका है। कोतवाल धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि कार्रवाई की जा रही है।

ग्राहक की बाइक चोरी

नगीना, अमृत विचार : गांव बेगमपुर शादी उर्फ हुरनंगला निवासी वेदराम सिंह अपने परिवार के साथ आजाद कॉलोनी में किराये के मकान में रहता है। सोमवार शाम पांच बजे वेदराम कालाखेडी रोड स्थित पवन कुमार की किराना की दुकान से सामान खरीद रहा था। उसने अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ी कर दी थी। तभी कोई चोर उसकी बाइक ले गया। सूचना के बाद चितौड़गढ़ पुलिस चौकी प्रभारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित वेदराम व दुकानदारों से घटना की जानकारी ली।

दम घुटने से बुजुर्ग की मौत, 12 गंभीर

मोहल्ला नौधा दक्षिणी की घटना, फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी

संवाददाता, नहटौर (बिजनौर)

अमृत विचार : बाईपास पर नगर पालिका द्वारा डंप किए गए कूड़े के ढेर में आग लगने से धुआं आसपास के मोहल्लों में फैल गया। धुएं से दम घुटने से वृद्ध की मौत हो गई। जबकि 12 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का प्रयास किया।

सोमवार रात करीब नौ बजे नहटौर धामपुर बाईपास पर कूड़े के ढेर में आग लग गई। इससे आबादी में धुआं ही धुआं हो गया। आग की लपटों ने परेशानी बढ़ाई। धुआं फैलने से कई मोहल्लों में लोगों को दम घुटने की शिकायत हुई। मोहल्ला नौधा दक्षिणी में धुआं फैलने से मोहम्मद इरफान (65), वाजिद, फिरोजा पत्नी मोहम्मद शाहिद, छिद्दो पत्नी सद्दीक, अरशद, सरताज, शाहिद, यासीन, मदीना खातून पत्नी नजरहसन, शाहिद पुत्र सराजुद्दीन सहित 12 से अधिक लोगों की दम घुटने से तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने इन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात दो बजे चिकित्सक ने इरफान को मृत घोषित कर दिया। आग की सूचना पर पुलिस व नगर पालिका कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नगर पालिका के टैंकरों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग बुझती न देख फायर बिग्रेड की गाड़ी को बुलाया गया जिसने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। देर शाम तक भी कूड़े के ढेर से धुआं उठ रहा था। पालिका कर्मचारी आग बुझाने में लगे हुए थे।

मोहल्लेवासी महताब शेख, मोहम्मद फारूक, सलीम मलिक, अमीनुद्दीन, इमरान अंसारी, इकबाल मलिक, अफजाल मलिक, सरफराज अहमद, कमरुद्दीन, जाहिद हुसैन, फरहान अहमद, फुरकान, अबरार मलिक, सद्दाम, यूसुफ आदि का कहना है कि कई वर्षों से बाईपास पर नगर पालिका द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। इसमें आए दिन आग लग जाती है। धुआं मोहल्लों में फैल जाता है। इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। उन्होंने अधिकारियों से बाईपास पर डाले जा रहे कूड़े से निजात दिलाने की मांग की है।

वार्ड सभासद के पति सराफत अल्वी ने बताया कि पालिका प्रशासन को जानकारी दी गई है। पालिका की टीम आग बुझाने में लगी हुई है। अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह का कहना है कि पालिका की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। 10 दिन के भीतर कूड़ा हटा दिया जाएगा।

उधर, एसडीएम रितु रानी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पालिका प्रशासन को निर्देश देकर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

कूड़े के ढेर पर पानी डालकर आग बुझाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

लापरवाही

- धामपुर बाईपास पर पालिका प्रशासन डलवाता है कूड़ा

पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला फैक्ट्री कारीगर का शव

किरतपुर, अमृत विचार : बहराइच के रहने वाले फैक्ट्री कारीगर का शव पेड़ के सहारे गमछे के बने फंदे पर लटका मिला। उसके पास ही उसके सामान का बैग रखा था। मौत की वजह आत्महत्या व हत्या में उलझी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिला बहराइच में जरवल थाना क्षेत्र के गांव हाता निवासी सुंदर का पुत्र पिंटू (35) यहां एक फैक्ट्री में कारीगर था। सोमवार रात्रि नौ बजे वह ठेकेदार से घर जाने को कहकर फैक्ट्री से गया था। मंगलवार दोपहर फैक्ट्री के पास ही एक खेत में पेड़ के सहारे फंदे पर उसका शव लटका मिला। शव के पास ही उसका सामान रखा मिला। ठेकेदार बलिराम ने बताया कि वह फैक्ट्री में लेबर का ठेकेदार था। तीन वर्ष पूर्व हुई पत्नी की मृत्यु से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। उसने फंदा लगा कर आत्महत्या की है। उसके दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। हलका दरोगा योगेश ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

मैनपुरी की घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अमृत विचार : मैनपुरी में सपा के रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मंगलवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।

ज्ञापन में कहा कि देश के सम्मान की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ाई लड़ने वाले महाराणा प्रताप की प्रतिमा को सपा कार्यकर्ताओं ने अपमानित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल भी किया गया। इस घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सपा प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर आशीष अग्रवाल, अभिषेक, पवन कुमार सिंह, प्रमोद चौहान, नवीन अग्रवाल, मानव सचदेवा, पूनम अग्रवाल, दीपक गर्ग उर्फ मोनू, विकास अग्रवाल, जावेद आलम, हिमांशु दीवान, तरुण राजपूत, सुरजीत चौधरी, अमित ठाकुर, सुजीत कुमार, मायापाल आदि मौजूद रहे।

कोर्ट ने भाजपा नेत्री आशु को भेजा जेल

अमरोहा, अमृत विचार : जिला जज की कोर्ट ने भाजपा नेत्री आशु अग्रवाल को जेल भेज दिया। कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज होने पर जेल भेजने का आदेश दिया।

शहर के मोहल्ला कटरा गुलाम अली निवासी आशु अग्रवाल परिवार के साथ जोया रोड स्थित अमरोहा ग्रीन कालोनी में रहती हैं। सपा सरकार में वह महिला संगठन में पदाधिकारी थीं। लेकिन, 2017 में वह भाजपा से जुड़ गई थीं। पारिवारिक विवाद के मामले में 2008 में शहर कोतवाली में उनके खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। आशु अग्रवाल इस मामले में कोर्ट से वांछित चल रही थीं। मगंलवार को उन्होंने जिला जज जफीर अहमद की कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। जिला जज ने जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद आशु अग्रवाल को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

बासमती धान उत्पादन की दी जानकारी

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : गांव उमरी में जिले के किसानों के लिए बासमती का उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पादन तकनीकी विषय पर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ से टेली एग्रीकल्चर तकनीकी के माध्यम से उपस्थित किसानों को जानकारी दी गई।

इसमें विद्यालय के कुलपति डॉ. कृष्ण कुमार सिंह ने किसानों से कहा कि इस समय आधुनिक तकनीकी का है। देश के किसी भी कोने से किसानों को जानकारी दी जा सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय मेरठ के वैज्ञानिकों ने बासमती धान उत्पादन की तकनीकी की जानकारी टेली एग्रीकल्चर तकनीक से दी।

कार्यक्रम का संयोजन निदेशक प्रसार डॉ. पीके सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसानों को नवीनतम तकनीकी की जानकारी किसानों के खेतों और आईसीटी तकनीकी के माध्यम से दी जा रही है। बताया कि बासमती धान पैदा करते समय कौन-कौन सी सावधानी अपनानी चाहिए, बासमती में कीट एवं रोगों का प्रबंध कैसे करें, बासमती से स्वरोजगार कैसे अपनाया जा सकता है। किसानों के प्रश्नों का समाधान कृषि विश्वविद्यालय मेरठ से जुड़े वैज्ञानिकों ने किया। कृषि विज्ञान के नगीना के वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह डॉ. शिवांगी, डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, इंजीनियर शैलेंद्र कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किसान ऋतुराज सिंह के फॉर्म उमरी ऑर्गेनिक ऑर्चर्ड एलएलपी पर किया गया। इस दौरान शरद कुमार, सर्वेंद्र कुमार, पंकज राणा, सुमन रानी, शिखा राजपूत, शरद जैन आदि रहे।

कार्यक्रम में शामिल कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

पशुओं को लू से बचाव के लिए तैयार करें कार्ययोजना

हापुड़, अमृत विचार : विकास भवन स्थित सभागार में मंगलवार को लू से बचाव एवं राहत के लिए कार्ययोजना तैयार करने और व्यवस्थाएं करने के संबंध में बैठक हुई। इसमें अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुसार, व्यवस्था करने को कहा गया।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने गांव बनखंडा में गो आश्रय स्थल पर संरक्षित गोवंशों को गर्मी व लू से बचाव के इंतजाम का निरीक्षण किया। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पशुओं का टीकाकरण कराया जा चुका है। सभी पशुओं का टिनशेड में पाया गया। भूसा भी पर्याप्त मात्रा में पाया गया। ग्राम सचिव ने बताया कि इस गांव में 50 क्विंटल भूसा दान से प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष 32 क्विंटल भूसा दान में मिला है।

खाटू श्याम के कीर्तन में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

बाबा के कीर्तन में झूमे भक्त

संवाददाता, नजीबाबाद

अमृत विचार : समीपुर में डॉ. देशराज चौहान की ओर से खाटू श्याम बाबा का कीर्तन कराया गया। इसमें क्षेत्र के श्याम भक्त शामिल हुए। कलाकारों ने भजन सुनाकर सबको भाव विभोर कर दिया।

डॉ. देशराज चौहान ने यज्ञ हवन कराया। इसमें चौधरी ईशम सिंह, सनोज देवी, मोनिका, रुस्तम यादव, अमित गुप्ता, युवी चौधरी, केशव यादव, चौधरी नरेन्द्र सिंह, रीना चौधरी, मंजू पाल, बेबी रानी, शिव्याजली चौधरी, तनिष्का सिंह ने भाग लिया। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि भगवान के दरबार में सभी एक समान हैं। सबको मिलकर प्रेम से जीवन बिताने की आवश्यकता है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन होने से आपसी प्रेम सद्भाव में वृद्धि होती है। इस दौरान आलोक गुप्ता, संगीता गुप्ता, अल्पना गुप्ता, नितिन कुमार, राजू शर्मा, मुनेन्द्र सिंह, टिंकू शर्मा, उदित राज, संगीत मंडली से सुनीता शर्मा, चिराग भटनागर, राजू पंजाबी आदि रहे।

दुष्कर्म के मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

हापुड़, अमृत विचार : दुष्कर्म के मामले में कोर्ट के आदेश पर सिंभावली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। 10 मार्च को तीन युवक किशोरी का घर से अपहरण कर ले गए थे।

उन्होंने गन्ने के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता की मां ने सिंभावली थाने में तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई थी। लेकिन पुलिस ने पीड़िता की सुनवाई नहीं की थी। इसके बाद पीडिता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर आरोप लगाया था। बरामदे में सो रही नाबालिग ननद को तमंचा और चाकू दिखाकर उठा कर ले गए। आरोपी युवकों ने किशोरी के अश्लील फोटो और वीडियो बना कर डराया धमकाया था। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की थी।

ईवीएम की निगरानी करने पहुंचे सपा के कार्यकर्ता

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : स्ट्रांग रूम पर जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव के नेतृत्व में दर्जन भर से अधिक सपा कार्यकर्ता पहुंच गए।

जहां से उन्होंने ईवीएम की निगरानी करनी शुरू कर दी। सपा कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि जब तक मतगणना होगी तब तक वह प्रतिदिन ईवीएम की दिन-रात रखवाली करेंगे।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मास्टर उमेश यादव सद्दाम कुरेशी विजय यादव सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व प्रधान में हुई नोकझोंक

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव मांडली समसपुर में मंगलवार को मतदान केंद्र पर निरीक्षण करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संभल चौधरी हरेंद्र सिंह और पूर्व ग्राम प्रधान से किसी बात को लेकर नोकझोंक हो गई। मतदान केंद्र पर नोकझोंक होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूर्व प्रधान को हिरासत में ले लिया।

सीएचसी में बनाया गया कोल्ड रूम

गुन्नौर, अमृत विचार : हीटवेव को देखते हुए सीएचसी पर कोल्ड रूम बनाया गया। कोल्ड रूम में सौ आइस पैक की व्यवस्था रही। कोल्ड रूम में सीएचसी स्टाफ सुबह सात बजे से मतदान समाप्त होने तक मौजूद रहा। ताकि मतदान केंद्र पर किसी की तबीयत खराब हो तो उसका उपचार किया जा सके।

जनेटा में मतदाताओं के आधार कार्ड पर उठे सवाल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : संभल लोकसभा चुनाव में सोमवार को जनेटा स्थित सरकारी विद्यालय में मतदान के दौरान अधिकांश मतदाताओं के आधार कार्ड को लेकर सवाल उठे। अधिकांश मतदाताओं के आधार कार्ड पर जन्मतिथि में एक ही तारीख और एक ही माह अंकित होने पर पुलिस ने सवाल खड़े कर दिए और मतदान नहीं होने दिया। दूसरी आईडी मंगा कर मतदान की अनुमति दी गई।

गांव जनेटा के सरकारी विद्यालय में मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लाइनें लग गईं थीं। यहां ड्यूटी पर तैनात सीओ आरएस परिहार ने मतदाताओं के आधार कार्ड चेक किए। अधिकांश मतदाताओं के आधार कार्ड पर जन्मतिथि एक जनवरी की थी। हालांकि सन बदली हुई थी। शमीम बानो, हासमीन, मुन्नी, सलीम समेत अधिकांश महिलाओं व पुरुषों के आधार कार्ड पर एक जनवरी जन्मतिथि थी। पुलिस ने मतदान पर रोक लगा दी और दूसरी आईडी से ही वोट डालने की अनुमति दी गई। सीओ आरएस परिहार ने बताया कि उच्चाधिकारियों को जानकारी दी है।

गांव जनेटा में वोट डालने को कतार में मतदाता। ● अमृत विचार

फर्जी मतदान पर भड़के भाजपा नेता धरने पर बैठे

संभल, अमृत विचार : जेडयू मतदान केंद्र पर फर्जी मतदान का आरोप लगाते हुए भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी धरने पर बैठ गए। भाजपा नेता राजेश सिंघल, प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी व अन्य समर्थकों के साथ जेडयू इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर पहुंचे तो वहां मौजूद कुछ युवकों को देखकर उन्होंने उन पर फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया। इस बात को लेकर कहासुनी हुई और फिर भाजपा नेता वहीं धरने पर बैठ गए। बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर भाजपा नेताओं ने धरना समाप्त किया।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

संवाददाता, जुनावई

अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के मिठनपुर संकरा मार्ग पर संकरा पुल के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई । जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

जनपद बदायूं के थाना जरीफ नगर क्षेत्र के गांव नाधा गांव निवासी हरिओम पुत्र प्रकाश अपने चचेरे भाई सुनील के साथ जनपद अलीगढ़ के थाना रामघाट क्षेत्र के गांव सीसई ससुराल जाने की बात कह कर घर से आया था। जुनावई थाना क्षेत्र के मिठनपुर संकरा मार्ग पर सांकरा पुल के पास हरिओम की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।हादसे में हरिओम व सुनील बुरी तरह से घायल हो गए। एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायल बाइक सवारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई लाया गया। जहां पर चिकित्सक ने 27 वर्षीय सुनील को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल 32 वर्षीय हरिओम पुत्र प्रकाश को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

रुपये देने से मना किया तो दुकानदार को पीटा

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला नवादा निवासी अकरम मुहल्ला में ही किराना स्टोर चलाते हैं। मंगलवार को अकरम किराना स्टोर पर बैठे हुए थे। मुहल्ला के ही चार पांच युवक किराना स्टोर पर पहुंचे और अकरम से 10000 रुपये मांगने लगे। आरोप है कि रुपये देने से मना किया तो युवकों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करते हुए अकरम को घायल कर दिया। अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक धमकी देते हुए भाग गए।

प्रदर्शन कलेक्ट्रेट पर गरजी भाकियू शंकर, शिक्षक विधायक ने किसानों को दिया आश्वासन

किसानों को सरकारी योजनाओं का मिले लाभ : दिवाकर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट पर भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को नहीं मिलने को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की। इस दौरान शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने किसानों को आश्वासन दिया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व कार्यकर्ता व किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होने सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों तक न पहुंचने को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में सरकार की योजनाओं का प्रशासनिक एवं कार्मिक स्तर पर भ्रष्टाचार होने के कारण किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा कि प्रदेश के जनपदों में उप ग्रामीण बैंक शाखों द्वारा कई लाख किसान क्रेडिट कार्ड पर दूसरी बैंकों से ज्यादा ब्याज वसूल रही है। नया केसीसी बनाने पर निजी बीमा के रूप में करोडों रुपये वसूल रहे हैं। कहा कि ग्राहक सेवा में सुधार करते हुए न्यूनतम बैलेंस पर कोई भी चार्ज नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़कर 10 लाख रुपये की जाए। इसके बाद यहां पहुंचे शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने किसानों से वार्ता की। उनकी बातें सुनकर सरकारी योजनाओं को लाभ किसानों को दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन शंकर ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर अनिल भटनागर, हरपाल सिंह चौहान, विक्रम सिंह पंवार, जयवीर सिहं, मोजी पाल, वीरपाल सिंह सुधाकर सिंह, जगत सिंह , देवेंद्र सिंह आदि रहे।

किसानों से वार्ता करते शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो। ● अमृत विचार

बैठक में हुई किसानों के मुद्दों पर चर्चा

गजरौला, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बैठक मंगलवार को अतरपुरा मोहल्ले में हुई। इसमें नरेश चौधरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष व ऋषिपाल सिंह मंगत को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जोगिंदर सिंह को प्रदेशाध्यक्ष, संजीव चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ. मुस्तकीम को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, नरेंद्र चौहान को प्रदेश प्रभारी, मयंक धारीवाल को मंडलाध्यक्ष मुरादाबाद, रवि चौधरी को युवा जिलाध्यक्ष अमरोहा, विजयवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।

पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा। जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

इस दौरान जिलाधिकारी ने गांव भवानीपुर निवासी शहीद सिपाही नितिन कुमार के परिजनों को 35 लाख का चेक और उनकी पत्नी माला को 15 लाख का चेक उनकी मां कौशल्या देवी को भेंट किया। बताया कि सिपाही नितिन सिक्किम की बाढ़ में शहीद हो गए थे। उन्होंने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण व प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने शिकायतों की समीक्षा की। बैठक के दौरान पूर्व सैनिक बन्धुओं, सेवारत सैनिकों ने भूमि विवाद, पुलिस आदि से संबंधित अन्य शिकायतें बताईं। उन्होने कहा कि कोई भी पूर्व सैनिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के माध्यम से किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय में उपस्थित हो सकता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामअर्ज, मुख्य चिकित्साधिकारी विजय कुमार गोयल, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन एके गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जिला सैनिक बंधु की बैठक करते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

संपादकीय

वैश्विक सुरक्षा का मुद्दा

बढ़ते वैश्विक तनाव के समय में व्लादिमीर पुतिन ने 5 वीं बार रूस के राष्ट्रपति का पद संभाल लिया है। मंगलवार को एक समारोह में पुतिन ने कहा कि अपनी शक्ति के भीतर वो सब कुछ करेंगे, जो वह देश के लिए कर सकते हैं। बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं। 1999में राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन का उत्तराधिकारी बनने के बाद से पुतिन ने रूस को आर्थिक पतन से उबारते हुए एक ऐसे देश के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे पश्चिम देश वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं। इस बीच पुतिन ने एक बार फिर दुनिया को तनाव में डाल दिया है। रूस ने पहली बार सार्वजनिक रूप से सामरिक परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास का ऐलान किया है। रूस ने 6 मई को कहा कि वह एक सैन्य अभ्यास करेगा जिसमें सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का अभ्यास शामिल होगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास का आदेश राष्ट्रपति पुतिन ने दिया था। आखिर रूस ने ऐसा किया क्यों, रूस के इस कदम का यूक्रेन के साथ जंग पर असर क्या पड़ेगा? असल में रूस ने यह कदम तब उठाया है जब कुछ दिन पहले ही पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ बयानबाजी की थी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में कहा था वह यूक्रेन में सेना भेजने के विचार से इनकार नहीं कर रहे हैं।

वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा था कि कीव की सेना रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटेन के लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग कर सकेगी। यानि रूस का ये फैसला नाटो और फ्रांस के सैनिकों को सीधे तौर पर जंग में शामिल होने के संकेतों के बीच आया है। मौजूदा वक्त में रूस ने अब जिस तरह का कदम उठाया है उससे दुनिया के देशों की चिंताएं बढ़ने वाली हैं। क्योंकि परमाणु हथियार कितने खतरनाक होते हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर किसी भी देश ने परमाणु बम का इस्तेमाल किया तो सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। रूस में ये घटनाक्रम ऐसे वक्त में हो रहा है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग यूरोप के दौरे पर हैं। महत्वपूर्ण है कि जैसे-जैसे रूस और पश्चिम के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, पुतिन की आक्रामक मुद्रा और परमाणु विध्वंसक क्षमता के संभावित प्रभावों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सतर्क बना हुआ है।

मंत्री ने जब शेषन को वीरान रास्ते कार से उतार दिया



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था, लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था।

कार की पिछली सीट पर दो मंत्रियों के बीच में एक युवा आईएएस ऑफिसर बैठा था। एक मंत्री ने उस अधिकारी से सवाल किया कि उस कर्मचारी का मामला पुलिस को क्यों सौंपा? उसे वापस लो। ऑफिसर दो टूक था, 'इसे आप लिखकर दें।' क्या मेरा कहना काफी नहीं? ऑफिसर के "नहीं" जवाब ने मंत्री का गुस्सा आसमान पर पहुंचा दिया। मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने का आदेश दिया। बीच रास्ते वीराने में ऑफिसर को कार से उतार दिया गया। आगे और भी बहुत कुछ रोचक घटित हुआ। यह ऑफिसर टीएन शेषन थे। करियर के आखिरी दौर में देश के मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर उन्होंने इतिहास रच दिया।

लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच जब-तब शेषन की चर्चा होती रहती है। नौकरी की शुरुआत से ही नियम -कानून के पाबंद शेषन के तेवर आखिर तक कायम रहे। पढ़िए उनकी आत्मकथा 'थ्रू द ब्रोकन ग्लास' से उद्धृत उनकी नौकरी की शुरुआत का एक रोचक प्रसंग, आईएएस में चयन और विभिन्न प्रशिक्षण के बाद शेषन को डिंडीगुल (तमिलनाडु) में सब कलेक्टर के तौर पर तैनात किया गया। तहसीलदार नारायण पिल्लई ने उनकी ओर एक कागज बढ़ाया जिसमें एक ग्राम अधिकारी द्वारा तकावी लोन की वसूली तीन हजार की रकम गबन किए जाने की शिकायत थी। फौरन ही शेषन ने कर्मचारी को सस्पेंड, चार्जशीट करने और पुलिस में एफआईआर करने के आदेश दिए। कहा कि जरूरी कागज मेरे दफ्तर से प्राप्त कर लो। तहसीलदार ठिठक गए। शेषन की सवालिया निगाहों के जवाब में उन्होंने जल्दबाजी न करने की सलाह दी। उन्हें याद दिलाया कि इस कर्मचारी की पत्नी तालुका कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष है। आगे समस्या हो सकती है। शेषन अपने आदेश पर अडिग थे। उसी रात कर्मचारी की गिरफ्तारी हो गई। दो दिन बाद मदुरै जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेषन से मिलने पहुंचे। वे मुख्यमंत्री के.कामराज के खास थे। उन्होंने केस वापस लेने का दबाव डाला। इंकार के जवाब पर नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी के साथ वे वापस हुए। एक हफ्ते

बाद शेषन के तैनाती इलाके में मंत्री पी. कक्कन और वी.रमेश के साझा कार्यक्रम थे। चुनाव में एक महीना बाकी था। शेषन को दोनों मंत्रियों ने अपनी कार में साथ बिठाया। पंद्रह मिनट की यात्रा के बाद मंत्री कक्कन जिनके पास पुलिस और राजस्व सहित कई महत्वपूर्ण विभाग थे, ने शेषन से सवाल किया कि वे कांग्रेस का क्यों विरोध कर रहे हैं? शेषन ने ऐसा कुछ करने से इंकार किया तो उस कर्मचारी के खिलाफ पुलिस में मामला क्यों दर्ज कराया? डिपार्टमेंटल एक्शन काफी था। फौरन केस वापस लो। शेषन ने उन्हें मद्रास वापसी पर लिखित आदेश भेजने का अनुरोध किया। नाराज कप्पन ने पूछा, 'क्या मेरा कहना काफी नहीं?' एक बार फिर इंकार के जवाब से खफा मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने और शेषन को कार से उतरने का हुक्म दिया। कार आगे बढ़ गई। तेज धूप से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े शेषन अपने दफ्तर वापस पहुंचने के लिए किसी वाहन के इंतजार में थे।

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था, लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था। तय था कि मंत्री विपक्षियों पर आक्रामक रहेंगे। शेषन ने तहसीलदार को बुलाकर चर्चा की। आशंका थी कि विरोधी पहले कार्यक्रम स्थल की बिजली

शेषन की आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया, चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस, अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

गुल करेंगे और फिर जहां महिलाएं बैठी हैं, वहां चूहे छोड़कर सांप -सांप का शोर करके भगदड़ कराएंगे। बचाव के लिए माइक को एक कार की बैट्री से जोड़ा गया। वहां मौजूद सरकारी गाड़ियों को मंच के सामने दूरी पर इस तरह खड़ा किया गया कि बिजली गुल होने पर उनकी हेड लाइट से रोशनी मिल सके।

आशंका सही निकली। जोरदार विस्फोट की आवाज के साथ अंधेरा छा गया। सांप-सांप का शोर मचा, लेकिन गाड़ियों की हेडलाइट्स काम आईं। माइक की आवाज भी नहीं थमी। कार्यक्रम को अस्त-व्यस्त करने की कोशिश नाकाम रही। मंत्रियों के भाषण पूरे हुए। तहसीलदार को पास बुला मंत्री कप्पन्न ने उनकी दूरंदेशी के लिए तारीफ की। तहसीलदार ने कहा कि इसके वे नहीं बल्कि वो हकदार हैं, जो जीप में बैठे हैं। एक बार फिर मंत्री कप्पन और शेषन आमने-सामने थे। मंत्री ने पूछा आप मंच पर क्यों नहीं आए? शेषन ने उन्हें रास्ते में उतारने का जिक्र किया। फिर यहां क्यों आए? शेषन के जवाब, 'वो मेरी ड्यूटी थी' ने मंत्री को झेंपने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना के तीन दिन बाद मुख्यमंत्री के.कामराज डिंडीगुल आए। मंत्री कप्पन भी उनके साथ थे। स्टेशन पर कलेक्टर और एसपी के साथ स्वागत के लिए शेषन भी मौजूद थे। आगे बढ़ते हुए कामराज ने शेषन को पास बुलाया और कहा, ' मैंने सुना कि कप्पन ने तुम्हारे साथ बदसलूकी की।' शेषन ने ऐसा कुछ नहीं कह बात को खत्म करने की कोशिश की, पर कामराज ने मामले को गंभीरता से लिया था। उन्होंने कहा , 'उस दिन जो कुछ हुआ उसकी उन्हें पुलिस से रिपोर्ट मिल चुकी है।' सभी की मौजूदगी में तेज स्वर में कामराज मंत्री कप्पन से मुखातिब हुए, 'मेरे-आपके लिए ऑफिसर्स से खराब व्यवहार मुनासिब नहीं है। अगर ऑफिसर कोई गलत काम करें तो आप अकेले में उनसे बात करें। दूसरों के सामने उन्हें अपमानित न करें। आपने उन्हें कार से क्यों उतारा? जिस पीड़ित की आपने फिक्र की वह सरकार से अपील कर सकता है। राजनीति के इस बुनियादी वसूल को समझिए कि अगर ऑफिसर्स अपमानित किए जाएंगे तो सरकार का अपमान होगा।'

शेषन आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया, चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस, अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

प्रसंगवश

पानी नहीं तो दारू पियो

गर्मी का ताप लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन लू नहीं चलती। यह ज्यादा खतरनाक है और पानी के अभाव में ऐसा होता है। पछुआ हवाएं, जब चलती हैं तो भले गर्म हों, लेकिन राहत देती हैं। शायद यह सब ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो। नदी, नहरें, नाले, तालाब और जलाशय सब सूखे पड़े हैं। अंग्रेजों के वक्त जितनी भी नहरें बनीं, उनके दोनों किनारों पर 220 मीटर तक नहर विभाग की जमीन होती थी, जिस पर न खेती की जा सकती थी, न ही कोई वहां बसेरा बना सकता था। कई-कई कोस की दूरी पर नहर विभाग की कोठियां जरूर होती थीं जिनमें इंस्पेक्शन करने जाने वाले एक्जीक्युटिव इंजीनियर रुकते थे। हर बड़ी नहर के समानांतर एक और नहर होती जिसमें मुख्य नहर का पानी बढ़ने पर छोड़ा जाता और वह सोख्ते का काम करती। पर अब न नहरें दिखती हैं, न नदियां न वे कोठियां और न ही वह हरियाली। आधुनिक जीवनशैली के नाम पर हर चीज का कारपोरेटीकरण हो गया है और इसमें सहायक बने आईएएस अधिकारी। खासकर जिला अधिकारियों ने नहर विभाग ही नहीं हर विभाग की स्वायत्तता खत्म कर दी है। पहले जिले में कलेक्टर, पुलिस कप्तान, सिविल सर्जन (जिसे अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहते हैं) और एक्जीक्युटिव इंजीनियर समान स्तर के पद होते थे, लेकिन जैसे सत्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के हाथ में सिमटती गई, वैसे ही सारे सरकारी विभाग जिलाधिकारी के पास। इससे लूट का बाजार गर्म हुआ। नहर विभाग की जमीनों पर कब्जे होने लगे, सिंचाई विभाग कंगाल हो गया और अब तो पीडब्लूडी का भी यही हाल है। वन विभाग का अधिकारी कहां है, किसी को नहीं पता होगा। सबसे खराब स्थिति तो मद्य-निषेध विभाग और जिला कृषि अधिकारी तथा जिला भूमि संरक्षण अधिकारी की है। जिले में माइनिंग माफिया को खुद जिला अधिकारी (डीएम) पनपाते हैं, कई जगह कानूनी तौर पर तो कई जगह अवैध, लेकिन कानून के बूते भी क्या आप आम आदमी से उसके हिस्से की हवा, पानी और सूरज की रौशनी छीन लोगे? अगर पीएम, सीएम और डीएम की मनमानी चलती रही तो अगले 20 वर्षों में न हरी-भरी धरती बचेगी, न शुद्ध जल और न ही हवा। बचेंगे तो दारू के ठिकाने और उच्च पथों पर सरपट दौड़ती गाड़ियां।

शंभूनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

गाद तो हमारे ही माथे पर है

इस बार गर्मी जल्दी आई और साथ में प्यास भी गहराई। केंद्र सरकार की हजार करोड़ की "हर घर जल योजना" ने बढ़ते ताप के सामने दम तोड़ दिया, आखिर धरती का सीन चीर कर गहराई से पानी उलीचने से हर एक का कंठ टार होने से रहा। वैसे हकीकत तो यह है कि अब देश के 32 फीसदी हिस्से को पानी की किल्लत के लिए गर्मी के मौसम का इंतजार भी नहीं करना पड़ता है-बारहों महीने, तीसों दिन यहां जेठ ही रहता है।

समझना होगा कि एक अरब 44 करोड़ की विशाल आबादी को पानी देना महज सरकार के जिम्मे नहीं छोड़ जा सकता। इस गर्मी में सूखती जल निधियों के प्रति यदि समाज आज सक्रिय हो जाए तो अगली गर्मी में उन्हें यह संकट नहीं झेलना होगा। एक बात समझ लें प्रकृति से जुड़ी जितनी भी समस्या हैं, उनका निदान न वर्तमान के पास है न भविष्य के। इसके लिए हमें अतीत की ही शरण में जाना होगा। थोड़ी गाद हटानी होगी-कुछ सूख चुकीं हमारे पुरखों द्वारा बनाई जल निधियों से और कुछ अपनी समझ से देखें। थोड़ी भी बरसात हुई तो समाज पानीदार बन सकता है। यदि कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्त्रोतों की मदद से ही खेत और गले दोनों के लिए अफरात पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप रोपे जाने लगे, जब तक संभलते जब तक भूगर्भ का कोटा साफ हो चुका था।

समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्त्रोतों की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है -तालाब, कुंए, बावड़ी, लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है। पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी और काम में लग गए और अब तालाब सहेजने की

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता।

तकनीक नदारद हो गई है। तभी बीते तीन दशक में केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं के तहत तालाबों से गाद निकालने, उन्हें सहेजने के नाम पर अफरत पैसा खर्च किया गया और नतीजा रहा 'ढाक के तीन पात'।

भारत के हर हिस्से में वैदिक काल से लेकर ब्रितानी हुकूमत के पहले तक सभी कालखंडों में समाज द्वारा अपनी देश-काल-परिस्थिति के मुताबिक बनाई गई जल संरचनाओं और जल प्रणालियों के कई प्रमाण मिलते हैं जिनमें तालाब हर एक जगह हैं। रेगिस्तान में तो उन तालाबों को सागर की उपमा दे दी गई तो कन्नड़ में कैरे और तमिल में ऐरी। यहां तक कि ऋग्वेद में सिंचित खेती, कुओं और गहराई से पानी खींचने वाली प्रणालियों का उल्लेख मिलता है। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो (ईसा से 3000 से 1500 साल पूर्व) में जलापूर्ति और मल निकासी की बेहतरीन प्रणालियों के अवशेष मिले हैं। ईसा से 321-297 साल पहले, कौटिल्य का अर्थशास्त्र बानगी है, जो बताता है कि तालाबों को राज्य की जमीन पर बनाया जाता था। समाज ही तालाब गढ़ने का सामान जुटाता था, जो लोग इस काम में असहयोग करते या तालाब की पाल को नुकसान पहुंचाते, उन्हें राज्य-दंड मिलता। आधुनिक तंत्र की कोई भी जल संरचना 50 से 60 साल में दम तोड़ रही हैं, जबकि चंदेलकाल अर्थात् 1200 साल से अधिक पुराने तालाब आज भी लोगों को जिंदगी का भरोसा दिए हुए हैं। जाहिर है कि हमारे पूर्वजों की समझ कितनी सूझबूझभरी एवं वैज्ञानिक थी। उन दिनों उन्नत जल-विज्ञान और कुशल जलविज्ञानी का पूरा समाज था, जो मिट्टी और जलवायु की बेहतरीन समझ रखते थे।

यदि आजादी के बाद विभिन्न सिंचाई योजनाओं पर खर्च बजट व उससे हुई सिंचाई और हजार साल पुराने तालाबों को क्षमता की तुलना करें तो आधुनिक इंजीनियरिंग पर लानत ही जाएगी। अंग्रेज शासक चकित थे, यहां के तालाबों की उत्तम व्यवस्था देखकर। उन दिनों कुओं के अलावा सिर्फ तालाब ही पेयजल और सिंचाई के साधन हुआ करते थे। फिर आधुनिकता की आंधी में सरकार और समाज दोनों ने तालाबों को लगभग बिसरा दिया, जब आंख खुली तब बहुत देर हो चुकी थी।

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता। असल में तालाब की सफाई का काम आज के अंग्रेजीदां इंजीनियरों के बस की बात नहीं है। दो साल पहले केंद्र सरकार ने देश के सभी तालाबों का सर्वेक्षण करवा कर क्रांतिकारी काम किया। उसके बाद अमृत सरोवर योजना के तहत भी देश के कुछ तालाबों की तकदीर बदली है। यह समझना होगा कि जब तक सहेजे गए तालाबों का इस्तेमाल समाज की हर दिन की जल जरूरत के लिए नहीं होगा, जब तक समाज को इन तालाबों का जिम्मा नहीं सौंपा जाता, तालाब की समृद्ध विरासत को स्थापित नहीं किया जा सकता।

सोशल फोरम

प्रतिष्ठा के खेल और खिलाड़ी

प्रतिष्ठा या इज्जत या इमेज से मध्यवर्ग के लोगों को सबसे अधिक प्यार है, जबकि प्रतिष्ठा सबसे अधिक मुश्किलें खड़ी करती है। हमारे अनेक मित्र कहते हैं कि इस तरह मत लिखा करो प्रैस्टीज डाउन हो जाएगी। मित्रों में पहले मित्रता बड़ी थी अब प्रतिष्ठा बड़ी हो गई है।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

प्रतिष्ठा के कारण व्यक्ति की सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक-राजनीतिक हैसियत महत्वपूर्ण हो गई और इंसानियत और समानता के मूल्यबोध की विदाई कर दी गई। इस बीमारी को हर शहर, संगठन, गली, मुहल्ले और मित्र सर्किल में सहज ही देख सकते हैं। मनुष्यों में प्रतिष्ठा की बीमारी पशुओं से आई है। जंगल में हर पशु की अपनी प्रतिष्ठा है। शेर की सबसे अधिक प्रतिष्ठा है। अन्य पशुओं की तरह शेर भी मूल्यहीन जीवन जीता है, लेकिन पशुओं में उसकी साख होती है। मनुष्य भी उससे डरते हैं। हम मध्यवर्ग के लोगों में प्रतिष्ठा पाने की जबर्दस्त भूख है, जबकि प्रतिष्ठा सबसे बुरी चीज है, लेकिन हम सब उससे प्रेम करते हैं, प्रतिष्ठित व्यक्ति से जुड़ना अपना गौरव समझते हैं। सवाल किया जाना चाहिए प्रतिष्ठित होकर या प्रतिष्ठा पाकर व्यक्ति को क्या मिलता है? क्या उसके पास बेहतरीन जीवन मूल्य आ जाते हैं? क्या वह अच्छा इंसान बन जाता है? अच्छा इंसान बनने के लिए प्रतिष्ठा या इज्जत की नहीं बेहतरीन जीवन मूल्यों की जरुरत होती है। हम व्यक्ति पर बातें करते समय उसकी शोहरत, पद, सामाजिक-राजनीतिक -आर्थिक हैसियत की बातें करते हैं। उसके राजनीतिक कनेक्शनों की बातें करते हैं, लेकिन उसके जीवन मूल्यों पर बातें नहीं करते। यही वजह है हमारे आसपास मूल्यहीनता और राजनीतिक अवसरवाद खूब फलता-फूलता है। हम उसे वैध मानने लगते हैं, जबकि उसकी ये गतिविधियां अवैध हैं, पाशविक हैं। चूंकि समाज में प्रतिष्ठा पाने की होड़ मची है। इसके कारण हम तेरी-मेरी उसकी प्रतिष्ठा के खेल में सारी जिंदगी गुजार देते हैं। काश, हम प्रतिष्ठा से मुक्त हो पाते।

-फेसबुक वॉल से

शिव बटालवी: मैंनू तेरा शबाब लै बैठा...

पंजाबी के निश्चित रूप से सबसे सशक्त गीतकारों में से एक शिव बटालवी को करोलबाग के खालसा कॉलेज में आए हुए आधी सदी से ज्यादा का वक्त गुजर गया है, पर अब भी कुछ लोगों को याद है जब उनकी रचनाओं पर सैकड़ों श्रोता झूम उठे थे। शिव बटालवी कविता पाठ करते हुए रो भी रहे थे। यह बात 1970 की है। शिव बटालवी तब अपनी लोकप्रियता के शिखर पर थे। उन्होंने अपना कविता पाठ इस रचना से शुरू किया-मैंनू तेरा शबाब लै बैठा,/रंग गोरा गुलाब लै बैठा।/ किन्नी पीती ते किन्नी बाकी ए/ मैंनू एहो हिसाब लै बैठा/ चंगा हुंदा सवाल ना करदा,/ मैंनू तेरा जवाब लै बैठा/ दिल दा डर सी किते न लै बैठे/ लै ही बैठा जनाब लै बैठा।

विरह के कवि शिव बटालवी को खालसा कॉलेज में पंजाबी के साहित्यकार डॉ. हरभजन सिंह लेकर आए थे। वहां पर हरमीत सिंह भी मौजूद थे। वे तब खालसा कॉलेज के छात्र थे और आगे चलकर यहां के शिक्षक और फिर प्रिंसिपल भी बने। शिव कुमार 'बटालवी' ने जैसे ही अपना गीत...की पुछ दे ओ हाल फकीरां दा/साडा नदियों बिछड़े नीरां दा/साडा हंज दी जूने आयां दा/साडा दिल जलया दिलगीरां दा...(हम जैसे फकीरों का हाल आप क्या पूछते हैं, हम तो नदियों से बिछड़े पानी जैसे हैं। जैसे किसी आंसू से निकले हैं)

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था।

सुनाया तो खालसा कॉलेज में मौजूद श्रोता जिनमें मुख्य रूप से पंजाबी थे, की आंखें छलकने लगीं। शिव कुमार बटालवी (1936 -1973) की उन कविताओं को सबसे ज्यादा पसंद किया गया जिनमें करुणा, जुदाई और प्रेमी के दर्द का बखूबी चित्रण है। वे 1967 में साहित्य अकादमी पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के साहित्यकार बने।

शिव कुमार बटालवी अपने दिल्ली के कार्यक्रमों में अपनी इन कालजयी पंक्तियों-पिच्छे मेरे, मेरा साया/ अग्गे मेरे, मेरा न्हेरा/किते जाए न बाहीं छड्ड/ वे तेरा बिरहड़ा(पिच्छे-पीछे, अग्गे-आगे, न्हेरा-अंधेरा, बाहीं – बांह, छड्ड-छोड़) तथा बिरहा बिरहा आखिए/बिरहा तूं सुल्तान/ जिस तन बिरहा न उपजे/ सो तन जान मसान (आखिए-पुकारिए, कहिए) अवश्य सुनाया करते थे। कह सकते हैं कि सुनाते इसलिए थे, क्योंकि श्रोताओं की मांग होती थी। दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था। अमृता प्रीतम जी का घर पंजाबी साहित्य की अनमोल धरोहर था। शिव कुमार बटालवी के आने पर एक महफिल खासतौर पर आयोजित होती थी। उसमें चित्रकार इमरोज, हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी और उर्दू के लेखक करतार सिंह दुग्गल, सरदार नानक सिंह (पवित्र-पापी फिल्म के निर्माता), डॉ.हरभजन, गुरुबख्श सिंह, महेन्द्र सिंह सरना (भारत के अमेरिका में एंबेसडर रहे नवतेज सरना के पिता), कुंवर महेन्द्र सिंह बेदी, उद्योग सागर सूरी, पंजाबी के गायक केसर सिंह नरूला (जसपिंदर नरूला के पिता) वगैरह अवश्व मौजूद रहते थे।

एक बार काव्य की धारा बहने लगती तो फिर वे अलसुबह तक जारी रहती। इस बीच, केसर सिंह नरूला और उनकी पत्नी मोहिनी नरूला किसी महफिल में पंजाबी का सदाबहार लोकगीत लट्ठे दि चादर, उत्ते सलेटी रंग माइया गाने के बाद शिव बटालवी की रचनाएं सुनाते थे। नरूला जी बताते थे कि अमृता प्रीतम के दिल के बहुत करीब थीं शिव बटालवी की रचनाएं। वह शिव की रचनाएं बार-बार पढ़ा करती थीं।

विश्व मानवता और बंधुत्व का प्रतीक रेडक्रॉस

मानव इतिहास के सबसे काले क्षणों में जब दुनिया संघर्ष और अराजकता से बिखरी हुई है। ऐसे में रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) युद्ध और संकट के समय प्रभावित लोगों के लिए करुणा, निष्पक्षता और अटूट समर्थन प्रदान करती है। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण लाखों लोगों को पीड़ा झेलनी पड़ी है और अतीत की तरह आज भी रेड क्रॉस मानवता के पक्ष में लगातार आशा की किरण बना हुआ है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

रेड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है इसका मुख्य उद्देश्य मानव के अनमोल जीवन की रक्षा करना है। इसके द्वारा युद्ध या विपदा के समय में युद्धों में लोगों की सहायता की जाती है। यह संस्था केवल युद्ध के समय नहीं, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं, महामारियों और अन्य आपातकालीन खतरों में भी मानव सहायता प्रदान करती है। शिविरों का आयोजन, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम इसके मुख्य शिविरों में से हैं। रेड क्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 ई. रेड क्रॉस की स्थापना हेनरी ड्यूनेन्ट द्वारा जेनेवा में की गई थी।

रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना के पीछे मुख्य विचार यह था कि मानवता की सेवा को कोई सीमा नहीं दी गई। इसके द्वारा विभिन्न उद्यमों के बीच समन्वय स्थापित किया जाता है। यह युद्ध के समय, महामारी बीमारी, प्राकृतिक आपदा के समय असंतुलन की सहायता करता है। इसका मुख्य कार्य पीड़ित व्यक्ति की मानव सेवा है। रेड क्रॉस की स्थापना का उद्देश्य युद्ध के समय घायल सैनिकों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना और आपदा प्रबंधन के दौरान मदद करना है। रेड क्रॉस संस्था द्वारा ऐसे लोगों को सहायता प्रदान की जाती है। यह लोगों के उपचार, भोजन, स्वच्छ पानी और रहने की व्यवस्था सरकार के साथ मिलकर करती है। आपदा के समय यह संस्था सरकार के प्रयासों को आसान बनाती है और अधिक से अधिक मानव जीवन की रक्षा करने का प्रयास करती है। इसका मुख्यालय जेनेवा जॉगर (स्विट्जरलैंड) में स्थित है।

जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्म दिवस 8 मई को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में रेड क्रॉस सोसाइटी की शुरुआत 1920 में हुई थी। भारतीय रेड क्रॉस का मिशन हर समय सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना और आरंभ करना है ताकि मानवीय पीड़ा को कम किया जा सके और रोका भी जा सके। इस प्रकार शांति के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने में योगदान दिया जा सके। वर्ष 1901 में रेड क्रॉस को शांति का सबसे पहला नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसके बाद इसे तीन अवसरों (1917,1944 और 1963 में) को नोबेल पुरस्कार दिया गया।

रेड क्रॉस सोसाइटी की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि इसकी स्थापना के समय था। जैसे-जैसे दुनिया के नए-नए आविष्कार और आपदाओं का सामना होता है, रेड क्रॉस सोसाइटी का महत्व और भी बढ़ता जाता है। इसके स्वयं सेवक और कार्यकर्ता विश्वभर में मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। वास्तव में रेड क्रॉस के 90 प्रतिशत कार्यबल में स्वयं सेवक शामिल हैं। जीवन के सभी क्षेत्रों से हजारों लोग युद्ध और मानवीय पीड़ा के समय पीड़ा को कम करने और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन स्वयं सेवकों की निस्वार्थता संगठन के स्थायी प्रभाव का एक प्रमाण है।

नाम मोहन है मेरा, यादव समाज की खबर रखता हूं...

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। इस बार के लोकसभा चुनाव में उत्तर भारत में अगर वोट इधर-उधर करने में किसी एक चेहरे की सबसे ज्यादा चर्चा है, तो वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं। वह पांच माह पहले ही मुख्यमंत्री बने हैं, लेकिन लगातार बड़ी लकीर खींचने की कोशिश कर रहे हैं। उनके सामने भाजपा को राज्य में अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलाने के साथ उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव लैंड वाली सीटों पर कमल खिलाने की जमीन तैयार करने की दोहरी चुनौती है। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि मोहन यादव के लिए यह लोकसभा चुनाव उनके सियासी जीवन के साथ भाजपा के उन रणनीतिकारों का भी सबसे बड़ा इम्तिहान साबित होने जा रहा है, जिन्होंने मध्यप्रदेश से बाहर उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और यहां तक कि झारखंड में उनका जमकर इस्तेमाल यादव वोट बैंक को अपने पाले में लाने के लिए किया है।

- मध्य प्रदेश में मोहन यादव के सामने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रेकॉर्ड है, जिसे तोड़ना आसान नहीं है। प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं और शिवराज सिंह विधानसभा चुनावों के साथ भाजपा को लोकसभा चुनावों में भी बड़ी जीत दिला चुके हैं। उनके नेतृत्व में 2014 के चुनाव में 26 लोकसभा सीटें फिर 2019 में 28 सीटों तक पहुंची भाजपा ने इस बार मध्य प्रदेश में सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय कर रखा है। केंद्रीय नेतृत्व से लेकर पूरी राज्य भाजपा इस काम में जुटी है। लेकिन जिस तरह मोहन यादव की अगुवाई में पहले कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा फिर दिग्विजय सिंह के चुनाव क्षेत्र रायगढ़ में घेरेबंदी की गई, उससे साफ है कि परिणाम के अंजाम का सेहरा भी मोहन यादव के सिर पर ही बंधना है।
- राज्य के चुनावी इतिहास में सभी सीटें जीतने का रेकार्ड अभी कांग्रेस के नाम पर है, जिसने 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति की लहर में मध्यप्रदेश में लोकसभा की सभी सीटें जीत ली थीं। ऐसे में मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के भविष्य की मजबूती इसी बात पर टकी है कि क्या वह भी भाजपा को इस बार क्लीन स्वीप जीत दिला पाएंगे या कि 28 सीटें जीतने वाले शिवराज के रेकार्ड की बराबरी कर पाएंगे।

- लोकसभा चुनाव में बड़ी लकीर खींचने में लगे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने दोहरी चुनौती
- राज्य में शिवराज के रेकार्ड से आगे जाकर भाजपा को क्लीन स्वीप जीत दिलाकर भविष्य कर सकते मजबूत
- उत्तर प्रदेश, बिहार में जिन यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार किया है, वहां पार्टी की सफलता से सिर पर बंधेगा सेहरा

यूपी और बिहार में 'यादव चला मोहन के साथ' का किया जा रहा प्रचार

उत्तर प्रदेश में माना जाता है कि नौ फीसदी यादव वोटर है, जो परंपरागत रूप से समाजवादी पार्टी के समर्थक हैं। यादव मतदाता मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, फर्रुखाबाद, बलिया, आजमगढ़ समेत करीब दर्जन भर लोकसभा सीटों पर चुनाव नतीजे तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी से अधिक यादव मतदाताओं ने सपा-बसपा गठबंधन के पक्ष में मतदान किया था। भाजपा को 23 फीसदी और कांग्रेस को पांच फीसदी यादव वोट ही मिले थे। इसी तरह बिहार सरकार की ओर से जारी जातिगत जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक राज्य की आबादी में यादवों की भागीदारी लगभग 15 फीसदी है। पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा समेत बिहार में करीब एक दर्जन सीटें यादव बाहुल्य हैं। बिहार में यादव यादव वोटर लालू यादव की पार्टी आरजेडी के कोर वोटर माने जाते हैं। बात मध्य प्रदेश की करें, तो यादव समुदाय की आबादी राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में अच्छी संख्या में है। मध्य प्रदेश में यादव वोट भाजपा और कांग्रेस में बंटते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भाजपा के पास यूपी-बिहार में यादव नेताओं की कमी है, लेकिन इसके बाद भी मोहन यादव को दोनों राज्यों में यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार में बुलाने के पीछे भाजपा की बड़ी रणनीति है। भाजपा मोहन यादव के जरिए यादव मतदाताओं को यह संदेश दे रही है कि मुलायम-लालू की परिवारवादी पार्टियों के विपरीत भाजपा में कोई भी यादव कितने भी बड़े पद पर जा सकता है। भाजपा में कार्यकर्ता मायने रखता है। यह मायने नहीं रखता कि कौन किसके कितना करीब है। यूपी और बिहार में इसी के चलते यादव चला मोहन के साथ वाले पोस्टर बैनर बड़ी संख्या में लगाकर पहले माहौल भी बनाया गया था।

स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम मोदी, नड्डा, शाह, राजनाथ और योगी के बाद है नाम

- मोहन यादव के सामने राज्य से बाहर दूसरी चुनौती भी कम नहीं है। भाजपा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के कोर वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए उनका चुनाव शुरू होने से पहले अब तक पूरा इस्तेमाल कर रही है। इस काम में मोहन यादव कितने महत्वपूर्ण है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद मोहन यादव का ही नाम है। बिहार के लिए जारी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी भाजपा ने उनका नाम ऊपर ही रखा है।

मुंबई में **महामुकाबला**

तीन सीटों पर दोनों सेना में सीधी टक्कर, दो सीटों पर भाजपा कांग्रेस में संघर्ष, एक सीट पर टकरा रही उद्धव सेना और भाजपा

02

गठबंधन : महायुति में बीजेपी, एनसीपी (अजित पवार) और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गुट और महा विकास अघाड़ी में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस शामिल हैं।

युति जीतेगी भरोसा या अघाड़ी की दौड़ेगी गाड़ी

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में छह लोकसभा सीटें मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-पश्चिम हैं। इन सभी सीटों पर 20 मई को पांचवें चरण में वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में महाराष्ट्र में कुल 13 सीटों पर मतदान होगा। मुंबई में इस बार चुनावी तस्वीर बिल्कुल बदली हुई है।

शिवसेना में टूट के बाद एक तरफ एकनाथ शिंदे की शिवसेना तो दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) है। दोनों गुटों के बीच मुंबई में लोकसभा की तीन सीटों पर सीधी टक्कर है। दो सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में कड़ा मुकाबला है, जबकि एक सीट पर शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा में सीधी भिड़ंत हो रही है। मुंबई में 2019 के चुनाव में छह सीटों में भाजपा और शिवसेना (अविभाजित) ने तीन-तीन सीटें जीती थीं।

वर्षा के लिए नया क्षेत्र, निकम का पहला चुनाव, दोनों दलों में स्थानीय नेता नाराज

उत्तर-मध्य लोकसभा सीट

उत्तर-मध्य लोकसभा सीट मुंबई की हाई प्रोफाइल सीट है। यहां फिल्मी सितारे, उद्योगपति, नेताओं के साथ ही झुग्गियों में भी लोग रहते हैं। कांग्रेस ने इस सीट से अपनी प्रदेश अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को उतारा है। वर्षा का मुख्य जनाधार धारावी में है, जहां से वह विधायक हैं, इसलिए वह दक्षिण-मध्य सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं। वर्षा को टिकट मिलने से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में नाराजगी है। कुछ ऐसा ही हाल भाजपा के उम्मीदवार प्रसिद्ध वकील उज्जवल निकम का भी है। उनके खिलाफ भी पार्टी में अंदरूनी सुगबुगाहट है। स्थानीय भाजपा नेता निकम को पैराशूट प्रत्याशी कह रहे हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार निकम को दिल्ली की कृपा से टिकट मिला है। वह पार्टी से भी नहीं जुड़े थे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि निकम बड़े वकील हैं, ऐसे में वह जीतने के बाद उनके लिए समय नहीं निकल पाएंगे। भाजपा-कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अंतर्कलह से जूझ रहे हैं। निकम के लिए भाजपा नेता नाराजगी दूर करने में सफल होते नजर आ रहे हैं, वहीं वर्षा को कांग्रेस के बजाय उद्धव ठाकरे की शिवसेना पर ज्यादा निर्भर होना पड़ रहा है। उत्तर मध्य लोकसभा सीट बीते 10 साल से भाजपा के पास है। भाजपा ने यहां की सांसद पूनम महाजन को मौका नहीं दिया है।

लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में भाजपा के पास दो, शिंदे की शिवसेना के पास दो, उद्धव की शिवसेना और कांग्रेस के पास एक-एक सीट है। 2019 में भाजपा की पूनम महाजन 4.86 लाख वोट और कांग्रेस की प्रिया दत्त को 3.56 लाख वोट मिले थे। वंचित बहुजन आघाडी के उम्मीदवार अब्दुल रहमान ने 33,703 वोट पाए थे।

दक्षिण लोकसभा सीट: सावंत के सामने जीत की हैट्रिक लगाकर उद्धव सेना का झंडा लहराने की चुनौती

मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट समृद्ध इलाका है। गेट वे आफ इंडिया, हाजी अली दरगाह के अलावा यह व्यावसायिक क्षेत्र है। इस सीट पर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से यामिनी जाधव मैदान में उतरी हैं। पहले इस सीट से भाजपा चुनाव लड़ना चाह रही थी, पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को उतारने के संकेत भी दिए थे, लेकिन अंततः शिंदे का दावा भारी पड़ा। यामिनी का मुकाबला मौजूदा सांसद शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत से होगा, जो उद्धव ठाकरे के खास सिपहसलार माने जाते हैं। पूर्व पार्षद यामिनी जाधव भायखाला से विधायक चुनी गई थीं और लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। वह उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत में शिंदे को समर्थन दिया था। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के अरविंद गणपत सावंत ने जीत हासिल की थी, उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा 3,21,870 वोटों के साथ दूसरे और वंचित अघाडी के अनिल चौधरी 30,348 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी सावंत ने देवड़ा को पराजित किया था। इस सीट पर मराठी और गुजराती वोटर हार-जीत तय करते हैं।

अरविंद सावंत।

उत्तर लोकसभा सीट: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का पहला चुनाव, मराठी और गुजराती मतदाता होंगे निर्णायक

केंद्र सरकार के दिग्गज मंत्री पीयूष गोयल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से उतरे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी भूषण पाटिल से है। पाटिल 2009 में लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल अपनी साफ-सुथरी छवि को आगे रखकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की याद दिलाते हुए मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वह महाराष्ट्र से राज्यसभा के सांसद रहे हैं। भाजपा ने मुंबई उत्तर सीट से लगातार दो बार सांसद रहे गोपाल शेट्टी का टिकट काटकर पीयूष पर दांव लगाया है। मराठी और गुजराती मतदाताओं पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने फोकस कर रखा है। 17.75 लाख वोटर वाली मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर 47 फीसदी मराठी, 13 फीसदी गुजराती और 13 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही वर्चस्व की लड़ाई होती आयी है। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार बोरीवली, दहिसर, चारकोप और कांदीवली पूर्व पर भाजपा तो माल्दा पश्चिम पर कांग्रेस और मागाठाणे पर शिवसेना का कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के गोपाल शेट्टी ने कांग्रेस की उर्मिला मातोंडकर को 4,65,247 वोटों से हराया था। 2014 के चुनाव में शेट्टी ने कांग्रेस के संजय निरुपम को लगभग साढ़े चार लाख वोटों से परास्त किया था।

पीयूष गोयल।

सोमवार को मतदान, लंबा वीकेंड मिलने से छुट्टी मनाने बाहर न निकल जाएं लोग

- मुंबई में 20 मई को वोटिंग के दिन सोमवार पड़ रहा है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि लंबा वीकेंड देखते हुए लोग शुक्रवार से ही शहर से बाहर जा सकते हैं। शनिवार-रविवार छुट्टी रहेगी और सोमवार को वोटिंग के लिए अतिरिक्त छुट्टी मिल जाएगी। लेकिन इससे मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। दक्षिण मुंबई सीट पर लोकसभा चुनाव में सबसे कम वोटिंग होती है। इस इलाके में सबसे ज्यादा धनी लोग रहते हैं। 2019 में मुंबई में लोकसभा चुनाव 29 अप्रैल को हुआ था, उस दिन भी सोमवार था। नतीजन इस सीट पर मुंबई में सबसे कम 51.45% मतदान हुआ था। मुंबई उत्तर-मध्य सीट पर 53.61%, उत्तर-पश्चिम सीट पर 54.28%, दक्षिण-मध्य सीट पर 55.24%, उत्तर-पूर्व सीट पर 57.12% और उत्तर लोकसभा सीट पर 59.98% वोटिंग हुई थी।

दक्षिण मध्य लोकसभा सीट: शिवाजी पार्क और सेना भवन वाले इलाके में दोनों सेनाओं के बीच कांटे की टक्कर

मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट पर मुकाबला दोनों शिवसेना के बीच है। यहां से दो बार शिवसेना सांसद राहुल शेवाले जो अब शिंदे गुट के साथ हैं, जीत की हैट्रिक लगाने मैदान में उतरे हैं। उनका मुकाबला शिवसेना उद्धव गुट के प्रत्याशी अनिल देसाई से है। देसाई कुछ समय पहले तक राज्य सभा के सदस्य थे। इस लोकसभा क्षेत्र में ही सेना भवन स्थित है। यहीं शिवाजी पार्क भी हैं, जहां शिवसेना दशहरा रैली करती रही है। एशिया की सबसे बड़ी स्लम धारावी भी यहीं हैं। इसी कारण यहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की साख की लड़ाई मानी जा रही है। लोग दोनों शिवसेना की असली परीक्षा मान रहे हैं। इस सीट पर जिसका उम्मीदवार जीतेगा, उससे साफ हो जाएगा कि मराठी मतदाता किसके साथ है। इस सीट पर 2014 और 2019 दोनों चुनावों में शिवसेना के राहुल रमेश शेवाले और कांग्रेस के एकनाथ एम गायकवाड़ के बीच मुकाबला हुआ था और दोनों ही बार राहुल शेवाले को जीत मिली। 2014 में उन्होंने गायकवाड़ को एक लाख 38 हजार और 2019 में डेढ़ लाख मतों से पराजित किया था। इस सीट पर दलित और मुस्लिम वोटर बड़ा फैक्टर है। छह में चार विधानसभा सीटें महायुति और दो महाविकास अघाडी के पास हैं।



राहुल शेवाले।

उत्तर पश्चिम सीट : उत्तर भारतीय वोटरों का मिलेगा जिसे समर्थन वही जीतेगा रण

मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से चुनाव लड़ने के विवाद के कारण ही संजय निरुपम के बोल बिगड़े और कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निकाला, तो निरुपम में शिंदे गुट का दामन थाम लिया। शिवसेना शिंदे गुट ने इस सीट पर जोगेश्वरी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवींद्र वायकर को चुनावी मैदान में उतारा है। शिवसेना उद्धव ठाकरे की तरफ से अमोल कीर्तिकर पहले ही यहां मैदान में हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से तीन पर भाजपा का कब्जा है। मुंबई उपनगर की यह सीट उत्तर भारतीय बहुल मानी जाती है। यही कारण है कि यहां से अभिनेता सुनील दत्त पांच बार एवं उनके निधन के बाद उनकी पुत्री प्रिया दत्त एक बार सांसद रही हैं। मशहूर वकील राम जेठमलानी भी 1977 एवं 1980 में इस सीट से जीत चुके हैं। इस सीट पर भाजपा ने कभी चुनाव नहीं लड़ा है। इस बार भी महायुति के सीट बंटवारे में यह सीट शिवसेना शिंदे गुट के पास गई। नाम वापसी के बाद इस सीट पर 21 उम्मीदवार मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में इस सीट पर शिवसेना प्रत्याशी गजानन कीर्तिकर को जीत हासिल हुई थी। उन्हें 570063 वोट मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी संजय निरुपम दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 309735 वोट मिले थे। जीत का अंतर 260328 था।



रवींद्र वायकर।

ध्रुवीकरण की राजनीति गर्मायी, चुनाव गुजराती बनाम मराठी बनाने के प्रयास

मुंबई उत्तर पूर्व लोकसभा सीट से भाजपा के मिहिर चंद्रकांत कोटेचा और शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी संजय दीना पाटिल के बीच मुकाबला हो रहा है। यहां बसपा से देश विट्ठल उमप भी मैदान में है। इस लोकसभा क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा बंदरगाह है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी यहीं है, जो एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इस लोकसभा क्षेत्र में मतों का ध्रुवीकरण करने की कवायद शुरू हो गई है। चुनाव प्रचार के दौरान गुजराती बनाम मराठी मुद्दा भी देखने को मिल रहा है। कई रिहायशी सोसायटी में दूसरे प्रत्याशी को प्रचार करने से रोके जाने या बाद में आने के लिए कहकर टालने की शिकायतें आ रही हैं। 2019 के चुनाव में एनसीपी ने यहां से संजय पाटिल को टिकट दिया था। भाजपा से मनोज कोटक मैदान में थे। जीत मनोज किशोरभाई कोटक को मिली थी। उन्हें 5,14,599 वोट मिले थे. जबकि एनसीपी के संजय दीना पाटिल 2,88,113 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे, वंचित अघाडी के निहारिका खोंडाले 68,239 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 में इस सीट से भाजपा के किरीट सौमेया ने 5,25,285 वोट पाकर जीत हासिल की थी। एनसीपी के संजय पाटिल दूसरे और आम आदमी पार्टी से उतरीं नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़ीं मेधा पाटकर ने तीसरा स्थान पाया था।

मिहिर चंद्रकांत कोटेचा।

400 पार का संगीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के अंबेडकर नगर में राजग प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया।

सभी सीटों पर भाजपा के विधायक

- लोकसभा क्षेत्र में उन्नाव, बांगरमऊ, सफीपुर, मोहान, भगवंतनगर और पुरवा विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। यहां तक कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद भी भाजपा के ही पास है। कहा जा रहा है कि भाजपा के एक- दो विधायक भी सांसद से नाराज हैं, लेकिन बात पीएम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की है तो वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए वोट मांग रहे हैं। हालांकि कई बार अपनों के बीच उनका दर्द छलक भी जाता है। 2017 में भाजपा के पास पांच विधानसभा सीटें थीं। पुरवा विधानसभा सीट तब बसपा के खाते में गई थी हालांकि उसके विधायक अनिल सिंह कुछ दिनों बाद ही भाजपा के संपर्क में आ गए थे। 2022 में वे भाजपा के टिकट पर ही जीते थे।

02

महिलाएं हीं उन्नाव सीट से बनीं सांसद, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी आजमाई थी यहां से किस्मत

साक्षी महाराज की हैट्रिक में अन्नू की चुनौती के सामने अशोक का त्रिकोण

उन्नाव संसदीय सीट

प्रकाश तिवारी, उन्नाव

अमृत विचार। 1991 की राम मंदिर लहर में पहली बार उन्नाव संसदीय सीट का किला फतह करने वाली भाजपा ने तब लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी। अब एक बार फिर तब के भाजपा सांसद देवीबख्श सिंह की जीत के रिकार्ड की बराबरी करने के लिए साक्षी महाराज जोर आजमाइश कर रहे हैं। 2014 की मोदी लहर में जीते साक्षी महाराज ने 2019 में भी बड़े अंतर से सपा उम्मीदवार को हराया था। अबकी बार वे मोदी की गारंटी और राष्ट्रवाद के रंग को गाढ़ा कर इस सीट पर जीत की हैट्रिक दर्ज करने के लिए गुणा- भाग कर रहे हैं। अपनी इस कोशिश में वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मुद्दे को भी भुना रहे हैं। इसी सीट से 2009 में कांग्रेस से सांसद रहीं अन्नू टंडन इस बार सपा की साइकिल पर सवार होकर उन्हें चुनौती दे रही हैं। इस लड़ाई को पत्रकार से नेता बने अशोक पांडेय हाथी के महावत बनकर त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत है। अब इस बार सांसद कौन बनेगा यह तो मतदान और परिणाम बताएगा, फिलहाल उन्नाव सीट पर मुकाबला दिनों दिन रोचक होता जा रहा है।


भाजपा सांसद साक्षी महाराज।

सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन।

बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय।

बदला परिसीमन तो खुली कांग्रेस की किस्मत: 2008 में लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन हुआ तो पुरवा, मोहान, भगवंतनगर, सफीपुर, बांगरमऊ और उन्नाव सदर विधानसभा सीट को मिलाकर उन्नाव संसदीय सीट का नए सिरे से गठन हुआ।

उन्नाव से सटी मोहनलालगंज सुरक्षित संसदीय सीट में शामिल जिले की दो विधानसभा सीटों को काटकर उन्नाव लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इसके बाद जब 2009 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की अन्नू टंडन यहां से जीतने में कामयाब रहीं। हालांकि 1984 के बाद कांग्रेस यहां से कभी नहीं जीती थीं।

वनवास काट रही कांग्रेस का वनवास तो उस समय खत्म हो गया था लेकिन 2014 में जब मोदी लहर आई तो कांग्रेस को यह सीट भाजपा के हाथों गंवानी पड़ी। स्थिति ये रही कि पार्टी की प्रत्याशी अन्नू टंडन पिछड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। दूसरे नंबर पर सपा के अरुण शंकर शुक्ल और तीसरे पर बसपा के ब्रजेश पाठक थे। 2019 में जब सपा- बसपा का गठबंधन हुआ तो फिर भाजपा जीती और सपा के अरुण शंकर शुक्ल दूसरे और कांग्रेस की अन्नू टंडन तीसरे स्थान पर रहीं। अब अन्नू सपा के टिकट पर मैदान में हैं और उन्हें भरोसा है कि इस बार वह मैदान मार लेंगी।

सबसे पहले कृष्ण देव त्रिपाठी ने लगाई थी हैट्रिक

- 1952 से 1971 तक इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। जब 1977 में जनता पार्टी की लहर आई तो कांग्रेस को यहां हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के कृष्ण देव त्रिपाठी ने 1962, 1967 और 1971 में लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। इस सीट पर सबसे पहले उन्होंने ही हैट्रिक लगाई थी। इसके बाद यह रिकार्ड भाजपा के देवी बख्श सिंह ने बनाया। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 में इस सीट पर लगातार जीत दर्ज की। 1999 में सपा के दीपक कुमार ने यहां जीत दर्ज कर भाजपा के जीत के सिलसिले को तोड़ा था। हालांकि 2004 में बसपा के ब्रजेश पाठक ने सपा से यह सीट छीनी। 2014 में ब्रजेश पाठक इस सीट से हारे और फिर भाजपा में शामिल हुए।

लोधी मतदाताओं की बहुलता

- लोधी मतदाताओं की बहुलता वाली इस संसदीय सीट पर 2004 में बसपा के टिकट पर जीते ब्रजेश पाठक इस वक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। साक्षी महाराज की जीत की हैट्रिक की जिम्मेदारी वह बखूबी निभाते नजर भी आ रहे हैं। हालांकि पार्टी में कुछ मुद्दों पर साक्षी महाराज के प्रति नाराजगी भी है। जिसे पार्टी के बड़े नेता भी जानते हैं और उसे दूर करने की अंदरखाने कोशिश भी कर रहे हैं। साक्षी महाराज ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के आंकड़े रट रखे हैं, वे सभाओं में इन्हें मतदाताओं को सुनाते हैं और अपनी उपलब्धियों की सूची में प्रयागराज- मेरठ एक्सप्रेस वे, रिंग रोड और कानपुर- लखनऊ एक्सप्रेस वे को जोड़ते हैं। लेकिन सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन भी उनसे कहीं कम नजर नहीं आती हैं। वह भी मतदाताओं को बताने में लगी हैं कि रोजगार का वादा कर नौकरी न देने वालों की गारंटी में कोई दम नहीं है।
- चार सौ पार सीटें इसलिए चाहिए ताकि संविधान बदला जा सके और आरक्षण को खत्म किया जा सके। वह युवाओं को अग्निवीर योजना की कमियां बताती हैं और बेरोजगारी का दर्द उभारने की कोशिश करती हैं। इन दोनों योद्धाओं के चक्रव्यूह को तोड़कर जीत सुनिश्चित करने की कोशिश में अशोक पांडेय भी लगे हुए हैं। जल्द ही बसपा मुखिया मायावती और आकाश आनंद की सभा कराने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बसपा के परंपरागत मतदाताओं और ब्राह्मण मतदाताओं के सहारे जीत की उम्मीद नजर आ रही है।

2019 में मत प्रतिशत

56.87%	24.46%	15.01%
भाजपा	सपा	कांग्रेस

2014 में वोट शेयर

43.18%	16.40 %	1241096
भाजपा	कांग्रेस	पुरुष मतदाता
17.37 %	16.66 %	1095120
सपा	बसपा	महिला मतदाता
		98
		थर्ड जेंडर मतदाता
		2336314
		कुल मतदाता



लोधी और पासी मतदाता होते निर्णायक

इस लोकसभा क्षेत्र में पासी और लोधी वोट निर्णायक भूमिका में है। लोधी मतदाताओं की संख्या करीब ढाई लाख तो पासी मतदाता डेढ़ लाख के आसपास हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक पार्टियां दोनों ही जातियों के मतदाताओं पर विशेष नजर रखती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का नाम भी बदलकर गुलाब सिंह लोधी के नाम पर कर दिया था। एक माह पहले ही स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया था। जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर ही भाजपा ने यहां विधानसभा चुनाव में भी टिकट बांटे थे। पार्टी ने जहां बांगरमऊ में कुर्मी समाज के श्रीकांत कटियार को मौका दिया तो क्षत्रिय मतों को साधने के लिए पुरवा से अनिल सिंह को फिर से चेहरा बनाया। मोहान सुरक्षित सीट से पासी जाति के बृजेश रावत तो सफीपुर से बंबा लाल दिवाकर को चुना था। भगवंत नगर से आशुतोष शुक्ला तो उन्नाव से पंकज गुप्ता को उतार कर वैश्य जाति के वोटों को साध लिया था। यह गणित लोकसभा चुनाव में काम आए इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।

आरक्षण बचाओ

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर क्षेत्र में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म कर देगी।

10 से दिखेगा इंडिया गठबंधन का दम, रैलियां

चुनाव डेस्क, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में चौथे चरण का प्रचार थमने से एक दिन पूर्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा मुखिया अखिलेश यादव शहर में गठबंधन प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करने आएंगे। इंडिया गठबंधन की संयुक्त सभा लालइमली स्थित जीआईसी मैदान में होगी। इसकी तैयारियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि इस बार कानपुर संसदीय सीट पर वह काबिज हो जाएगी। पार्टी यहां भाजपा के उम्मीदवार को बाहरी बताकर घेरने में लगी है।

राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इस सभा में कानपुर में बंद मिलों का मुद्दा तो उठाएंगे ही साथ ही संविधान और आरक्षण बचाने के लिए गंठबंधन को वोट देने की अपील करेंगे।

10 मई को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज व कानपुर में संयुक्त रूप से होने वाली इस जनसभा में गठबंधन के कई और बड़े नेताओं को भी लाने की तैयारी की जा रही है।

खास बात यह है कि इस दिन ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा प्रमुख मायावती भी कानपुर में होंगी। अकबपुर संसदीय क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगी। बसपा सुप्रीमो मायावती 10 मई को रमईपुर आयोजित जनसभा में आकाश आनंद भी आ सकते हैं। फिलहाल आकाश आनंद ने जनसभाओं में जाना बंद कर रखा है।

ठोंकी ताल

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री व गुरुग्राम से उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह ने नूंह में जनसभा को संबोधित किया।

कम मतदान वाली सीटों पर नजदीकी मुकाबले की उभर रही तस्वीर

सामयिक विश्लेषण

राजपुरुष

अमृत विचार: प्रदेश की 10 सीटों पर मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में औसतन 57.34% मतदान दर्ज किया गया है। हालांकि चुनाव आयोग द्वारा मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए जाने पर इस डाटा में थोड़ा बहुत अंतर आना संभावित है। लेकिन इतना साफ है कि संभल को छोड़कर किसी भी सीट पर मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास नहीं हो पाए हैं।

प्रदेश में लगातार तीसरे चरण में कम मतदान को वोटर की उदासीनता से जोड़ा जा रहा है। इससे यह भी सवाल उठा रहा है कि जिन सीटों पर पांच प्रतिशत या उससे ज्यादा कम मतदान हुआ है, क्या वहां इस बार फैसला नजदीकी अंतर से होने जा रहा है। तीसरे चरण में सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, राज्य सरकार के दो कैबिनेट मंत्रियों जयवीर सिंह व अनूप वाल्मिकी और केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। उपलब्ध आंकड़ों के हिसाब से तीसरे चरण में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत वोट संभल लोकसभा सीट पर डाले गए हैं, जबकि सबसे कम करीब 54% मतदान आगरा सीट पर हुआ है। प्रदेश में पहले दो चरणों में भी 2019 के चुनाव की अपेक्षा कम मतदान दर्ज किया गया था।

संभल में मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास फिर भी सवाल: प्रदेश में केवल संभल लोकसभा सीट ऐसी रही है, जहां मतदान प्रतिशत 60 के पार पहुंच सका है। यहां 2019 के चुनाव में 64 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले गए थे। इस बार मतदान 63 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है।

अब डेढ़ प्रतिशत कम मतों से किस प्रत्याशी को कितना नुकसान हो रहा है, इसे लेकर हर किसी के अलग-अलग कयास हैं। यहां सपा समर्थकों और पुलिस के बीच कहासुनी भी हुई। संभल में सपा से डॉ. शफीकुर्रहमान के पौत्र जियाउर्रहमान बर्क, भाजपा से परमेश्वरलाल सैनी और बसपा से शौकत अली मैदान में हैं।

आगरा में कम हो सकता है इस बार जीत का अंतर : आगरा में पिछली बार 2019 में 59 फीसदी से अधिक वोट डाले गए थे, लेकिन इस बार मतदान प्रतिशत 54 प्रतिशत के आसपास ही रहा है। पिछली बार के मुकाबले आगरा में मतदान पांच फीसदी तक कम रहने से यहां जीत का अंतर भी कम रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। य आगरा सीट से केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा के सुरेश चंद कर्दम तथा बसपा ती पूजा अमरोही की चुनौती में दलित और मुस्लिम वोट किस तरफ गए हैं, इसे लेकर गुणा-भाग लगाया जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्नी डिंपल यादव और पुत्री अदिति यादव के साथ मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के सैफई में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने जीत का दावा भी किया। अमृत विचार

मैनपुरी में लग रहा बढ़े वोटों का हिसाब-किताब

- हॉट सीट मैनपुरी जहां से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव उपचुनाव जीतने के बाद दूसरी बार मैदान में हैं और भाजपा प्रत्याशी योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह की कड़ी चुनौती के साथ बसपा के शिव प्रसाद यादव का मुकाबला कर रही हैं, यहां मतदान पिछले चुनाव से करीब डेढ़ प्रतिशत तक ज्यादा रहने से परिणाम को लेकर धुकधकी बढ़ गई है। सपा-भाजपा अपने-अपने वोटों का हिसाब-किताब लगाने में व्यस्त हैं। यहां इस बार 58.59 प्रतिशत वोट डाले गए हैं, जबकि 2019 में मैनपुरी सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदान हुआ था।

बसपा के वोट बन सकते यहां जीत-हार में निर्णायक

- फतेहपुर सीकरी में 57 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले जाने की खबर है। इस सीट पर 2019 में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। लगभग तीन प्रतिशत कम मतदान ने प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा दी है। यहां भाजपा के मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर का कांग्रेस के रामनाथ सिकरवार से सीधे संघर्ष में बसपा के रामनिवास शर्मा द्वारा बनाया गया त्रिकोण किसे फायदा या नुकसान पहुंचा गया है, इसके कयास लगाए जा रहे हैं।

भाजपा-सपा की सीधी टक्कर में दो फीसदी मतों का पेच

- बरेली लोकसभा सीट पर इस बार 57.88 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पिछली बार 2019 में इस सीट पर 59 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ था। इस तरह यहां भी दो प्रतिशत के आसपास मत कम पड़ने से प्रत्याशियों का अनुमान बदल गया है। बरेली सीट पर भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार का सपा के प्रवीण कुमार ऐरन के साथ सीधी टक्कर में बसपा के छोटेलाल गंगवार को मिले मतों का गणित लगाया जा रहा है।

दलित-मुस्लिम मतों पर टिका जीत का दारोमदार

- फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर 58.22 प्रतिशत मतदान दर्ज होने की सूचना है। यहां पिछली बार 60 फीसदी से अधिक वोट पड़े थे। जाहिर है दो प्रतिशत कम मतदान कांटे की टक्कर में नया गुल खिला सकता है, या जीत का अंतर कम कर सकता है। फिरोजाबाद में सपा से प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव मैदान में हैं, उनकी भाजपा के विश्वदीप सिंह से कड़ी टक्कर देखने में आयी है। बसपा से चुनाव लड़ रहे चौधरी बशीर ने दलित और मुस्लिम मत कितना पाए हैं, इसी पर सपा और भाजपा की जीत का अनुमान टिका है।

हाथरस में परिणाम पर पड़ सकता असर

- हाथरस में भी इस बार मतदान पिछली बार के मुकाबले करीब करीब 6% तक कम रहा है। यहां 55.36 प्रतिशत वोट डाले जाने की खबर है। हाथरस में 2019 में 61 फीसदी से ज्यादा वोट डाले गए थे। यहां इस बार तीनों प्रत्याशी बाहरी थे। हाथरस सीट पर साल 2019 के चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। हाथरस में भाजपा से योगी सरकार में मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, जबकि सपा से जसवीर वाल्मीकि व बसपा से हेमबाबू धनगर चुनाव लड़ रहे हैं।

इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी ने गौतमपल्ली थाने में दिया प्रार्थना पत्र

धन्नीपुर मस्जिद के नाम पर चंदा उगाही, 2 बैंकों में खोले फर्जी खाते

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सोहावल तहसील के धन्नीपुर गांव में आवंटित जमीन पर प्रस्तावित मस्जिद के नाम पर भी चंदे का खेल शुरू हो गया है। अयोध्या की दो बैंक शाखाओं में प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद के नाम पर फर्जी खाते खोल लिए गए हैं। इसके लिए आरोपियों ने सोशल मीडिया पर मस्जिद की तस्वीर के साथ बैंक खातों के नंबर भी डाल दिये। इसकी जानकारी होने पर मस्जिद निर्माण के लिए बने इन्डो इस्लामिक कल्चरल फाउन्डेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी जुफर अहमद फारुखी ने सोमवार को लखनऊ में गौतमपल्ली थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में मस्जिद निर्माण के लिए सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ

बोर्ड लखनऊ को पांच एकड़ जमीन दिए जाने का आदेश किया था। जिस पर प्रशासन ने धन्नीपुर में जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसकी देखभाल ट्रस्ट के जिम्मे है। इन्डो इस्लामिक कल्चरल फाउन्डेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि ट्रस्ट पदाधिकारी सचिव अतहर हुसैन और ट्रस्ट से जुड़े अरशद अफजाल खान ने बताया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक चित्र प्रसारित हो रहा है। जिसमें ट्रस्ट की प्रस्तावित मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र व अयोध्या श्रृंगारहाट स्थित बैंक खाता संख्या-5556317689, आईएफएससी नंबर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का विवरण दिया गया है। उनका कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मस्जिद के नाम पर चन्दा वसूली के लिए फर्जीवाड़ा कर खाता खुलवाया है। बताया कि ट्रस्ट की ओर से ऐसा कोई बैंक खाता संचालित नहीं किया जा रहा और न ही ट्रस्ट ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कोई खाता खुलवाया है।

ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से अभी तक कुल चार खाते खुलवाए गए हैं। इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के नाम से लखनऊ की हीवेट रोड स्थित आईसीआईसीआई और इंदिरापुरम स्थित कोटक महिंद्रा में और मस्जिद मो. बिन अब्दुल्लाह-इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के नाम से लखनऊ के विभूति खंड स्थित एचडीएफसी व मुंबई कुर्ला बांद्रा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खोला गया है। किसी ने अयोध्या के सेंट्रल बैंक श्रृंगारहाट और नियावां के फेडरल बैंक में खाता खुलवाया है और सोशल मीडिया तथा विभिन्न वेबसाइटों के माध्यम से इन्हीं खातों में मस्जिद निर्माण में आर्थिक सहयोग के लिए रकम जमा कराई जा रही है। जबकि इन बैंकों में ट्रस्ट का कोई खाता ही नहीं है। मस्जिद का निर्माण कार्य जुलाई से शुरू होने की संभावना है।

प्रस्तावित मस्जिद के निर्माण के लिए फर्जीवाड़ा कर चंदा वसूली के मामले में मंगलवार को सुन्नी सेंट्रल बोर्ड सब कमेटी अयोध्या के मो. आजम कादरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। कमेटी की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन की ओर से प्रस्तावित मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्ला के निर्माण के लिए अयोध्या के दो बैंकों में खाता खोलवाकर चंदा वसूली के मामले की जांच और कार्रवाई कराने, तत्काल संबंधित बैंक खातों को बंद कराने तथा इन खातों के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही प्रस्तावित मस्जिद के फोटोग्राफ का इस्तेमाल कर चंदा वसूली के लिए सोशल मीडिया पर इस मैसेज को डालने वाले की पहचान कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल में रिजवान, आरिफ आदि शामिल रहे। मो. आजम ने बताया कि पहले राममंदिर ट्रस्ट के नाम पर इसी तरह का फर्जीवाड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मामले में बुधवार को आईजी से भी मिलेंगे।

दूर से किया जा रहा गोरखधंधे का संचालन

साइबर ठगी गिरोह से जुड़े लोग मस्जिद निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग हासिल कर रकम हड़पने का गोरखधंधा कहीं दूर बैठकर अंजाम दे रहे हैं। साथ ही एक खाता अलखैर फाइनेन्स के नाम पर संचालित किया जा रहा है। यह तथ्य मामले की छानबीन के दौरान प्रकाश में आया है। गिरोह से संबंधित एक मोबाइल नंबर पर फोन किया गया और मस्जिद निर्माण में सहयोग की इच्छा जताई गई तो फोन उठाने वाले ने भरोसा दिलाने की कोशिश की कि खाता मस्जिद निर्माण के लिए चंदा लेने के लिए ही खोला गया है। वह कंपनी के स्थानीय कार्यालय के बारे में स्पष्ट कुछ नहीं बता पाया। कार्यालय धाम नगर में होने की बात कही।

सार-संक्षेप

अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई अब 14 को

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को भी न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई जारी रही। भोजनावकाश के बाद सुनवाई होने पर राज्य की ओर से पक्ष रख रहे अपर महाधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में महाधिवक्ता उपस्थित होकर राज्य का पक्ष रखेंगे। इस पर याचियों के अधिवक्ता ने राज्य की ओर से लंबे स्थगन के अनुरोध का पुरजोर विरोध करते हुए तर्क दिया कि राजनीतिक द्वेष के कारण राज्य किसी न किसी बहाने से मामले को लंबित रखना चाह रहा है। याचियों की ओर से आगे तर्क दिया गया कि 24 जनवरी 2024 को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए राज्य को 3 सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन कोई जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया, फिर राज्य की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, लेकिन फिर कोई जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया। अंत में कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता का अनुरोध स्वीकार करते हुए महाधिवक्ता द्वारा मामले में कोर्ट को नए सिरे से संबोधित करने के लिए मुकदमे को 14 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

मुख्यमंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : 25 अप्रैल को सोशल मीडिया पर उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी देने वाला गिरफ्तार होते ही फूट-फूट कर रोया। एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रयागराज कमिश्नरेट की तीन टीमें उसे तलाश रही थीं। मंगलवार को उसकी लोकेशन प्रयागराज में फिर मिली, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होते ही वह रोने लगा। कहा कि उस दिन वह नशे में था, गलती से बोल गया, मुझे माफ कर दो। प्रयागराज के रहने वाले समीम उर्फ बबलू ने 25 अप्रैल को सोशल मीडिया पर आकर उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी दे रहा था। इस दौरान उसने कहा कि मैं चुनौती दे रहा हूं कि मेरे घर पर बुलडोजर चलाकर दिखाएं।

पर्सनल लॉ बोर्ड को खत्म करें- बासित अली

कानपुर, अमृत विचार : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पर सवाल उठाते हुये कहा है कि इस बोर्ड को पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिये। यह संविधान विरोधी है। जब मुस्लिमों को संविधान में जगह मिली है तो अलग से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की क्या जरूरत है। बासित अली मंगलवार को फजलगंज स्थित भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भी बोर्ड को अनुचित बताया। कन्नौज के मंदिर में अखिलेश यादव के दर्शन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर की गंगाजल से धुलाई के सवाल पर बासित अली ने कहा कि यह क्रिया की प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि बेशक अखिलेश हिंदू हैं, लेकिन जिस तरह से राम मंदिर के दर्शन से अखिलेश ने दूरी बनाई, उससे हिंदू समाज के लोग आहत हैं। अखिलेश के पीडीए फार्मूले पर बासित ने कहा कि पीडीए में ए यानि अल्पसंख्यक गायब है। दलित पहले ही उनसे दूर हो चुका है और बचा पी भी साथ छोड़ गया है। बासित ने कहा कि गठबंधन पूरे यूपी में हार रहा है। कांग्रेस-सपा मुसलमानों को बहलाने का काम करते हैं। अल्पसंख्यक इस बार मोदी जी को वोट कर रहा है। तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाएं खुश हैं। अब यह मोदी भाईजान के नाम से पुकारती हैं। अब न दूरी है न खाई है मोदी हमारा भाई है का नारा चल रहा है। उन्होंने कहा कि संभल, बंदायू और बरेली में हम बड़े अंतर से जीत रहे हैं।

हटाए गए एसएन साबत, रामाशास्त्री को कारागार का प्रभार

लखनऊ, अमृत विचार : लंबे समय से पुलिस महानिदेशक कारागार की जिम्मेदारी संभाल रहे एसएन साबत को मंगलवार को पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर इस पद पर डीजी पीबी रामाशास्त्री की तैनाती दी गई है। वहीं एडीजी पुलिस मुख्यालय का ट्रांसफर करते हुए प्रतीक्षारत एडीजी आनंद स्वरूप को इस पद पर तैनाती दी गई है। सबसे चर्चित तबादला 1990 बैच के आईपीएस एसएन साबत का रहा। शासन ने उन्हें डीजी कारागार पद से हटाकर डीजी सीबीसीआईडी बनाया है। जबकि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे और लगभग दो महीने से डीजी इन वेटिंग चल रहे 1989 बैच के पीवी रामाशास्त्री को पुलिस महानिदेशक (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं) बनाया गया है। वहीं लंबे समय बाद केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे 1992 बैच के आईपीएस आनंद स्वरूप को अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय बनाया गया है।

कोर्ट में उपस्थित न होने वाले विधायक को सत्र की अनुमति देना खतरनाक: हाईकोर्ट

मेरठ के समाजवादी पार्टी विधायक रफीक अंसारी को राहत देने से इनकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि 100 से अधिक गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद कोर्ट में उपस्थित न होने वाले विधायक को विधानसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति देना एक खतरनाक और गंभीर मिसाल कायम करता है, जो निर्वाचित प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास को खत्म करते हुए राज्य मशीनरी और न्यायिक प्रणाली की अखंडता को कमजोर करता है।

कोर्ट ने आगे कहा कि गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे व्यक्तियों को कानूनी जवाबदेही से बचने की अनुमति देकर प्रशासन कानून के शासन के प्रति दंडमुक्ति और अनादर की संस्कृति को कायम रखने का जोखिम उठाता है। उक्त

आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमपी/ एमएलए कोर्ट, मेरठ में लंबित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामले को रद करने की मांग वाली विधायक की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने उपरोक्त आदेश की प्रति विधानसभा स्पीकर के समक्ष जानकारी के लिए रखने के लिए प्रमुख सचिव को भेजने का निर्देश दिया, साथ ही यूपी के पुलिस महानिदेशक को यह आदेश दिया कि वह अंसारी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट द्वारा पहले ही जारी किए गए गैर जमानती वारंट की तामील सुनिश्चित करें और इस संदर्भ में अगली सुनवाई यानी 22 जुलाई को अनुपालन हलफनामा दाखिल करें। मामले के अनुसार आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत 35-40 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सितंबर 1995 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच पूरी होने के बाद 22 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। उसके बाद याची सपा विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ एक और पूरक आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया, लेकिन याची कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए,इसलिए दिसंबर 1997 को गैर जमानती वारंट जारी किया गया। बाद में 101 गैर जमानती वारंट और अन्य प्रक्रियाओं के बावजूद याची कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए बल्कि मामले को रद करने की मांग करते हुए उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया।

याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मामले में मूल आरोपी वर्ष 1997 में बरी कर दिए गए हैं। अतः याची के खिलाफ भी कार्यवाही रद की जानी चाहिए, लेकिन कोर्ट का मानना है कि किसी भी आरोपी के खिलाफ आपराधिक मुकदमे में दर्ज किए गए साक्ष्य केवल उस आरोपी की दोषसिद्धि तक ही सीमित होते हैं। इसका सह- आरोपियों पर कोई असर नहीं पड़ता है। अतः सह-अभियुक्तों को बरी किए जाने की परिस्थितियों को याची के मामले में लागू नहीं किया जा सकता है। अंत में कोर्ट ने माना कि मामले के अजीबोगरीब तथ्यों को देखकर भी कोर्ट अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती ऐसा मुद्दा न केवल लोकतंत्र के सिद्धांतों से समझौता सिद्ध होता है बल्कि समाज के ताने-बाने को भी खतरे में डालता है, जिससे भ्रष्टाचार और अराजकता का जन्म होता है। जनता द्वारा निर्वाचित जननायकों को अपने नैतिक आचरण और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखना चाहिए।

अखिलेश पर अनदेखी का आरोप लगा प्रदेश सचिव ने दिया इस्तीफा

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू ने अपने पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मंगलवार को पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर अनदेखी करने और चुनिंदा लोगों से घिरे होने का आरोप लगाते हुए पत्र भेजा है। सपा से इस्तीफा देने के बाद उनके भाजपा में जाने की चर्चाएं हैं। पत्र में प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा है कि मेरा मानना है कि सपा में कुछ लोग जो पुराने हो चुके हैं और कुछ वो हैं, जिनकी राजनीति आपके इर्द-गिर्द व आपकी कृपा पर निर्भर है। उनकी राय को जरूरत से अधिक महत्व देने से उनकी उम्मीदवारी नजरअंदाज होती रही। ऐसे लोग आपसे जमीनी लोगों को दूर रखना चाहते हैं।

भाजपा बेईमानी पर उतर आई है, हार से बौखला गई है: अखिलेश

जिसने मंदिर धोया, जनता उसको धो डालेगी

संवाददाता, बिधनू (कानपुर)

अमृत विचार : सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हार के डर से बौखला गई है। करोड़ों मतदाता इनके खिलाफ हैं। जो आदमी हारने लगता है, वह बेईमानी पर उतारू हो जाता है। इनका स्तर इतना गिर गया है कि हम लोग यदि मंदिर में जायेंगे तो मंदिर का परिसर धो देंगे। याद रखिये आज आपने मंदिर परिसर धोया है जनता तुम्हें वोट डाल-डालकर ऐसा धोएगी कि दोबारा वापस नहीं आ पाओगे। अखिलेश मंगलवार को रमईपुर में गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में जनसभा में बोल रहे थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की केवल एक सीट पर लड़ाई है। बाकी सीटें

जनता का अभिवादन करते अखिलेश।

पीडीए व इंडिया गठबंधन के खातों में जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सेना में अग्निवीर भर्ती शुरू कर दी है। अखिलेश ने मंच में खड़े पुलिसकर्मियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर भाजपा सरकार सत्ता में आई तो पुलिस की नौकरी भी तीन साल की कर देगी। इसलिए हम सबको अपने युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए सपा को वोट देना होगा। अगर हम सत्ता में आए तो अग्निवीर भर्ती को समाप्त कर देंगे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुछ समय पहले बिल गेट्स ने पीएम मोदी से मुलाकात कर डिजिटल डिवाइस पर बात की थी।

भाजपा के लोग गांव-गांव जाकर देख लें जो इंटरनेट व्यवस्था का प्रबंध किया गया, वह सपा सरकार की देन है। अखिलेश ने कहा कि हम जीतने के बाद युवाओं को आरक्षण के साथ नौकरी देंगे। इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि किसानों का कर्ज माफ होगा। अखिलेश ने कहा कि अगर हमारी सरकार आई तो गरीबों को पैकेट वाला आटा के साथ डाटा फ्री देंगे। भाजपा के चार सौ पार के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आपने होर्डिंग नहीं देखी, होर्डिंग से एक इंजन गायब है। वह इंजन अब खटारा हो गया है। बोले खटारा इंजन की फोटो नहीं लगाई होर्डिंग में।

स्कूल में बच्चों को सुरक्षित वातावरण को लेकर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा हलफ़नामा

विधि संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय करने के सम्बंध में राज्य सरकार को तीन सप्ताह में हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है। हालांकि सरकार की ओर से इस सम्बंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी न्यायालय को दी गई लेकिन न्यायालय जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। न्यायालय ने तीन सप्ताह में हलफ़नामा दाखिल करने के साथ-साथ मामले को अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई को नियत किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे जिसके तहत डीआईओएस को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई थी व उसके कार्यों की निगरानी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को करने को कहा गया था जिसका प्रमुख जिलाधिकारी को बनाया गया था। अंत में दोनों के कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी मुख्य सचिव को सौंपी गई थी।

वर्ग पहेली-63

बाएं से दाएं

3. इस लोक से भिन्न लोक
4. बेसन का बना नमकीन पकवान।
6. यंत्र
7. 1. गाड़ी का धुरा, छोटा धुरा 2. अक्ष, चूल 3. पहिए का केंद्रक।
8. 1. भार उठाने वाला, बोझा ढोने वाला, कुली 2. पालकी ढोने वाला।

ऊपर से नीचे

1. 1. नियमित रूप से कुछ करने का तरीका एवं क्रम, दिनचर्या, नित्यक्रम, नित्यचर्या 2. शृंखलाबद्ध क्रिया आदि।
2. ईश्वर, भगवान।
3. 1. कच्ची अफ़ीम को सुखाने से प्राप्त तरल पदार्थ 2. किसी वस्तु या पदार्थ में से रिस-रिसकर निकलने वाला तरल पदार्थ, जलांश 3. स्वेद, पसीना।
5. दे. सागौन।
6. ओलती, फूस या खपरैल के मकान के छाजन या छप्पर का वह स्थल जहां से वर्षा का जल नीचे गिरता है।



वर्ग पहेली -62 का हल

1 खो	टी		2 फ़ा		
		3 टो	उं		
		क	टे		4 कं
5 छि	छो	रा	प	न	का
			पे		लि
		6 कॉ	श	न	म	नी
7 ठी	हा				

सुडोकू -142

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2		7			1		
4		8				5		
		3		6				4
7			3			6		
8	6						3	
	3				4	9		
5				3		8		
	1				2	3		
		7					4	

सुडोकू -141 का हल

5	1	4	2	7	3	6	9	8
9	8	2	1	5	6	3	4	7
6	3	7	8	9	4	2	5	1
1	9	8	7	4	2	5	6	3
3	4	5	6	1	9	8	7	2
2	7	6	5	3	8	4	1	9
4	5	3	9	8	1	7	2	6
8	6	1	4	2	7	9	3	5
7	2	9	3	6	5	1	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मई बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 08.51 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 13.33 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी आपको प्रसन्न करने का प्रयास करेगा। नए लोगों के बीच काम करने के अवसर मिलेंगे। आप अपने पसंदीदा कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

वृष — आज संतान की अवहेलना न करें। दिखावे के लिए आप अपनी क्षमता से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। आपको कुछ कठिन काम अकेले करने पड़ सकते हैं। व्यापारिक कारण से किसी सहयोगी से झगड़ा हो सकता है।

मिथुन — आज वरिष्ठ अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े कारोबारियों को काफी लाभ होगा। घर में संबंधियों का आना-जाना लगा रहेगा। दोपहर के बाद आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिल सकते हैं।

कर्क — आज दोपहर के बाद थोड़ा हल्कापन महसूस करेंगे। खर्चों में संतुलन बनाने की कोशिश कर सकते हैं। जॉब में सहयोगियों को नाराज न करें। सिरदर्द और थकान के कारण काम में मन नहीं लगेगा। बिजनेस में जोखिम भरे कार्य न करें।

सिंह — आज परिवार में कोई पारंपरिक उत्सव हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें। घर पर वेबसीरीज या साहित्य में सक्रिय हो सकते हैं। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कन्या — आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। कुछ लोग आपके विश्वास को तोड़ सकते हैं। इससे आप मानसिक रूप से कुछ अशांत महसूस करेंगे। आयात-निर्यात के कारोबार में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

तुला — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बदलते मौसम को लेकर सिरदर्द और बुखार की समस्या होगी। जीवनसाथी के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। नए विचारों और योजनाओं से प्रभावित रहेंगे। दूर की यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

वृश्चिक — आज अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी। अधूरे कार्यों को आसानी से पूरे कर लेंगे। परिवार में आपका महत्व बढ़ेगा।

धनु — आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कृषि कार्यों से बड़ा धन लाभ हो सकता है। भविष्य को लेकर कोई सार्थक निर्णय ले सकते हैं।

मकर — आज नई परियोजनाओं में काम करने का विचार बनाएं। जीवनसाथी की भावनाओं को सम्मान दें। गुस्से में आपके काम बिगड़ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ परेशानियां आ सकती है। परिवार में शुभ आयोजन हो सकता है।

कुंभ — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है। जोड़ों और घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। बुद्धिमान लोगों का परामर्श लेना हितकर होगा। भरोसेमंद व्यक्तियों का ध्यान रखें।

मीन — आज नए करियर को लेकर जो प्लानिंग आप कर रहे हैं,उसे साकार करने के लिए समय उत्तम है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सावधानी रखें। विश्वासघाती लोगों से आपको दूरी बना लेनी चाहिए। कई दिनों से जो काम रुका हुआ था वो बन सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
कातिलों के कातिल — सुबह : 10.16
शिव शक्ति — रात : 07.00

SONY MAX
डबल एक्स एल — सुबह : 09.45
स्टारफिश — शाम : 06.00

SONY PIX
रैमपेज — सुबह : 10.47
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — रात : 09.17

ZEE CINEMA
जीरो — सुबह : 09.55
लवशुदा — रात : 07.45

colors CINEPLEX
हेरा फेरी — दोपहर : 12.02
आन : मेन एट वर्क — रात : 09.01

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर : 12.02 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,511.85	22,302.50
नुकसान	383.69	140.20
प्रतिशत में	0.52	0.62

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, बुधवार, 8 मई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155।

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	84,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,600
गिन्नी (प्रति नग)	54,800-55,000

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,350
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	71,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	82,000
चांदी तैयार	82,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

3 साल में घट गई परिवारों की शुद्ध बचत

सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, नौ लाख करोड़ रुपये घट गई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में परिवारों की शुद्ध बचत तीन वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गयी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

मंत्रालय की तरफ से जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी-2024 के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में परिवारों की शुद्ध बचत घटकर 17.12 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 में और भी कम होकर 14.16 लाख करोड़ रुपये पर आ गई जो पिछले पांच वर्षों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले शुद्ध घरेलू बचत का निचला स्तर वर्ष 2017-18 में 13.05 लाख करोड़ रुपये था। लेकिन यह 2018-19 में बढ़कर 14.92 लाख करोड़ रुपये और 2019-20 में 15.49 लाख करोड़ रुपये हो गया था। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2020-21 से लेकर 2022-23 के दौरान म्यूचुअल फंड में निवेश लगभग तिगुना होकर 1.79 लाख करोड़ रुपये हो गया जो 2020-21 में 64,084 करोड़ रुपये था। शेयरों और डिबेंचर में परिवारों का निवेश इस अवधि में 1.07 लाख करोड़ रुपये से लगभग दोगुना होकर 2022-23 में 2.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़े बताते हैं कि परिवारों को बैंक ऋण भी इन तीन वर्षों में दोगुना होकर 2022-23 में 11.88 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

एफएमसीजी सामान की ग्रामीण खपत रही अधिक

भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही। मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।

आईडीबीआई बैंक को 2.97 करोड़ की जीएसटी मांग का नोटिस

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसे कथित तौर पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने समेत 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस मिला है।

बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में 1.42 करोड़ रुपये की कर मांग के साथ बैंक पर 1.41 करोड़ रुपये का ब्याज और 14 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आईडीबीआई बैंक ने कहा-बैंक कानून के मुताबिक इस मामले में अपील सहित उचित कानूनी तरीका अपनाने के बारे में विचार कर रहा है।

सोने में 200 रुपये की बढ़त, चांदी में 700 रुपये का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर की बढ़त है।

सौमिल गांधी ने कहा-इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने के संकेत मिलने से सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी नीति निर्माताओं की नरम रुख वाली टिप्पणियों ने ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों को बढ़ावा दिया है।

एक नजर

अरुण पंचारिया पर लगा 15 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने विनसम यार्न्स लिमिटेड की तरफ से जारी ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट (जीडीआर) से संबंधित कथित धोखाधड़ी मामले में मंगलवार को अरुण पंचारिया पर 15 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। यह फैसला प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) के उस आदेश के छह महीने के भीतर आया है जिसमें सेबी को मामले पर दोबारा गौर करने के लिए कहा गया था। इसके अलावा यह भी कहा था कि पंचारिया पर लगाए गए 25 करोड़ रुपये के जुर्माने को बरकरार नहीं रखा जा सकता है। हालांकि, सैट ने नवंबर, 2023 में पारित अपने आदेश में जीडीआर जारी करने में धोखाधड़ी के बारे में लेनदेन के पहले चरण के संबंध में सेबी के निष्कर्षों की पुष्टि की थी। लेकिन दूसरे चरण में संबंधित संस्थाओं के साथ अपीलकर्ता का संबंध नहीं मिल है। सेबी अधिकारी बरनाली मुखर्जी ने कहा-संबंधित संस्थाओं और विनसम के सहयोग से पंचारिया ने एक धोखाधड़ी योजना तैयार की थी।

कारोबारी घंटे बढ़ाने का एनएसई का प्रस्ताव खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेबी ने ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने से कर दिया इनकार
- एनएसई के सीईओ ने बताया वर्तमान में कोई योजना नहीं

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने स्टॉक ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने का हवाला देते हुए इक्विटी डेरिवेटिव खंड में कारोबारी घंटे बढ़ाने के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा-वर्तमान में कारोबारी घंटे बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि सेबी ने हमारा आवेदन वापस कर दिया है। स्टॉक ब्रोकरों से सेबी को ऐसी प्रतिक्रिया नहीं मिली, जैसी वह चाहता था। लिहाजा विस्तारित समय योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। एनएसई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से इक्विटी डेरिवेटिव खंड में चरणबद्ध तरीके से कारोबार का समय बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके पीछे मकसद यह था कि वैश्विक सूचना प्रवाह से रातों-रात पैदा होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।

एनएसई के मुख्य कारोबार विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने सितंबर में बताया था कि एक्सचेंज नियमित कारोबारी सत्र खत्म होने के बाद शाम छह बजे से रात नौ बजे तक एक और सत्र की योजना बना रहा था। इसपर मिली प्रतिक्रिया के आधार पर कारोबारी समय को धीरे-धीरे रात 11.55 बजे तक बढ़ाने का प्रस्ताव था।

कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले पर ईपीएफओ कदम उठाने को लेकर कर रहा विचार

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य निधि में विदेशी श्रमिकों को शामिल करने को असंवैधानिक ठहराने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में आगे की कार्रवाई पर गौर कर रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कर्मचारी भविष्य निधि और पेंशन योजना के दायरे में अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों को शामिल करने के प्रावधानों को खारिज कर दिया है। वहीं ईपीएफओ ने कहा-न्यायालय के फैसले के प्रति सर्वोच्च सम्मान रखते हुए कार्रवाई के तरीकों पर सक्रियता के साथ विचार कर रहा है।

दूरसंचार विभाग ने धोखाधड़ी में शामिल मोबाइल हैंडसेट, फोन नंबर किए ब्लॉक

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल पर संदेश भेजकर मोबाइल उपयोग करने वालों के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने ऐसी गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले मोबाइल फोन को ब्लॉक करने के साथ ऐसे नंबरों को बंद करना शुरू कर दिया है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' पोर्टल शुरू किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पोर्टल शुरू होने के बाद से विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है। साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर 348 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा, 10,834 संदिग्ध मोबाइल नंबर को फिर से सत्यापन के लिए चिह्नित किया है। एसएमएस से संबंधित धोखाधड़ी पर एक प्रौद्योगिकी पेशेवर के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखी गई बातों के जवाब में विभाग ने कह कि जिस मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया है, उसे ब्लॉक कर दिया गया है।

आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की बढ़ गई संख्या

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या पिछले साल 57 से बढ़कर अब 64 हो गई। इसकी वजह खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं के प्रीमियम संपत्तियों को तरजीह देना है।

रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें 29 शहरों के शॉपिंग सेंटर और बड़े बाजारों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आठ प्रमुख महानगरों में खाली पड़ी खुदरा संपत्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

राष्ट्रीय

एक नजर

आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

नई दिल्ली। भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा कथित तौर पर धन लिए जाने के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की सिफारिश को लेकर मंगलवार को डीडीयू मार्ग स्थित आप मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अवरोधक लगाकर रोक दिया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया-हम जानते हैं कि आप भ्रष्ट है लेकिन यह सबसे शर्मनाक है कि पार्टी ने एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से भी धन लिया।

भाजपा का पोस्ट तुरंत हटाने का निर्देश

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई (बीजेपी4कर्नाटक) के एक पोस्ट को कानून का उल्लंघन बताते हुये सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्ववर्ती) ट्विटर से उसे तुरंत हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। आयोग द्वारा एक्स के नोडल अधिकारी को भेजे गये एक पत्र में कहा गया है कि बीजेपी4कर्नाटक का सोशल मीडिया पोस्ट नियम क़ानून के विरुद्ध है और उसके खिलाफ बेंगलुरु में मामला दर्ज़ किया जा चुका है। आयोग ने कहा है कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक्स को पांच मई को ही उस पोस्ट को हटाने को कहा था, लेकिन उसे अब तक नहीं हटाया गया है।

दिल्ली पुलिस ने व्हाट्सएप चैनल शुरू किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को सुरक्षा अलर्ट, महत्वपूर्ण समाचार और दिल्ली पुलिस विभाग के त्वरित अपडेट की जानकारी देने के लिए मंगलवार को व्हाट्सएप चैनल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हमारा मानना है कि यह लोगों के साथ हमारे जुड़ाव को बढ़ाएगा और महत्वपूर्ण जानकारी को समय पर और कुशल रूप से साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार लाएगा।

मप्र में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया एनडीए के लिए क्यों रखा 400 पार सीटों का लक्ष्य

राम मंदिर पर बाबरी ताला न लग जाए...

धार (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के धार में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह चाहते हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग मौजूदा लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीते ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस न लाए और अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगाए। मध्य प्रदेश के धार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बयान की भी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गुट की 'साजिश' गहरी है और वह अपने वोट बैंक के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का पूरा आरक्षण चाहता है। उन्होंने कांग्रेस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अपमानित करने का भी आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि विपक्षी दल ने यह कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में उनकी बहुत कम भूमिका थी। मोदी ने कहा-सच्चाई यह है कि कांग्रेस परिवार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर से बेहद नफरत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि अगर उन्हें 400 लोकसभा सीटे मिलेंगी तो वे संविधान बदल देंगे।

हम करोड़ों लोगों को लखपति बनाएंगे: राहुल

चाईबासा (झारखंड)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों एवं पिछड़ों के अधिकारों को बचाने के लिए है तथा 'इंडिया' गठबंधन के नेता संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा-मोदीने अपने 10 साल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे।

मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए पर धर्म के आधार पर नहीं: लालू प्रसाद

पटना, एजेंसी

- राजद के अध्यक्ष ने की आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत

राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह सामाजिक पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए न कि धर्म के आधार पर। इससे पहले दिन में पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रसाद द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण लाभ को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं ने उनकी आलोचना की। कई मुस्लिम जातियां बिहार और कई अन्य राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल हैं।

हालांकि, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय को ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण देने को लेकर पिछले साल विधानसभा चुनाव में हारी भाजपा आलोचना कर रही है। मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और राजद जैसे उसके सहयोगी ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को मिल रहे आरक्षण का लाभ मुसलमानों को देना चाहते हैं।

वे मुसलमानों को देना चाहते हैं आरक्षण: सुधांशु

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यादव ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की वकालत की है। उन्होंने कहा-लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूर्ण आरक्षण दिया जाना चाहिए। उनके द्वारा अपने वक्तव्य में प्रयुक्त यह शब्द 'पूरा का पूरा' (पूर्ण) बहुत गंभीर है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे (इंडिया गठबंधन) मुसलमानों को एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से से आरक्षण देना चाहते हैं।

राजस्थान में सांड़ को बचाने कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत

जयपुर। राजस्थान के शाहपुरा जिले में एक सांड़ को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आरणी गांव की है जहां दो सांड़ लड़ते-लड़ते कुएं में गिर गए। उसने कहा कि उनमें से एक को ग्रामीणों ने ''अर्थमूविंग'' मशीन की मदद से बचा लिया, जबकि दूसरे सांड़ को बचाने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि कुएं में उतरा सुखदेव बेहोश हो गया। पुलिस के अनुसार सुखदेव को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाने के लिए नीचे उतरे तीन लोग जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। पुलिस के अनुसार-इस हादसे में धनराज (26), कमलेश (19) और शंकर (30) की मौत हो गई।

स्कूलों में पुस्तक वितरण में देरी पर मांगा गया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिकारियों से पूछा कारण

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को किताबें मिलने में देरी को लेकर शहर के अधिकारियों से सवाल किया और कहा कि शैक्षणिक वर्ष का पहला सत्र करीब करीब किताबों के बिना ही बीत गया है। अदालत ने अधिकारियों से पुस्तकों के वितरण में देरी का कारण पूछा, जबकि सरकार ही पुस्तकों के प्रकाशन और वितरण पर पैसा खर्च कर रही है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने पूछा-ऐसा क्यों हो रहा है? जब आप पैसे खर्च कर रहे हैं, किताबें बांट रहे हैं, तो आपको देरी से क्यों बांटना चाहिए? समय पर क्यों नहीं बांट सकते? इस साल ऐसी क्या गलती हुई कि किताबें समय पर नहीं बांटी गईं। पीठ ने कहा-सरकार वितरण और प्रकाशन पर पैसा खर्च कर रही है। इस पर खर्च करने का क्या फायदा जब हम इसका अभी इस्तेमाल न कर सकें। जब अदालत को बताया गया कि कुछ कक्षाओं के पाठ्यक्रम में बदलाव के कारण देरी हुई है, तो अदालत ने टिप्पणी की कि निजी स्कूलों में पढ़ाई चल रही होगी, जबकि सरकारी स्कूल प्रभावित हैं।

उत्तर प्रदेश, झारखंड से पांच मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- गिरफ्तार किए गए तस्करों में तीन लोग बरेली के निवासी

दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त पांच लोगों गिरफ्तार कर पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश और झारखंड निवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 2.26 किलोग्राम हेरोइन के अलावा अन्य मादक पदार्थ बरामद किये। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, रुखसार और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने कहा-हमें सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर आतिफ छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर क्षेत्र के निकट बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की आपूर्ति के लिए आएगा। हमने जाल बिछाया और फरवरी में आतिफ को एक किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि उसने खुलासा किया कि बरामद हुआ मादक पदार्थ उसे बरेली निवासी अशरफ ने नरेला क्षेत्र की अनाज मंडी में एक किसी को आपूर्ति करने के लिए दिया था। पुलिस ने दल गठित किए और बरेली में अशरफ के ठिकानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि पांच फरवरी को उसे एक अस्पताल से गिरफ्तार किया गया और उससे 490 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि उसने बरेली निवासी आरिफ और रुखसार के नाम बताए। जांच के दौरान 23 मार्च को आरिफ अली को उसके किराये के मकान से गिरफ्तार किया गया और उसके घर से 403 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। डीसीपी ने कहा कि रुखसार को 12 अप्रैल को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया और उसके घर से 200 ग्राम हेरोइन समेत मादक पदार्थ तैयार करने वाली सामग्री और अन्य सामान बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि बाद में अंसारी को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का होता है अधिकार

मुंबई, एजेंसी

- बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में की टिप्पणी
- कोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी जमानत

बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को स्वास्थ्य के आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि एक कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का अधिकार होता है और वह सम्मान का हकदार है।

न्यायमूर्ति एन. जे. जमादार की एकल पीठ ने कहा कि एक विचाराधीन कैदी के रूप में इलाज कराने और बिना किसी रोक-टोक के नागरिक के रूप में उपचार कराने के बीच अंतर है। पीठ ने सोमवार को गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी थी। आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। गोयल (75) ने चिकित्सकीय और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत प्रदान करने का आग्रह किया था, क्योंकि वह और उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं। एक विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज कराने की अनुमति दे दी थी। इसके बाद गोयल ने अंतरिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति जमादार ने आदेश देने से पहले मेडिकल रिकॉर्ड का अवलोकन किया और कहा-यह मानना ठीक नहीं होगा कि आवेदक (गोयल) बीमार नहीं है।

पीठ ने कहा कि किसी कैदी को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर केवल इसलिये अधर में नहीं छोड़ा जा सकता कि उस पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के सख्त प्रावधान के तहत मामला दर्ज है। पीठ ने कहा, "एक कैदी को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इलाज कराने का अधिकार है। यह राज्य का दायित्व है कि वह किसी कैदी को स्वास्थ्य व उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक उपचार प्रदान करे। एक कैदी गरिमा का हकदार होता है। पीठ ने ईडी की यह दलील कि गोयल एक निजी अस्पताल में अपनी इच्छा के अनुरूप उपचार करा रहे हैं और इसलिए उन्हें जमानत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए, को ठुकरा दिया। ईडी ने गोयल को सितंबर 2023 में और उनकी पत्नी अनीता को नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था।

ओडिशा सरकार ने कार्यक्रम के दौरान ड्रोन पर लगाया प्रतिबंध

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीवीआईपी) की यात्रा के दौरान ड्रोन के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया है और वे लोग जिन समारोह स्थलों पर लोगों को संबोधित करेंगे, उन्हें 'नो ड्रोन जोन और नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। राज्य में वीवीआईपी की पिछली यात्रा के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों को सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, रोड शो के दौरान वीवीआईपी के दृश्य लेने के लिए ड्रोन का उपयोग करते हुए देखा गया था, जो वीवीआईपी के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इसी वजह से राज्य सरकार ने ये निर्णय लिया है।

आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

लखनऊ सुपरजाइंटस

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	12	18
हर्षल पटेल (पंजाब)	11	17
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	11	16

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	11	542
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	11	541
संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल)	11	471

विश्व कप क्वालीफायर के लिए दूसरी सूची की घोषणा, चोटिल झिंगन बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झिंगन का नाम नहीं है।

पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी। झिंगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी

- पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से शुरू करेंगे अभ्यास

और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएगी।

दबाव में अच्छे फैसले लेता है कप्तान रोहित : युवराज

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा समझदार कप्तान है और दबाव में अच्छे फैसले लेते हैं जिससे टी-20 विश्व कप में भारत के लिए उनकी मौजूदगी अहम होगी। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची और टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम ने जगह बनाई थी। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान रोहित के हाथ में होगी।

टी-20 विश्व कप के ब्रांड दूत युवराज ने आईसीसी से कहा रोहित की मौजूदगी काफी

- टी-20 विश्वकप में रोहित जैसे कप्तान की भारतीय टीम को है जरुरत

अहम होगी। हमें अच्छे और समझदार कप्तान की जरूरत है जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके। रोहित ऐसा ही कप्तान है।

भारत ने आखिरी बाद 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आखिरी आईसीसी खिताब जीता था। युवराज का मानना है कि भारत को रोहित जैसे कप्तान की जरूरत है। जब हम 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में हारे थे तब रोहित ही कप्तान था। हमें उसके जैसे कप्तान की ही जरूरत है।

शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल होंगे भारत की सफलता की कुंजी : शास्त्री

दुबई। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी-20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने कहा दोनों बायें हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170 .73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिए छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है। तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी।

बंगाल, हरियाणा की महिला हॉकी टीमों को मिली जीत

रांची। बंगाल और हरियाणा ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 में क्रमशः ओडिशा और महाराष्ट्र पर 2-1 के समान अंतर से जीत दर्ज की।

बंगाल ने मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा और उसके लिए दोनों गोल शांति होरो (23वां और 39वां मिनट) ने किया। मैच के आखिरी क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो (51वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल ओडिशा की वापसी कराई लेकिन टीम इसके बाद कोई और गोल करने में विफल रही। दिन के दूसरे मैच में हरियाणा ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। मंजू चौरसिया ने 12वें मिनट में टीम को बढ़त दिलायी जबकि दूसरे हाफ में पूजा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हरियाणा की बढ़त को दोगुना किया। महाराष्ट्र के प्रयास करना जारी रखा। टीम के लिए सुकन्या धावरे (55) अंतिम मिनटों में मैदानी गोल कर हार के अंतर को कम करने में सफल रही।

सैमसन की पारी पर भारी पड़े दिल्ली के गेंदबाज

राजस्थान को 20 रन से हराया, मैकगर्क और अभिषेक के अर्धशतक, दिल्ली के लिए प्ले ऑफ की उम्मीदें बरकरार



अभिषेक पारेल

65 रन

36 गेंद

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजों अभिषेक पोरेल और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन (46 गेंद में 86 रन) के बड़े अर्धशतक के बावजूद रॉयल्स की टीम आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। रियान पराग (27) और शुभम दुबे (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव ने 25, मुकेश कुमार ने 30 जबकि खलील अहमद ने 47 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं। टीम हालांकि अंक तालिका पर छठे स्थान पर ही बनी हुई है। रॉयल्स की टीम 11 मैच में 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली ने इससे पहले पोरेल (36 गेंद में 65 रन) और फ्रेजर-मैकगर्क

विकेट लेने के बाद खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

(50 रन, 20 गेंद) के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की 4.2 ओवर में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 221 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स (20 गेंद में 41 रन) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पारी की दूसरी गेंद पर ही यशस्वी जायसवाल (04) का विकेट गंवा दिया। सैमसन शुरूआत से ही अच्छी लय में नजर आए। बटलर 19 रन बनाकर लौटे। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 67 रन बनाए। रियान पराग (22 गेंद में 27 रन) बनाए। 11वें ओवर में टीम ने रनों का सैकड़ा पूरा किया। सैमसन ने 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 63 रन की दरकार थी। मुकेश ने सैमसन को लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर शाई होप के हाथों कैच कराके रॉयल्स को बड़ा झटका दिया। उन्होंने 12 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और दो छक्के मारे। कुलदीप ने इसके बाद डोनोवन फरेरा (01) और रविचंद्रन अश्विन (02) को पवेलियन भेजा। रॉयल्स को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 37 रन की जरूरत थी लेकिन टीम लक्ष्य से दूर रही और आठ विकेट खोकर 201 रन ही बना सकी।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता	11	8	3	16	+1.453
राजस्थान	11	8	3	16	+0.476
चेन्नई	11	6	5	12	+0.700
हैदराबाद	11	6	5	12	-0.065
दिल्ली	12	6	6	12	-0.316
लखनऊ	11	6	5	12	-0.371
बेंगलुरु	11	4	7	8	-0.049
पंजाब	11	4	7	8	-0.187
मुंबई	12	4	8	8	-0.212
गुजरात	11	4	7	8	-1.320



जेक फ्रेजर मैकगर्क

60 रन की साझेदारी जैक और पारेल ने पहले विकेट लिए की

दिल्ली 221/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 01

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
जेक फ्रेजर मैकगर्क का फरेरा बो अश्विन	50	20	7/3
अभिषेक पोरेल का संदीप बो अश्विन	65	36	7/3
शाई होप रन आउट	1	1	0/0
अक्षर पटेल का पराग बो अश्विन	15	10	1/1
ऋषभ पंत का बोल्ट बो चहल	15	13	0/1
ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो संदीप	41	20	3/3
गुलबदीन नायब का अश्विन बो बोल्ट	19	15	1/1
रसिख सलाम रन आउट	9	3	2/0
कुलदीप यादव नाबाद	5	2	1/0

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-48-1, संदीप 4-0-42-1, आवेश 2-0-42-0, अश्विन 4-0-24-3, पराग 2-0-17-0, चहल 4-0-48-1

राजस्थान 201/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 15

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का अक्षर बो खलील	4	2	1/0
जोस बटलर बो अक्षर	19	17	2/1
संजू सैमसन का होप बो मुकेश	86	46	8/6
रियान पराग बो रसिख	27	22	1/3
शुभम दुबे का स्टब्स बो खलील	25	12	2/2
रोवमैन पावेल बो मुकेश	13	10	1/1
डोनोवन फरेरा पगबधा बो कुलदीप	1	3	0/0
रविचंद्रन अश्विन का होप बो कुलदीप	2	3	0/0
ट्रेंट बोल्ट नाबाद	2	3	0/0
आवेश खान नाबाद	7	3	1/0

गेंदबाजी : खलील 4-0-47-2, इशांत 3-0-34-0, मुकेश 3-0-30-2, अक्षर 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-25-2, रसिख 3-0-36-1

बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं : पोलार्ड



मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।

टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के

- मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच बोल- हम यहां आईपीएल के लिए हैं, बाकी सब उसके बाद देखेंगे

लिए हैं। हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है, लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं।

बारिश के कारण लखनऊ से गुवाहाटी और गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही केकेआर

लखनऊ। खराब मौसम के कारण कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की टीम का विमान सोमवार शाम कोलकाता में उतर नहीं कर सका और वह लखनऊ से गुवाहाटी, गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही। केकेआर की मीडिया टीम ने बताया कि टीम को ले जा रहे विमान ने शाम 5 :45 पर लखनऊ से उड़ान भरी और उनके विमान को शाम 7 .25 बजे उतरना था लेकिन बारिश के कारण उनके विमान को उतरने की इजाजत नहीं मिली। रात 8 .46 बजे उन्हें बताया गया कि कोलकाता में भारी बारिश की वजह से उनके विमान को गुवाहाटी भेजा गया। इसके बाद रात 9 .43 बजे पता चला कि हमें वापस कोलकाता जाने के लिए अनुमति मिल गई है और हम रात 11 बजे कोलकाता पहुंचेंगे। टीम मंगलवार को तड़के तीन बजे वाराणसी पहुंची और ताज गंगाज होटल में रात बिताई।

भारतीय दिग्गजों के लिए द्रविड़ के पास स्पष्ट योजनाएं होनी चाहिए : ब्रायन लारा

नई दिल्ली, एजेंसी

महान क्रिकेटर ब्रायन लारा का मानना है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए एक विशेष योजना की जरूरत होगी।

भारतीय टीम प्रबंधन ने खेल के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करना जारी रखा है

और इस टीम में आठ ऐसे खिलाड़ी है जो 2022 टी-20 विश्व कप का भी हिस्सा थे। लारा ने कहा जब आपके पास बहुत सारे दिग्गज खिलाड़ियों वाली टीम होती है, तो आप योजना भूल जाते हैं। आपको विश्वास रहता है कि ये दिग्गज अपना काम बखूबी कर सकते हैं। एक कोच के रूप में कभी-कभी आपके लिए सर विवियन रिचर्ड्स या विराट कोहली से यह कहते हुए संकोच हो सकता है कि आप उनसे क्या उम्मीद करते हैं। भारतीय टीम के संयोजन के बारे में पूछे जाने पर लारा ने रिचर्ड्स की अगुवाई वाली बेहद अनुभवी वेस्टइंडीज टीम का उदाहरण दिया जो 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी थी। टीम में खिलाड़ियों के चयन को लेकर अतीत में भी बहुत सारी टीमों को दुविधा की स्थिति का सामना करना पड़ा है।

प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उतरेंगे लखनऊ-हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों

पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है । टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

बॉलीवुड हलचल

बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा का कहना है कि माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलने पर ही वह शाहरूख खान के साथ काम करेंगी। प्रीति जिंटा ने शाहरूख खान के साथ दिल से, कभी अलविदा ना कहना, कल हो ना हो और वीर जारा जैसी फिल्मों में काम किया है, लेकिन दोनों को ऑडियंस का सबसे ज्यादा प्यार वीर जारा में मिला। प्रीति जिंटा इन दिनों आमिर खान के प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 में काम कर रही हैं। इसी बीच प्रीति जिंटा ने एक्स (पहले ट्विटर) पर उन्होंने अपने फैन्स के सवालों के जवाब दिए। एक फैन ने उनसे पूछा, मैम आप और शाहरुख कब साथ में फिल्म करेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए प्रीति ने लिखा, जब भी ऐसी कोई माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलेगी, जिसे सिर्फ हम दोनों कर सकते हैं तब करेंगे, तब तक इंतजार कीजिए। एक दूसरे फैंन को जवाब देते हुए प्रीति ने शाहरुख की तारीफ में कहा, शाहरूख टैलेंट के पावरहाउस हैं और एक बेहद ही शानदार हैं और ऐसे एक्टर हैं, जिनके साथ काम करने में मजा आता है। वह काफी एंटरटेनिंग हैं और फिल्म दिल से के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। एक फैंन ने कहा, आपको सलमान भाई के साथ दोबारा देखना चाहता हूं, पॉसिबल है? जवाब में प्रीति जिंटा ने लिखा, यदि कोई अच्छी स्क्रिप्ट हो तो कुछ भी पॉसिबल है। उन्होंने कहा कि चोरी चोरी चुपके चुपके सलमान के साथ उनकी फेवरेट फिल्म है।

फिल्म जॉली एलएलबी 3 में हुमा कुरैशी की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में काम करती नजर आ सकती हैं। अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अक्षय और अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी थी। चर्चा है कि अब इस फिल्म में हुमा कुरैशी की भी एंट्री हो गई है। कहा जा रहा है कि हुमा कुरैशी राजस्थान के अजमेर गई हैं और वह वहां पर जॉली एलएलबी 3 की कास्ट को ज्वाइन करेंगी। कुछ दिनों पहले फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू होने की जानकारी देते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। अब ओरिजिनल कौन और डुप्लिकेट कौन, ये तो पता नहीं, पर ये पक्का है कि ये जॉली गुड राइड होने वाली है। हमारे साथ बने रहें जय महाकाल।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

बच्चों को सिखाएं अच्छे और बुरे स्पर्श में अंतर

- दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि आज की डिजिटल दुनिया में नाबालिगों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में बताया जाना ही काफी नहीं है और बच्चों को आभासी स्पर्श की उभरती हुई अवधारणा और इसके संभावित खतरों के बारे में भी शिक्षित किया जाना जरूरी है।

इसमें वर्चुअल टच को लेकर उन्हें उचित ऑनलाइन व्यवहार सिखाना, हिंसक व्यवहार के चेतावनी संकेतों को पहचानना और गोपनीयता सेटिंग्स और ऑनलाइन सीमाओं के महत्व को समझना शामिल है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी एक महिला (कमलेश देवी) की जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। महिला पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने और उसे देह व्यापार में धकेलने के बाद उसके यौन उत्पीड़न में अपने बेटे की मदद करने का आरोप है।

कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

क्या है मामला

एक 16 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर राजीव ने अपहरण कर लिया था, जिसने सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती की और जब वह उससे मिलने आई तो उसने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद लड़की को मध्य प्रदेश ले जाया गया और कई दिनों तक वहीं रखा गया। कथित तौर पर आरोपी और अन्य लोगों द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

जमीन भगवान की मैं उनका मित्र...कोर्ट ने लगाया जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला- मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक निजी मंदिर के संपत्ति विवाद में भगवान हनुमान को पक्षकार बनाने वाले व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत पूजा करने का अधिकार किसी अवैध धार्मिक संरचना में निहित नहीं हो सकता है।

अपीलकर्ता अंकित मिश्रा ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के फैसले के बाद उनके और अन्य की ओर से दायर आपत्ति याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। अपने आदेश में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने कहा कि मिश्रा कोई प्रामाणिकता नहीं दिखा सके जो उन्हें भगवान हनुमान के अगले मित्र के रूप में मुकदमा करने का अधिकार देती। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत, पूजा करने का कोई अधिकार किसी अन्य की निजी भूमि पर बने अवैध धार्मिक ढांचे में निहित नहीं हो सकता है और कहा कि ऐसी स्थिति में स्थापित देवता के पास कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने कहा मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे। शुक्र है कि यह प्रॉक्सी द्वारा दिव्यता का मामला प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि एक निजी मंदिर में सार्वजनिक पूजा, यहां तक कि मुफ्त पहुंच के साथ वास्तव में यह नहीं दर्शाता है कि मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है।

यूपीआई की वजह से ज्यादा खर्च कर रहे 75% भारतीय

भारत में यूपीआई के इस्तेमाल से खरीदारी आसान और कैश रखने की मजबूरी खत्म हुई है, लेकिन खर्च बढ़ा है। आईआईआईटी, दिल्ली (इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के सर्वे में पता चला कि यूपीआई की वजह से भारतीय ज्यादा खर्च करने लगे हैं। 74.2% यानी 4 में से 3 भारतीयों का मानना है कि यूपीआई की वजह से उनके खर्च करने का पैटर्न बदल गया है। वे गैर जरूरी खर्च कर रहे हैं।

- ऑनलाइन पेमेंट की वजह से उन्हें एहसास नहीं होता कि वे ज्यादा खर्च कर रहे हैं। दरअसल, कैश खर्च होने पर अपने पास से कुछ जाने का एहसास होता है। इसलिए खर्च का दर्द महसूस होता है। इसलिए लोग खर्च करने से पहले सोचते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में खर्च में कुछ खोने जैसा एहसास नहीं होता। इसलिए खर्च का पता नहीं चलता। ऑनलाइन पेमेंट में पैसे सिर्फ नंबर जैसे लगते हैं, जो कम ज्यादा होते रहते हैं। जैसे-यूपीआई के जरिए 2500 रुपए का पेमेंट करने में लोग उतना नहीं सोचते, जितना कि 500 के 5 नोट के जरिए किसी चीज का पेमेंट करने में सोचते हैं।
- आईआईआईटी दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने छात्रों के साथ 18 साल और उससे ऊपर के लोगों पर सर्वे किया। इसमें पता चला कि 74 .2% लोगों का खर्च यूपीआई का इस्तेमाल शुरू करने के बाद बढ़ा है। साथ ही यह भी पता चला कि 91 .5% लोग यूपीआई से पूरी तरह संतुष्ट हैं। जबकि 95 .2% ने किसी भी पेमेंट के लिए यूपीआई को सबसे आसान और विश्वसनीय माना। 2016 में शुरू हुए यूपीआई ने 8 साल में देश में पेमेंट का तरीका ही नहीं एहसास भी बदल दिया है।

छोटे कारोबारियों की बचत बढ़ी

यूपीआई के इस्तेमाल की वजह से छोटे कारोबारियों जैसे ठेले-खोमचे वाले, गुमटियों में सामान बेचने वालों की बचत बढ़ी है। यूपीआई पेमेंट की वजह से उनका सारा पैसा सीधे खाते में जाता है, जिससे उनकी बचत और उससे मिलने वाला ब्याज दोनों बढ़े हैं। वहीं, इस सर्वे में करीब 25% लोगों ने यह माना कि यूपीआई इस्तेमाल से उनकी बचत बढ़ी है।

एक नजर

व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

मॉस्को। व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को क्रेमलिन समारोह में छह साल के नए कार्यकाल के लिए शपथ ली। इस शपथ समारोह का यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देशों ने बहिष्कार किया। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं।

सलमान के घर गोलीबारी मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले महीने अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने में शामिल हमलावरों को कथित रूप से वित्तीय मदद देने के मामले में राजस्थान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद रफीक चौधरी (37) के रूप में की गई है। वह गोलीबारी मामले में गिरफ्तार पांचवां आरोपी है। अधिकारी ने कहा कि मामले में पहले ही गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान चौधरी की भूमिका सामने आई। चौधरी ने कथित तौर पर पाल और गुप्ता को मोटरसाइकिल खरीदने और एक घर किराये पर लेने में मदद की थी।

चीनी नागरिकों पर हमले की साजिश अफगानिस्तान में रची गई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में हुए आत्मघाती हमले की साजिश अफगानिस्तान में अफगान नागरिकों ने रची थी जिसमें पांच चीनी मारे गए थे। सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी धरती पर रची गई थी।

दिल्ली में तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थों का उत्पादन करने वाली एक फैक्टरी का भी पता लगाया है। छापेमारी के दौरान उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाला पदार्थ बरामद किया, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के उपायुक्त अमित कौशिक ने कहा, जब्त किए गए पदार्थ से लगभग 700 किलोग्राम प्रभावी पदार्थ अल्प्राजोलम संसाधित किया जा सकता है।

चीन पर नकेल कसने के लिए तैयार भारत, 3 पोत पहुंचे सिंगापुर

भारतीय नौसेना ने की दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की तैनाती, मजबूत होंगे रिश्ते

सिंगापुर, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में चीन पर नकेल कसने के लिए नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन भारतीय नौसेना जहाज सिंगापुर पहुंचे हैं, जो दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है।

बयान में कहा गया कि मौजूदा तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। यह यात्रा कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में पदस्थ भारतीय राजदूत ने तीनों जहाज, नौसेना के जवानों और अधिकारियों का स्वागत किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दो समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है। बयान में मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा तैनाती दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।

वर्तमान में दक्षिण चीन सागर में चीन का दबदबा

वर्तमान में चीन दक्षिण चीन सागर में अपना कब्जा चाहता है। इस वजह से आसपास के अन्य देशों को परेशान करता रहता है। चीन फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों के साथ गतिरोध में शामिल है। दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल पर फिलीपींस अपना दावा जताने की कोशिश कर रहा है और चीन इसका कड़ा विरोध कर रहा है।

सीमा पर तनाव के बीच भारत में तैनात होंगे चीन के राजदूत

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई थी। अब 18 महीने के बाद चीन ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत बनाकर कुछ अलग संकेत दिया है। हालांकि इस बारे में चीन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। यह तय हो गया कि अफगानिस्तान और रोमानिया के पूर्व राजदूत रह चुके फेइहोंग अब भारत में चीन के राजदूत होंगे। बताया जा रहा है कि 60 वर्ष फेइयोंग जल्द ही दिल्ली का दौरा कर सकते हैं। इससे पहले अक्टूबर 2022 में सुन वेईडोंग ने भारत में चीन के राजदूत के रूप में अपना कार्यकाल खत्म किया था। भारत से पहले वेईडोंग पाकिस्तान में चीन के राजदूत रहे हैं।

तकनीकी खामी से टली सुनीता की अंतरिक्ष यात्रा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- नासा ने उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का लिया फैसला

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा टल गई है। दरअसल तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का फैसला किया गया। नासा ने उड़ान की अगली तारीख की घोषणा नहीं की है।

बता दें, सुनीता विलियम्स मंगलवार को तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाली थीं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान से फ्लोरिडा के कैप कॉर्निवाल स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समय के अनुसार, सुबह 8.04 बजे उड़ान भरने वाली थीं। हालांकि उड़ान भरने से 90 मिनट पहले वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष यान के ऑक्सीजन वाल्व में तकनीकी खामी का पता चला, जिसके चलते उड़ान को रोक दिया गया। सुनीता विलियम्स के साथ नासा के वैज्ञानिक बैरी विल्मोर भी बोइंग के अंतरिक्षयान से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले थे। सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 322 दिन बिता चुकी हैं और उनके पास सबसे ज्यादा घंटे तक स्पेसवॉक करने वाली महिला वैज्ञानिक होने का रिकॉर्ड है। विलियम्स पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गईं थी और 22 जून 2007 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। सुनिता विलियम्स ने चार बार रिकॉर्ड 29 घंटे और 17 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। इसके बाद सुनीता विलियम्स 14 जुलाई 2012 को दूसरी बार अंतरिक्षयात्रा पर गईं और 18 नवंबर 2012 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। 59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने बताया कि उड़ान से पहले वह थोड़ी नर्वस थीं, लेकिन साथ ही नए अंतरिक्षयान में उड़ान को लेकर वह उत्साहित भी थीं।

भारी बारिश के कारण बंगाल में नौ लोगों की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सोमवार को आंधी-तूफान के कारण नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पांच पूर्वी बर्धमान और दो-दो पश्चिम मिदनापुर और पुरुलिया के निवासी शामिल हैं। इसके अलावा नादिया में दीवार ढहने से दो लोगों की और दक्षिण 24 परगना में पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी।

चीन के एक अस्पताल में चाकू से हमला, दो की मौत

युन्नान। चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत युन्नान के एक अस्पताल में मंगलवार को चाकू से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। राज्य की मीडिया ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। मीडिया के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हमला जेनक्सिओनग काउंटी के एक स्थानीय अस्पताल में हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल के कई वीडियो सामने आए हैं जिसमें पुलिस पास के वेलनेस सेंटर में एक संदिग्ध को पकड़ती हुई दिख रही है। अधिकारी अधिक जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया संदिग्ध वास्तव में हमलावर है या नहीं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी राज्य मीडिया आउटलेट, द पेपर द्वारा साक्षात्कार में एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थिति को अराजक बताया, जबकि अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे थे।

आसरे की आस...

वाशिंगटन: फीचर फोटोग्राफी में अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में प्रवासी कोलंबिया से पनामा तक डेरियन गैप को पार करते हुए आगे की ओर बढ़ रहे हैं। सोमवार को इस तस्वीर के लिए उगार्टे फर्नांडो लानो, एरिक गे, ग्रेगरी बुल और क्रिश्चियन चावेज को 2024 पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ● एजेंसी

श्रीनगर: पाकिस्तान में बैठे सात आकाओं की संपत्तियां कुर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पाकिस्तान स्थित सात आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क की गईं, पुलिस ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा पारित कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद, पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं की लाखों रुपये की 13 कनाल जमीन कुर्क की गई।

उन्होंने संचालकों की पहचान शेखपोरा के शब्बीर अहमद सोफी, वारिपोरा पाईन के गुलाम नबी अलाई, वारपोरा बाला के गुलाम नबी शेख, रेशीपोरा औथूरा के शरीफ उद दीन चोपन और गुल्ला शेख, सलूसा के मोहम्मद रफीक खान और फ्रास्टर तिलगाम के अब्दुल हमीद परें के रूप में की। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान संपत्ति की पहचान की गई।

प्रज्ज्वल के 25 हजार अश्लील वीडियो बांटे : कुमारस्वामी

बेंगलुरु, एजेंसी

- पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे ने सीएम सिद्धरमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार पर लगाया आरोप

जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने दावा किया है कि उनके भतीजे एवं हासन से पार्टी उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' के वीडियो वाली 25 हजार पेन ड्राइव चुनाव से पहले वितरित की गई थीं।

21 अप्रैल को पूरे राज्य में पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर बांटे गए हैं। कुमारस्वामी ने बताया '21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें नवीन गौड़ा, कार्तिक गौड़ा, चेतन और पुर्ताराजू के खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और 26 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि उस शिकायत को बंद कर दिया गया है। जेडीएस नेता ने कहा कि 'मैं किसी का बचाव नहीं कर रहा और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। फिर चाहे वो कोई भी हो।

राजस्थान में तलवार से घायल कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

जयपुर। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में युवती से तलवार की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ओपियों ने पीड़िता से खींचातानी करने पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसकी दाहिने हाथ की दो उंगलियां कट गईं। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने दुष्कर्म के दो दिन बाद दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। एक आरोपी की पहचान कालू के रूप में हुई है। बांसवाड़ा के पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने कहा कि महिला शादी समारोह से लौट रही थी कालू और उसके दोस्त ने उसे रोका और सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि 19 वर्षीय पीड़िता को उदयपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

विज्ञान कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया रहस्य का खुलासा

शुक्र ग्रह के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में मिली कामयाबी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: पृथ्वी के पड़ोसी ग्रह शुक्र ग्रह के खोए पानी के सागरों की गुत्थी सुलझाने की बड़ी कामयाबी वैज्ञानिको को मिली है। बोल्डर स्थित कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का खुलासा किया है।

इस शोध से साफ हो गया है कि इस ग्रह पर पानी होने की शेष संभावना भी खत्म हो चुकी है। सर्वविदित है, शुक्र (वीनस) हमारे सौर मंडल का सबसे अधिक सुंदर ग्रह नजर आता है। जिसे पृथ्वी से नग्न आंखों से आसानी से देखा जा सकता है। स्याह रातों की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाला यही ग्रह है। कभी इस ग्रह पर पृथ्वी की तरह विशाल समुद्र हुआ करते थे, जो गायब हो गए। जिसकी तलाश में वैज्ञानिक कई दशकों से पता लगाने में जुटे हुए थे, लेकिन इसका पता लगा पाना टेढ़ी खीर बनी रही। मगर अब इस रहस्य का पर्दाफाश हो चुका है। इसकी वजह शुक्र की रासायनिक प्रक्रिया है। जिसका पता कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए हो पाया है। दअरसल शुक्र ग्रह के वायुमंडल में हाइड्रोजन परमाणु विघटनकारी पुनर्संयोजन प्रक्रिया के माध्यम से अंतरिक्ष में घूमते हैं। जिस कारण शुक्र हर दिन बड़ी मात्रा में अपना तरल जल खो देता है। 6 मई को नेचर जर्नल में शोध का निष्कर्ष प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि आकाशगंगा के कई ग्रहों के पानी व रासायनिक प्रक्रिया को समझना होगा। शोधकर्ताओं ने शुक्र ग्रह को एक विशाल रसायन विज्ञान मझने के लिए कंप्यूटर मॉडल का उपयोग किया, और ग्रह के घूमते हुए वातावरण में होने वाली विविध प्रतिक्रियाओं पर जूम किया। जिससे पता चला कि हाइड्रोजन, कार्बन और ऑक्सीजन के एक-एक परमाणु से बना अणु शुक्र ग्रह का पानी निगल गया और शुक्र के सतह का जल वाष्पित होकर आसमान में चला गया।

शुक्र ग्रह के वातावरण की तस्वीर।

अब मंगल ग्रह पर जल की तलाश

शुक्र ग्रह के बाद, अब बारी लालग्रह मंगल के खोए हुए जल का पता लगाने की है। माना जाता है कि पृथ्वी की तरह मंगल में भी समुद्र हुआ करते थे और नदियां बहा करती थी, जिनका जल अब विलुप्त हो चुका है। शुक्र ग्रह के जल का पता लगाने के बाद वैज्ञानिक मंगल ग्रह के जल पता लगाने में जुट गए हैं।

अंतरिक्ष में हथियारों की रोक के प्रस्ताव पर वीटो मुद्दे की चर्चा

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने, सुरक्षा परिषद में हाल ही में, रूस द्वारा उस मसौदे प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की है, जिसमें बाहरी अंतरिक्ष क्षेत्र को हथियारों की नई दौड़ से बाहर रखने की पेशकश की गई थी।

सुरक्षा परिषद में वो प्रस्ताव संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने पेश किया था। इसके समर्थन में 13 वोट पड़े थे और चीन ने मतदान में शिरकत नहीं की थी। उस प्रस्ताव को 60 देशों ने समर्थन दिया था, मगर रूस के वीटो प्रयोग के कारण, वो मसौदा प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। यूएन महासभा के उपाध्यक्ष अहमद फैसल मुहम्मद ने सोमवार को, महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस का संदेश पढ़कर, इस मुद्दे पर चर्चा का आरंभ किया। यूएन महासभा अध्यक्ष के संदेश में चिंता व्यक्त की गई कि बाहरी अंतरिक्ष में विनाश के हथियारों के मुद्दे पर नाकाम रही है।

गाजा के राफा सीमा पर इजराइल का कब्जा

- नेतन्याहू बोले-हमास की आर्थिक क्षमताओं को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल की एक टैंक ब्रिगेड ने मंगलवार को गाजा की महत्वपूर्ण राफा सीमा पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए इजराइल दक्षिणी शहर में घुस गया।

नेतन्याहू ने कहा है कि राफा सीमा पर सेना का नियंत्रण हमास की सैन्य और आर्थिक क्षमताओं को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सीमा क्षेत्र में मानवीय सहायता के लिए मुख्य मार्गों में से एक है। वहीं, रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि अगर बंधक समझौते पर बातचीत विफल रही, तो इजराइल हमले तेज करेगा। संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताते हुए कहा है कि- राफा और गाजा में अन्य मुख्य मार्ग केरेम शालोम के बंद होने से उत्तरी भाग पहले से ही अकाल जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। बता दें कि राफा क्रॉसिंग, दक्षिणी गाजा में मिस्र की सीमा पर है, इजराइल ने 2005 में यहां से सैनिक हटा लिए थे। 6 मई को इजराइली सेना ने चेतावनी देते हुए फिलिस्तीनियों से कहा था, पूर्वी राफा को खाली कर दें। यहां दस लाख से अधिक युद्ध-विस्थापित फिलिस्तीनियों ने शरण लिए हुए हैं। इजराइली सेना ने कहा- राफा में हजारों हमास लड़ाकों और बंधकों को शरण में रखा गया है।

अमेरिका ने इजराइल को गोला-बारूद की सप्लाई रोकी

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला-बारूद की खेप रोक दी है। खेप में मिसाइल सहित कई साजो सामन हैं। इस मामले पर अमेरिकी और इजराइली सरकार कुछ भी बोलने से बच रही है। हालांकि, पिछले सप्ताह अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा कि राफा में सैन्य अभियान का अमेरिका-इजराइल संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।